# हरिभूमि


हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com




05 भारतीय महिला टीम ने श्रीलंका को नौ विकेट से रौंदा, प्रतिका की फिफ्टी




## मन की बात में पहलगाम हमले पर बोले पीएम

# हर भारतीय का खून खौल रहा, पीड़ितों को हर हाल में न्याय मिलेगा, साजिशकर्ताओं को कड़ी सजा दी जाएगी

**नई दिल्ली (भाषा)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पहलगाम आतंकवादी हमले के लिए जिम्मेदार आतंकवादियों और इसकी साजिश में शामिल लोगों को कड़ी से कड़ी सजा दिए जाने का पुनः आश्वासन देते हुए रविवार को कहा कि पीड़ितों को न्याय मिलकर रहेगा। मोदी ने अपने मासिक 'मन की बात' कार्यक्रम में कहा कि हमले की तस्वीरें देखकर हर भारतीय का खून खौल रहा है। आतंकवाद के खिलाफ इस युद्ध में देश की एकता और 140 करोड़ नागरिकों की एकजुटता सबसे बड़ी ताकत है।


**आतंकियों को दी चेतावनी**

साजिशकर्ताओं को कड़ा जवाब दिया जाएगा

देश की एकता सबसे बड़ी ताकत, यही आतंक पर हमारी निर्णायक लड़ाई का आधार

### कायरतापूर्ण वारदात

पीएम ने पाकिस्तान की ओर इशारा करते हुए कहा कि कश्मीर के प्रसिद्ध पर्यटन शहर में किया गया यह हमला आतंकवाद के सरपरस्तों की हताशा एवं कायरता को दर्शाता है। यह हमला ऐसे समय में किया गया जब घाटी में शांति और विद्यालयों एवं महाविद्यालयों में रौनक लौट रही थी, निर्माण कार्य में अभूतपूर्व गति आई थी, लोकतंत्र मजबूत हो रहा था, पर्यटकों की संख्या रिकॉर्ड दर से बढ़ रही थी, लोगों की आय बढ़ रही थी और युवाओं के लिए नए अवसर पैदा हो रहे थे।



### कठोरतम जवाब देंगे

मोदी ने कहा, मुझे एहसास है आतंकवादी हमले की तस्वीरों को देखकर हर भारतीय का खून खौल रहा है। मैं पीड़ित परिवारों को फिर भरोसा देता हूं कि उन्हें न्याय मिलेगा, न्याय मिलकर रहेगा। इस हमले के दोषियों और साजिश रचने वालों को कठोरतम जवाब दिया जाएगा।' हमें देश के सामने आई इस चुनौती का सामना करने के लिए अपने संकल्पों को मजबूत करना है। हमें एक राष्ट्र के रूप में दृढ़ इच्छाशक्ति का प्रदर्शन करना है। आज दुनिया देख रही है कि इस आतंकवादी हमले के बाद पूरा देश एक स्वर में इसके खिलाफ बोल रहा है।'

### हर भारतीय के मन में गहरी संवेदनाएं

'देश के दुश्मनों, को यह रास नहीं आया। आतंकी और आतंकवाद के आका चाहते हैं कि कश्मीर फिर से बर्बाद हो जाए और इसलिए उन्होंने इस साजिश को अंजाम दिया।' कश्मीर में नागरिकों पर हुए इस भीषण आतंकवादी हमले से उनके मन में गहरी पीड़ा है और इस घटना ने देश के हर नागरिक को दुःख पहुंचाया है। पीड़ित परिवारों के लिए हर भारतीय के मन में गहरी संवेदना है।

### दुनिया ने हमले पर दुःख जताया

मोदी ने कहा, भारत के लोगों में जो आक्रोश है, वह आक्रोश पूरी दुनिया में है। इस आतंकवादी हमले के बाद दुनिया-भर से लगातार संवेदनाएं व्यक्त की जा रही हैं। इस कायराना हमले पर दुनिया ने दुख जताया है। मुझे दुनिया के कई नेताओं ने फोन किए हैं, पत्र लिखे हैं, संदेश भेजे हैं। जघन्य तरीके से किए गए इस आतंकवादी हमले की सभी ने कठोर निंदा की है। उन्होंने मृतकों के परिजनों के प्रति संवेदनाएं प्रकट की हैं।' 'आतंकवाद के खिलाफ हमारी लड़ाई में पूरा विश्व 140 करोड़ भारतीयों के साथ खड़ा है। जम्मू-कश्मीर के अनंतनाग जिले में पहलगाम के ऊपरी इलाके में स्थित लोकप्रिय पर्यटन स्थल बैसरन में मंगलवार को आतंकवादियों के हमले में 26 लोग मारे गए थे।

### आईपीएल में आज



राजस्थान रॉयल्स V/S गुजरात टाइटंस
: समय : 7.30 PM
: स्थान : जयपुर

### खबर संक्षेप

#### अश्लील सामग्री मामले में आज होगी सुनवाई

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय सोमवार को उस याचिका पर सुनवाई करेगा जिसमें केंद्र को 'ओवर द टॉप' (ओटीटी) और सोशल मीडिया मंचों पर अश्लील सामग्री के प्रसारण पर रोक लगाने के लिए उचित कदम उठाने का निर्देश देने का अनुरोध किया गया है। याचिका में आग्रह किया गया है कि इन मंचों पर अश्लील सामग्री का प्रसारण प्रतिबंधित करने के लिए राष्ट्रीय सामग्री नियंत्रण प्राधिकरण का गठन करने के दिशा-निर्देश दिए जाने चाहिए। भाषा

#### 3 इडियट्स से चर्चा में आए स्कूल को मिली मान्यता

**नई दिल्ली।** लद्दाख के पहाड़ों में स्थित और 'रैंचो स्कूल' के नाम से मशहूर ड्रुक पद्मा कार्पो स्कूल को आखिरकार अपनी स्थापना के दो दशक से भी ज्यादा समय बाद सीबीएसई से मान्यता मिल गई। कई वर्षों के विलंब और अस्वीकृतियों के बाद यह मान्यता दी गई। वर्ष 2009 में आमिर खान अभिनीत फिल्म '3 इडियट्स' से प्रसिद्धि पाने वाला यह स्कूल अब तक जम्मू-कश्मीर राज्य विद्यालय शिक्षा बोर्ड (जेकेबीओएसई) से संबद्ध था। अब यहां शिक्षण तरीकों से पढ़ाई पर जोर दिया जाएगा। भाषा

#### कनाडा : भीड़ में गाड़ी घुसाने से 11 की मौत

**वैंकूवर।** कनाडा के वैंकूवर शहर में फिलिपिनो समुदाय के विरासत उत्सव के दौरान एक व्यक्ति द्वारा भीड़ में गाड़ी घुसा दिए जाने के कारण उससे कुचलकर 11 लोगों की मौत हो गई, जबकि 20 से ज्यादा घायल हो गए। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। वैंकूवर पुलिस विभाग ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा कि घटना शनिवार रात 8:14 बजे हुई, जब लोग 'लापु लापु' दिवस उत्सव में शामिल होने के लिए एकत्र हुए थे। कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी ने कहा, इस घटना में 11 लोगों की मौत हो गई है।

## पहलगाम हमले को लेकर लगातार एक्शन में सरकार व सेना, एनआईए ने संभाली जांच, जम्मू में केस दर्ज

# विवादित पोस्ट करने पर 7 राज्यों में 28 पकड़े, समय सीमा खत्म, भारत नहीं छोड़ा तो पाकिस्तानियों को 3 साल की जेल

**नई दिल्ली/श्रीनगर (एजेंसी)।** पहलगाम आतंकी हमले को लेकर केंद्र सरकार और सेना लगातार सख्त कार्रवाई कर रही हैं। वहीं, देशभर में लोगों में पाकिस्तान के खिलाफ आक्रोश दिखाई दे रहा है। हमले को लेकर सोशल मीडिया पर विवादित टिप्पणी करने पर 7 राज्यों से 28 लोगों को रविवार को गिरफ्तार किया है। इन सभी गिरफ्तारियों में असम के विपक्षी पार्टी एआईयूडीएफ के विधायक, एक पत्रकार, एक वकील, 2 रिटायर्ड टीचर और 23 छात्र शामिल हैं। सोशल मीडिया पर विवादित पोस्ट करने पर उत्तर प्रदेश, मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, झारखंड, असम, मेघालय और त्रिपुरा में गिरफ्तारियां हुई हैं। सबसे अधिक 16 गिरफ्तारी असम से की गई हैं। इस बीच राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने पहलगाम आतंकी हमला मामले में रविवार को जम्मू में केस दर्ज कर लिया है। वहीं, केंद्र सरकार ने पाकिस्तानी नागरिकों के लिए रविवार शाम नोटिस जारी किया है। इसमें कहा गया है कि जो पाकिस्तानी तय डेडलाइन में भारत नहीं छोड़ता है तो उसे गिरफ्तार कर केस चलाया जाएगा। ऐसे नागरिकों को 3 साल जेल या 3 लाख जुर्माना या फिर दोनों का सामना करना पड़ सकता है। बता दें कि पहलगाम में आतंकियों ने 26 पर्यटकों पर अंधाधुंध गोलियां बरसाकर हत्या कर दी थी।

- सोशल मीडिया पर देश विरोधी टिप्पणी करने के आरोप
- विधायक, वकील, पत्रकार और 23 छात्र शामिल
- सबसे अधिक 16 लोग असम से पकड़े गए
- असम के विधायक पर राजद्रोह का मामला दर्ज

### 537 पाक नागरिकों ने भारत छोड़ा, 850 भारतीय वापस लौटे

**नई दिल्ली।** पिछले चार दिन में नौ राजनयिकों व अधिकारियों समेत 537 पाक नागरिक अटारी-वाघा सीमा चौकी के रास्ते भारत छोड़ पाकिस्तान जा चुके हैं। एक अधिकारी ने कहा कि रविवार को पाकिस्तान के 12 श्रेणियों के अल्पकालिक वीजा धारकों के लिए भारत में रहने की समय सीमा समाप्त होने के मद्देनजर कई और पाकिस्तानियों के स्वदेश लौटने की संभावना है। पंजाब स्थित अंतरराष्ट्रीय सीमा के रास्ते 14 राजनयिकों और अधिकारियों समेत कुल 850 भारतीय नागरिक पाकिस्तान से भारत वापस आ चुके हैं। भारत सरकार ने पाक नागरिकों को भारत छोड़कर जाने का निर्देश दिया था। अधिकारियों के अनुसार, कुछ पाकिस्तानी संभवतः हवाई मार्ग से भी भारत छोड़कर चले गए होंगे। केंद्र सरकार ने चेतावनी है कि अगर कोई पाक नागरिक तय तारीख (डेडलाइन) तक भारत नहीं छोड़ता तो उसे 3 साल की जेल या 3 लाख जुर्माना या दोनों हो सकते हैं। जिनके पास सार्क वीजा था, उनके भारत छोड़ने की डेडलाइन 26 अप्रैल थी। ऐसे पाकिस्तानी नागरिक जो मेडिकल वीजा पर भारत आए हैं, उन्हें 29 अप्रैल तक जाना होगा। भारत के विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने 23 अप्रैल को बताया था कि पाकिस्तानी नागरिकों के 14 कैटेगरी के वीजा रद्द किए जा रहे हैं।



अटारी बॉर्डर पर अपनों को अलविदा कर नम हुई आंखें

### तीन और आतंकियों के घर तोड़े अब तक 10 के खिलाफ कार्रवाई

सुरक्षाबलों ने कश्मीर घाटी में रविवार को तीन और आतंकियों के घर गिरा दिए हैं। पिछले 3 दिनों में सुरक्षाबल अब तक 10 आतंकियों के खिलाफ ऐसी कार्रवाई कर चुके हैं। सेना और जम्मू कश्मीर पुलिस का कहना है कि जब तक आतंकी पकड़े नहीं जाते कार्रवाई जारी रहेगी।

### सीमावर्ती किसानों को 48 घंटे में खेतों से फसल काटने के निर्देश

केंद्र सरकार पाकिस्तान को सबक सिखाने कुछ ठोस करने की रणनीति बना रही है? बीएसएफ ने पंजाब के सीमावर्ती इलाकों में किसानों को 48 घंटे में फसल काटने का निर्देश दिया है। अमृतसर, फिरोजपुर, गुरदासपुर, पठानकोट और फाजिल्का जैसे जिलों के किसानों को निर्देश दिए गए हैं।

## कुपवाड़ा में आतंकवादी हमला सामाजिक कार्यकर्ता की हत्या

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा में आतंकवादियों ने 45 वर्षीय एक सामाजिक कार्यकर्ता की गोली मारकर हत्या कर दी। अधिकारियों ने बताया कि आतंकवादी शनिवार देर रात गुलाम रसूल माग्रे के कंडी खास स्थित घर में घुसे और उन्हें गोली मार दी। माग्रे को अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। आतंकवादियों द्वारा उन्हें निशाना बनाए जाने का कारण अभी स्पष्ट नहीं हो पाया है।

### पाक ने लगातार तीसरी बार तोड़ा सीजफायर

**श्रीनगर।** पाक सैनिकों ने जम्मू-कश्मीर में बिना किसी उकसावे के गोलीबारी कर नियंत्रण रेखा पर संघर्ष विराम का उल्लंघन किया जिसका भारतीय सेना के जवानों ने प्रभावी ढंग से जवाब दिया। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। यह लगातार तीसरी रात थी जब पाकिस्तान ने नियंत्रण रेखा (एलओसी) पर बिना उकसावे के गोलीबारी की।

### किश्तवाड़ में सेना की वर्दी की बिक्री पर रोक

**जम्मू।** किश्तवाड़ में राष्ट्र विरोधी तत्वों द्वारा सेना की वर्दी का दुरुपयोग रोकने के लिए प्रशासन ने सैन्य कपड़ो की बिक्री, सिलाई और भंडारण पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। किश्तवाड़ के उपायुक्त राजेश कुमार शवन ने यह आदेश जारी किया। उन्होंने कहा, विध्वंसक तत्वों द्वारा उत्पन्न यह खतरा सार्वजनिक सुरक्षा, सार्वजनिक शांति, सौहार्द और सुरक्षा के लिए खतरा पैदा कर रहा है।

### पाक बोला-पहलगाम हमले की जांच चीन-रूस करें

**पहलगाम।** पाकिस्तान की मांग है कि पहलगाम हमले की जांच में चीन और रूस को भी शामिल किया जाए। पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने रूसी मीडिया रिया नोवोस्ती को दिए इंटरव्यू में कहा कि इंटरनेशनल टीम जांच करे कि भारत के पीएम मोदी सच बोल रहे हैं या झूठ। आसिफ ने कहा-मुझे लगता है कि रूस, चीन या पश्चिमी देश इस संकट में बहुत ही सकारात्मक रोल निभा सकते हैं। उन्हें एक जांच समिति गठित करनी चाहिए। (पैकेज पेज 8 पर)

## जींद में पांच साल की बेटी और मां के साथ गैंगरेप, मासूम की हत्या

**हत्या के तीन आरोपित पुलिस रिमांड पर, चौथा आरोपित जुनायल, अंबाला बोस्टल जेल भेजा**

**जींद (हरिभूमि न्यूज)।** जींद में एक महिला और उसकी 5 साल की बेटी के साथ गैंगरेप किया गया था। बताया जा रहा है कि इस वारदात में एक नाबालिग समेत 4 लोग शामिल हैं। पुलिस ने चारों को गिरफ्तार कर रिमांड पर लिया है। पुलिस ने आरोपितों को अदालत में पेश किया। जहां से अदालत ने तीनों को एक दिन के रिमांड पर लिया गया है, जबकि चौथा आरोपित जुनायल है। उसे अंबाला बोस्टल जेल भेज दिया गया है। पुलिस जांच में सामने आया कि मां व बेटी के साथ गैंगरेप हुआ था। गैंगरेप के बाद पांच वर्षीय बेटी की हत्या हुई थी। जिसकी पुष्टि पोस्टमार्टम रिपोर्ट में हुई है।



**ये धाराएं जोड़ी :** आरोपितों पर जो तीन तथा पांच बीएनएस, छह पाक्सो भारतीय न्याय सहिता की धाराएं जोड़ी गई हैं। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर शिवा, बीरू, हमीद खान, समेत चार के खिलाफ गैंगरेप हत्या समेत विभिन्न भारतीय न्याय संहिता के तहत मामला दर्ज किया था। जांच में तीन आरोपित बालिग तथा एक आरोपित जुनायल पाया गया।

### 23 अप्रैल को दी शिकायत

एक महिला ने गत 23 अप्रैल को पुलिस को दी शिकायत में बताया था उसके पति का पड़ोसी शिवा के साथ झगड़ा हुआ था। बाद में समझौता भी हो गया। 21 अप्रैल की रात को शिवा अपने चार साथियों के साथ उनकी झोपड़ी पर आया और उसे तथा उसकी 5 वर्षीय बेटी को उठा कर कूड़े के ढेर के पास ले गए। जहां पर चारों ने उसके साथ गैंगरेप किया और उसकी बेटी के साथ भी रेप कर हत्या कर दी। इसके बाद शव को बिना पोस्टमार्टम के ही शमशान घाट में दफना दिया। 24 अप्रैल को शव को निकलवा कर खानपुर पीजीआई में पोस्टमार्टम करवाया गया। इसमें बेटी के साथ भी गैंगरेप का खुलासा हुआ।

## ईरानी बंदरगाह पर ब्लास्ट में अब तक 40 की मौत

**मस्कट (ओमान)।** दक्षिणी ईरान के एक बंदरगाह पर मिसाइल प्रणोदक बनाने में इस्तेमाल होने वाले रासायनिक घटक की खेप से कथित तौर पर जुड़े भीषण विस्फोट में 40 लोगों की मौत हो गई और करीब 1000 लोग घायल हो गए। प्रारंभिक विस्फोट के कुछ घंटों बाद हेलीकॉप्टर आग पर काबू पाने के लिए पानी की बौछार करते नजर आए। शाहिद राजाई बंदरगाह पर यह विस्फोट ऐसे समय हुआ जब ईरान और अमेरिका ने तेहरान के तेजी से बढ़ते परमाणु कार्यक्रम पर तीसरे दौर की वार्ता के लिए ओमान में शनिवार को मुलाकात की थी। ईरान में किसी ने भी यह नहीं कहा कि यह विस्फोट किसी हमले के परिणामस्वरूप हुआ है।

1000 लोग घायल, हेलीकॉप्टर आग पर काबू पाने में जुटे

## नौसेना का पोत विध्वंसक अभ्यास, दागीं मिसाइलें

**नई दिल्ली (भाषा)।** नौसेना के युद्धपोतों ने लंबी दूरी के सटीक हमलों के लिए अपनी तैयारी को प्रदर्शित करते हुए सफलतापूर्वक पोत विध्वंसक अभ्यास किया। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। भारतीय नौसेना ने रविवार को यह जानकारी दी। नौसेना की युद्ध क्षमता का यह प्रदर्शन, पहलगाम आतंकवादी हमले के कारण भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़े तनाव के बीच हुआ है। इस आतंकी हमले में 26 नागरिक मारे गए थे। इस भयावह हमले के तार सीमा पार से जुड़े होने का हवाला देते हुए भारत ने पहले ही इसमें शामिल लोगों को कड़ी सजा देने की बात कही है। हमले से भारत और विदेशों में व्यापक आक्रोश फैल गया है। भारतीय नौसेना के एक अधिकारी ने कहा, ''भारतीय नौसेना के पोतों ने लंबी दूरी के सटीक आक्रामक हमले के लिए मंचों, प्रणालियों और चालक दल की तत्परता को पुनः प्रमाणित करने और प्रदर्शित करने के लिए पोत विध्वंसक अभ्यास सफलतापूर्वक किया। इसमें कहा गया है कि भारतीय नौसेना किसी भी समय, किसी भी स्थान पर, किसी भी तरह से राष्ट्र के समुद्री हितों की रक्षा करने को युद्ध के लिए तैयार है।

## अमेरिका से गैंग ऑपरेट करना चाहता था कुनाल, गिरफ्तार

**बहादुरगढ़ (हरिभूमि न्यूज)।** फर्जी पासपोर्ट के जरिये विदेश भागने वाले मोस्ट वांटेड बदमाश कुनाल जून को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। उसे कजाकिस्तान से डिपोर्ट किया गया था। उसे इंदिरा गांधी एयरपोर्ट से एसटीएफ और झज्जर पुलिस ने रविवार को गिरफ्तार किया है। वह अमेरिका जाकर गैंग ऑपरेट करना चाहता था। उसपर हत्या, हत्या के प्रयास, फिरौती मांगने सहित 15 मुकदमे दर्ज हैं। उसे 6 दिन के रिमांड पर लिया है। डीसीपी आफिस में एसटीएफ के एसपी वसीम अकरम ने बताया कि कुनाल बहादुरगढ़ के नूना माजरा गांव का रहने वाला है।



### 16 साल की उम्र में पहला केस

16 साल की उम्र में इस पर हत्या का पहला केस दर्ज हुआ। रोहतक में गैंगस्टर सुमित प्लोटरा के भाई समेत तिहरे हत्याकांड के आरोप हैं। रोहतक और झज्जर में हत्या, हत्या के प्रयास, आर्म्स एक्ट और फिरौती मांगने जैसे 15 मुकदमे दर्ज हैं। कई मुकदमों में फरार चल रहा था। उसे एक मुकदमे में गिरफ्तार किया गया था, जिसमें उसे जमानत मिल गई। इसके बाद फर्जी पासपोर्ट के आधार पर विदेश भाग गया। नवंबर में कजाकिस्तान के अलमाटी हवाई अड्डे पर उसे उस वक्त पकड़ा गया जब वह यूक्रेन भागने की कोशिश कर रहा था। यूक्रेन से वह अमेरिका जाकर अपना गिरोह चलाने की मंशा में था।

**तैयारी** अब लोग पर्यटकों को अपने घरों में ठहरा सकेंगे

## अब बाहर भी मिल सकेगा घर जैसा 'सुख', प्रदेश में होम स्टे योजना लागू

*एडीसी होंगे जिला स्तरीय कमेटी के अध्यक्ष लोगों को मिलेगा कमाई का जरिया*

**हरिभूमि न्यूज ▶▶। रेवाड़ी**

घर के बाहर भी घर जैसा 'सुख' देने की धारणा के साथ हरियाणा की पर्यटन नीति आगे बढ़ रही है। सरकार की ओर से हरियाणा होम स्टे योजना लागू की गई है, जिसके तहत आमजन रजिस्ट्रेशन करा सकते हैं। इस योजना के तहत हरियाणा के विभिन्न इलाकों में रहने वाले लोग पर्यटकों को अपने यहां ठहरा सकते हैं। रेवाड़ी के डीसी अभिषेक मीणा ने बताया कि होम स्टे का अर्थ है, पर्यटकों को अपने घर में रहने के लिए उचित मूल्य पर व्यावसायिक आधार पर कमरे उपलब्ध कराना। जिन घर के मालिकों व परिवारों के घर में अतिरिक्त जगह है वे इन कमरों को पूर्ण बोर्डिंग के साथ पर्यटकों को निश्चित दरों पर दे सकते हैं। इस प्रकार, पर्यटकों को रहने और खाने के लिए स्वच्छ और किफायती स्थान मिलता है, साथ ही स्थानीय रीति-रिवाजों व व्यंजनों का अतिरिक्त अनुभव मिलता है। योजना से घर के मालिक-परिवार को अपनी आय बढ़ाने और अपने अप्रयुक्त संसाधनों को आर्थिक रूप से लाभकारी उपयोग में लाने में मदद मिलेगी।

### लक्ष्य और उद्देश्य

यह योजना पर्यटन अर्थव्यवस्था को कई लाभ प्रदान करेगी। जैसे रोजगार, बहुमूल्य विदेशी मुद्रा, पारंपरिक कला, शिल्प और कौशल का प्रदर्शन आदि। होम स्टे योजना का उद्देश्य अधिक आवास-कमरे उपलब्ध कराकर बाजार का विस्तार करना है और साथ ही पर्यटकों को ऐसे आवास की पेशकश की कीमत को कम करना है। यह योजना बड़ी संख्या में ऐसे लोगों तक पर्यटन के लाभों के विकेंद्रीकरण को भी बढ़ावा देगी।

### योजना की पात्रता की शर्तें

कोई भी गृहस्वामी योजना के अंतर्गत एक ही स्थान पर अधिकतम 5 पूर्ण स्वामित्व वाले आवास-कमरे पंजीकृत करा सकता है। सभी कमरे एक ही घर में होने चाहिए। सभी पंजीकृत कमरे किराए पर देने के लिए उपलब्ध होने चाहिए। परिवार के कम से कम एक सदस्य को उसी घर में शारीरिक रूप से रहना चाहिए। केवल वे होम स्टे इकाइयां पात्र होंगी जहां इकाई का गृहस्वामी शारीरिक रूप से उसी इकाई में रह रहा हो। होम स्टे इकाई के पास प्राथमिक चिकित्सा किट व अग्निशामक यंत्र होना चाहिए।




## खबर संक्षेप

### विज ने मन की बात कार्यक्रम को सराहा

**चंडीगढ़।** उर्जा, परिवहन एवं श्रम मंत्री अनिल विज ने कहा कि प्रधानमंत्री मन की बात कार्यक्रम में आम जन की भावनाओं को छूते हैं। विज ने कहा कि इस समय सारा देश कश्मीर की घटना को लेकर उज्वलित है और प्रधानमंत्री ने इस घटना के ऊपर अपना स्पष्ट दृष्टिकोण रखा है कि जिनके साथ यह घटना घटी है उनको इंसाफ जरूर दिलाया जाएगा। विज मीडिया कर्मियों के सवालों का जवाब दे रहे थे विज ने कहा कि अगर मोदी कहते हैं तो जरूर इंसाफ दिलाया जाएगा।

### माता मनसा देवी मंडल के पदाधिकारियों का किया अभिनंदन



**पंचकूला।** भाजपा माता मनसा देवी मंडल नवनियुक्त मंडल पदाधिकारियों का स्वागत एवं सम्मान समारोह का आयोजन सेक्टर 17 के सामुदायिक केंद्र में किया गया। जिला प्रधान अजय मित्तल ने नवनियुक्त पदाधिकारियों का स्वागत माला पहना कर किया और मंडल अध्यक्ष प्रमोद वत्स ने अपनी नई टीम को लड्डू खिला कर बधाइयाँ दी। जिला प्रधान अजय मित्तल ने नवनियुक्त पदाधिकारियों को संगठन के कार्यो में जुट जाने का निर्देश देते हुए कहा कि पार्टी के सभी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता भाजपा के मूल मंत्र सेवा ही संगठन के भाव से कार्य करे। अजय मित्तल ने कहा, सत्ता हमारे लिए सुख का साधन नहीं बल्कि सेवा का माध्यम होता है, पार्टी कि गौरवशाली विरासत को आगे बढ़ाना प्रत्येक कार्यकर्ता का पहला कर्त्तव्य होना चाहिए। स्वागत समारोह में मंडल अध्यक्ष प्रमोद वत्स ने संबोधित किया।

## सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास मंत्र को लेकर आगे बढ़ रही सरकार

# युवा शक्ति अपने भीतर छुपे भगवान परशुराम को पहचानें साहस, ज्ञान और सेवा के भाव को जागृत करें : मुख्यमंत्री



चंडीगढ़। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी व अन्य नेताओं का अभिनंदन करते आयोजन समिति के पदाधिकारी।



चंडीगढ़। समारोह में पहुंचे लोगों को संबोधित करते मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी।

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ चंडीगढ़

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने युवाओं से आग्रह किया कि वे अपने भीतर छुपे हुए परशुराम को पहचानें। अपने अंदर के साहस, ज्ञान और सेवा के भाव को जागृत करें, क्योंकि विकसित भारत और विकसित हरियाणा बनाने के लिए ऐसे भाव और आदर्शों की आवश्यकता है। उन्होंने नागरिकों से भी आह्वान किया कि हम सभी अपने जीवन में सत्य, निष्ठा और धर्म को अपनाएं तथा एक ऐसा भारत और हरियाणा बनाएं जो आत्मबल से समृद्ध और आत्मा से पवित्र हो। मुख्यमंत्री भगवान परशुराम जी के जन्मोत्सव पर जिला पंचकूला में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने जन्मोत्सव कार्यक्रम में 31 लाख रुपये की राशि देने की घोषणा की। कार्यक्रम में हरियाणा के कैबिनेट मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा, उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक, राज्यसभा सांसद कार्तिकेय शर्मा, सुरेंद्र नागर, रेखा शर्मा, कालका विधायक शक्ति रानी शर्मा, पूर्व मंत्री विनोद शर्मा और त्रिपुरा के पूर्व मुख्यमंत्री बिप्लब देब भी उपस्थित रहे। मुख्यमंत्री ने भगवान परशुराम के जन्मोत्सव की बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह दिन न केवल हमारे लिए सांस्कृतिक और धार्मिक रूप से एक विशेष पर्व है, बल्कि यह भारत की उस महान सनातन परंपरा का भी प्रतीक है, जो समय- समय पर अधर्म का नाश करके धर्म की पुनः स्थापना करती रही है। भगवान परशुराम जी अधर्म के खिलाफ़ इसी जंग के ध्वज वाहक हैं। उन्होंने कहा कि भगवान परशुराम के दिखाए मार्ग पर चलते हुए सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास के मंत्र को लेकर आगे बढ़ रही सरकार मुख्यमंत्री ने कहा कि आज जब हम विकसित भारत- विकसित हरियाणा बनाने के संकल्प के साथ आगे बढ़ रहे हैं, तब भगवान परशुराम जी के आदर्श और उनके संदेश हमें सही मार्ग पर चलने की प्रेरणा देते हैं।

■ मुख्यमंत्री ने जन्मोत्सव कार्यक्रम में 31 लाख रुपये देने की घोषणा की

उन्होंने जीवनभर अन्याय के विरुद्ध युद्ध किया। उन्होंने केवल समाज हित और धर्म की रक्षा के लिए शस्त्र उठाए। हमारी सरकार भी भगवान परशुराम जी के दिखाए मार्ग पर चलते हुए सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास के मंत्र को लेकर आगे बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार भगवान परशुराम ने शिक्षा के साथ साथ शस्त्र विद्या में भी राष्ट्र को समृद्ध किया है, उसी प्रकार आज हमें भी आधुनिक ज्ञान और तकनीक के साथ-साथ अपनी सांस्कृतिक शक्ति को भी सशक्त करना होगा। हमारी परंपराएं, हमारी भाषा, हमारी संस्कृति ये सब हमारी आत्मा है।

### भगवान दिया गया धर्म की स्थापना का मंत्र आज भी उतना ही प्रासंगिक : सीएम

मुख्यमंत्री ने कहा कि आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व में भारत दुनिया को योग, आयुर्वेद और शांति का मार्ग दिखा रहा है। यह उसी विरासत का परिणाम है, जिसकी नींव भगवान परशुराम जी जैसे ऋषि-मुनियों और महापुरुषों ने रखी थी। भगवान परशुराम जी ने धर्म की स्थापना का जो मंत्र दिया था, वह आज भी उतना ही प्रासंगिक है। उन्होंने कहा कि आज जब हम डिजिटल इंडिया, स्टार्टअप इंडिया, मेक इन इंडिया, आत्मनिर्भर भारत जैसे अभियानों को आगे बढ़ा रहे हैं, तो भगवान परशुराम जी के दृढ़ संकल्प की तरह हम सभी भारत को फिर से विश्व गुरु बनाने का भी प्रण लें। उन्होंने कहा कि युवाओं को भी भगवान परशुराम जी के जीवन से सीख लेनी चाहिए कि यदि आपके पास ज्ञान है, संकल्प है और देशभक्ति है तो आप हर लक्ष्य प्राप्त कर सकते हैं।

### साइक्लोथॉन में नशे के खिलाफ शपथ दिलाई



### प्रदेश को ड्रग फ्री बनाने में सहयोग मांगा

सिरसा। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि विकसित भारत और विकसित हरियाणा के सपने को साकार करने के लिए प्रदेश को नशा मुक्त बनाना अत्यंत आवश्यक है। इसलिए ड्रग फ्री हरियाणा के अभियान में सभी को दलगत राजनीति से ऊपर उठकर एकजुट होकर हरियाणा के युवा को सशक्त और मजबूत बनाना है। उन्होंने संत समाज, खाप पंचायतों, सरपंचों और प्रदेशवासियों से आग्रह किया कि वे इस महाअभियान में सक्रिय भागीदारी निभाएं और नशा मुक्त हरियाणा बनाने की दिशा में अपना महत्वपूर्ण योगदान दें। मुख्यमंत्री ने कहा कि समाज के हर वर्ग का सहयोग नशे के खिलाफ लड़ाई में निर्णायक भूमिका निभा सकता है। सभी मिलकर एक मजबूत और स्वस्थ हरियाणा के निर्माण में सहभागी बनें।श्री नायब सिंह सैनी आज सिरसा में ड्रग फ्री हरियाणा साइक्लोथॉन 2.0 के समापन अवसर पर साइकिल यात्रा को झंडी दिखाकर रवाना करने उपरांत उपस्थित जनसमूह को संबोधित कर रहे थे। साइक्लोथॉन आज शहीद भगत सिंह स्टेडियम के नज़दीक से शुरू होकर सिरसा के अलग अलग इलाके में जायेगी और आज ओढ़ा में इसका समापन होगा।

### प्रदेश में ज्ञान गंगा कोचिंग सेंटर खोले जाएंगे : शर्मा

कार्यक्रम के दौरान राज्यसभा सांसद कार्तिकेय शर्मा ने पूरे प्रदेश में ज्ञान गंगा के नाम से कोचिंग सेंटर खोलने की घोषणा की। इसके माध्यम से समाज की जरूरतमंद छात्रों को देश की बड़ी प्रतियोगी परीक्षाओं की कोचिंग विशेषज्ञों के द्वारा दी जाएगी इसके अलावा पंडित विनोद शर्मा ने भी प्रधानमंत्री राहत कोष में एक करोड़ रुपए देने का ऐलान किया। मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री की कार्यशैली की प्रशंसा करते हुए कहा कि पीएम मोदी ने पहलगाम हमले के बाद दिखाया है कि भारत अब आंखों में आंख डालकर बात करता है और आवश्यकता पड़ने पर मुंहतोड़ जवाब भी देता है। मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम में 31 लाख रुपये देने की घोषणा के साथ-साथ यह भी वादा किया कि राज्यसभा सांसद कार्तिकेय शर्मा भी मांगे उन्हें लिखकर देंगे उनको जल्द से जल्द किया जाएगा।

### पूर्व केंद्रीय मंत्री विनोद शर्मा ने शहीदों की स्मृति में एक करोड़ देने का ऐलान किया

पंडित विनोद शर्मा का बड़ा योगदान कार्यक्रम के दौरान हरियाणा के वरिष्ठ नेता पूर्व केंद्रीय मंत्री पंडित विनोद शर्मा ने एक ऐतिहासिक घोषणा करते हुए प्रधानमंत्री राहत कोष में पहलगाम हमले के शहीदों की स्मृति में एक करोड़ रुपये की सहायता राशि देने का ऐलान किया। उनका यह कदम पूरे आयोजन का केंद्र बिंदु बन गया और समाजसेवा तथा राष्ट्रभक्ति का एक प्रेरणादायी उदाहरण प्रस्तुत किया। पंडित विनोद शर्मा ने कहा कि जब देश पर संकट आता है, तो हर नागरिक का कर्तव्य बनता है कि वह तन-मन-धन से योगदान करे। सांसद कार्तिकेय शर्मा ने कार्यक्रम में शिक्षा क्षेत्र में क्रांति लाने का संकल्प लिया। उन्होंने ज्ञान गंगा नामक एक प्रदेशव्यापी योजना की घोषणा की, जिसके अंतर्गत हरियाणा के विभिन्न जिलों में ब्राह्मण धर्मशालाओं में उच्चस्तरीय लाइब्रेरी और कोचिंग सेंटर स्थापित किए जाएंगे। यहां वंचित और गरीब बच्चों को यूपीएससी, एसएससी व जेईई जैसे राष्ट्रीय स्तर की परीक्षाओं की तैयारी निःशुल्क करवाई जाएगी।

## किसानों का 873 करोड़ का भुगतान अटका : सैलजा



**चंडीगढ़।** सांसद सिरसा सैलजा ने कहा कि हरियाणा के किसानों को अपनी पसीने की कमाई के लिए कई कई सप्ताह इंतज़ार करना पड़ रहा है। सरकार ने 72 घंटे में भुगतान का वादा किया था पर 873 करोड़ की राशि अब भी तक अटकी हुई है। मंडियों में उठान की व्यवस्था चरमरा चुकी है। गेहूं के ढेर मंडियों में सड़ रहे हैं, और भाजपा सरकार मूकदर्शक बनी बैठी है। ट्रांसपोर्ट, श्रमिक और प्रबंधन, हर मोर्चे पर भारी अव्यवस्था व्याप्त है, लेकिन सरकार की संवेदनहीनता बनी हुई है। भाजपा सरकार के शासन में किसान केवल खोखले वादों और झूठी घोषणाओं का बोझ ढोने को विवश हैं। न उन्हें समय पर भुगतान मिला, न सम्मान। गेहूं की फसल का भुगतान न मिलने से किसान परेशान हैं। एक बयान में सैलजा ने कहा है कि गेहूं खरीद को लेकर जो भी वायदे किए थे सारे के सारे धरे रह गए है जबकि खरीद का आधा समय निकल चुका है।

### मंडियों में नहीं मिल रही सुविधाएं

अनाज मंडियों में कोई सुविधा तक दिखाई नहीं दे रही है जबकि सरकार दावे कर अपनी ही पीठ थपथपा रही है, इस सरकार में न तो कोई करने वाला है और न ही कोई सुनने वाला है। 72 घंटें में भुगतान का राग अलापने वाली भाजपा सरकार को पता होना चाहिए कि किसानों का उसकी ओर अभी तक 873 करोड़ रुपया अटका हुआ है। भुगतान के लिए भटक रहे किसान को आर्थिक कठिनाई हो रही है। सरकार ने किसानों को उनकी उपज का भुगतान 72 घंटों के भीतर करने का वादा किया था।

## पे कमीशन की अधिसूचना जारी न होने से रोष : लांबा



**चंडीगढ़।** अखिल भारतीय राज्य सरकारी कर्मचारी महासंघ राष्ट्रीय अध्यक्ष सुभाष लांबा ने घोषणा के तीन महीने से ज्यादा समय बीत जाने के बावजूद आठवें पे कमीशन की अधिसूचना जारी न होने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त की है और अविलंब अधिसूचना जारी करने की मांग की है। उन्होंने कहा कि अधिसूचना जारी न होने से केंद्र एवं राज्य सरकार के करोड़ों कर्मचारियों को भारी आक्रोश है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार की ओर से 16 जनवरी,2025 को आठवें पे कमीशन का गठन करने का ऐलान किया था। उल्लेखनीय है कि आठवें पे कमीशन की सिफारिशों को पहली जनवरी,2026 से लागू किया जाना है। उन्होंने कहा कि तीन महीने से ज्यादा समय बीत जाने के बावजूद अधिसूचना जारी न होने से कर्मचारियों के मन में कई प्रकार की शंकाएं पैदा हो रही है। उन्होंने कहा कि सरकार जल्द अधिसूचना जारी करें

### टर्म ऑफ रेफरेंस को भी मंजूरी नहीं

उन्होंने कहा कि सरकार ने घोषणा करते हुए दावा किया था कि सिफारिशों को पहली जनवरी,2026 से लागू कर दिया जाएगा। लेकिन अभी तक अधिसूचना जारी न होने से ऐसा संभव होता दिखाई नहीं दे रहा है। केन्द्र सरकार ने अभी तक टर्म ऑफ रेफरेंस को भी मंजूरी नहीं दी है। उन्होंने कहा कि सरकार से संसद में इस संबंध में सवाल किया गया था, जिसमें जवाब दिया गया कि आयोग की अधिसूचना, अध्यक्ष और सदस्यों की नियुक्ति पर निर्णय उचित समय पर लिया जाएगा।

## कैथल में सत्संग में धर्म परिवर्तन के आरोप, पुलिस जांच में जुटी



**कैथल।** गदली गांव के ग्रामीणों ने रविवार को एक खाली पड़े गोदाम में आयोजित किए जा सत्संग में धर्म परिवर्तन करवाने के आरोप लगाए हैं। इस संबंध में गांव के लोगों ने गोदाम के मुख्य द्वार पर जमकर हंगामा भी किया। जब वे गोदाम के अंदर दाखिल हुए तो वहां पर सत्संग का पंडाल लगा हुआ मिला। इस बीच जिन लोगों पर ईसाई धर्म का प्रचार करने का आरोप लगा, उनके साथ ग्रामीणों की कहासुनी हो गई। सूचना मिलते ही पुलिस प्रशासन मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित किया।ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि गदली पट्टी खोत में ईसाइयों की ओर से पिछले दो महीने से लोगों का धर्म परिवर्तन करवाया जा रहा है। ये लोग गोदाम के अंदर ही धर्म परिवर्तन का कार्यक्रम कर रहे थे। बाहर इसके बारे में पता नहीं लग रहा था। रविवार को जब बाहर बैनर लगा दिखा तो गांव में सूचना दी।

### बंद करवाने की मांग की

ग्रामीण राजेश, सुदेश कुमार, अमन और रमन ने बताया कि पहले तो यह अंदर चल रहा था, लेकिन अब अचानक गांव में फैल गया। यहां प्रतिदिन 200 से अधिक महिलाएं व पुरुष आते हैं। उन्होंने प्रशासन से मांग की कि इसे जल्द से जल्द इसे हटाया जाए। वहीं, धार्मिक आयोजन करने वाले पास्टर शायरा ने बताया कि वे दो साल से गांव में समय-समय पर ऐसे कार्यक्रम कर रहे हैं।इंस्पेक्टर सत्यवान ने बताया कि सूचना मिलने पर उनकी टीम गांव में पहुंची। लोगों ने धर्म परिवर्तन करवाने की शिकायत दी है। पुलिस ने अंदर देखा तो सत्संग ही चलता पाया गया। शिकायत पर अभी जांच की जा रही है। आगामी कार्यवाही में जो सामने आएगा, उसके अनुसार ही कार्रवाई की जाएगी।

## पीएम के नेतृत्व में नए भारत में आतंकवाद को मुंहतोड़ जवाब देने की ताकत : आरती राव



**चंडीगढ़।** स्वास्थ्य मंत्री आरती राव ने कहा कि दुश्मनों को समझ लेना चाहिए कि भारत अब हर मोर्चे पर आतंकवाद और देशद्रोहियों से निपटने में सक्षम है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत को अपने दुश्मनों को मुंहतोड़ जवाब देना भली भांति आता है। पीएम नरेंद्र मोदी का आतंकवाद को जड़ मूल से मिटा देने का संकल्प है। उन्होंने दोहराया कि देश के गद्दारों और आतंकियों को पनाह देने वालों के ठिकानों को भी जमींदोज कर दिया जाएगा। आतंकवाद को मानवता पर सबसे बड़ा हमला बताते हुए मंत्री आरती राव ने कहा कि मोदी सरकार इस हमले का मुंहतोड़ जवाब देने के लिए पूरी तरह कटिबद्ध है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने वैश्विक मंच पर अपनी ताकत और इच्छाशक्ति का प्रदर्शन किया है। आज भारत सिर्फ प्रतिक्रिया नहीं देता, बल्कि दुश्मन को मुँह तोड़ जवाब भी देता है। जो भी देश की अखंडता और संप्रभुता पर आंख उठाएगा, उसे कठोरतम कार्रवाई का सामना करना पड़ेगा। जनता से आह्वान करते हुए स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि हर देशवासी प्रहरी है।

### पुराने पेड़ों की देखरेख करने वालों को मिल रही नकद राशि

**चंडीगढ़।** राज्य की नायब सैनी सरकार और पूर्व सीएम मनोहरलाल की सोच के कारण अब पुराने पेड़ों की देखरेख के लिए बड़ी संख्या में लोग आगे आने लगे हैं। पेड़ों में बीमारी होने अथवा उनको संरक्षित रखने की स्थिति में बतौर अभिभावक बड़ी संख्या में लोग उनकी देखरेख का जिम्मा उठा रहे हैं। अब पेड़ देखभाल योजना और पेंशन को लेकर लोगों में जागरूकता आने के कारण नए आवेदन देने वालों की सख्या भी कम नहीं है।

### सरकार अंत्योदय उत्थान के लिए कृतसंकल्प : गौतम

**चंडीगढ़।** खेल राज्य मंत्री गौरव गौतम ने कहा कि केंद्र और प्रदेश सरकार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में अंत्योदय उत्थान और गरीब कल्याण के लिए कृतसंकल्प है। सरकार की ओर से गरीबों के जीवन स्तर को ऊंचा उठाने के लिए अंत्योदय योजनाएं तैयार की जा रही हैं। गौतम सैन जयंती समारोह और अखिल भारतीय मैथिली ब्राह्मण महासभा में आयोजित शपथ ग्रहण समारोह में बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे।

# खुफिया विभाग ने महेंद्रगढ़ में ईंट भट्ठे पर काम कर रहे तीन बांग्लादेशी परिवारों को पकड़ा

### परिवारों में तीन पुरुष, चार महिलाएं व सात बच्चे शामिल सभी को थाने ले जाया गया पूछताछ में जुटे अधिकारी





हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़

पहलगाम हादसे के बाद जिला प्रशासन अलर्ट मोड पर है। खुफिया विभाग लगातार सूचना एकत्रित कर आगामी कार्रवाई में जुटा हुआ है। इसी क्रम में जिले के आकोदा गांव में अवैध रूप से रह रहे तीन बांग्लादेशी परिवारों को पकड़ा गया है। तीनों बांग्लादेशी परिवारों के खिलाफ मामला दर्ज कर आगामी कार्रवाई की जाएगी। मिली जानकारी के अनुसार गुप्तचर विभाग व जिला पुलिस को सूचना मिली थी कि गांव अकोदा में पूजा ईट भट्ठा पर कुछ बांग्लादेशी परिवार अवैध रूप से रह रहे हैं। मिली सूचना के आधार पर टीम की ओर से रविवार की देर शाम छापेमारी की गई। छापेमारी के दौरान टीम को तीन परिवार अवैध रूप से रहते हुए पाए गए। जिसमें तीन पुरुष चार महिला व सात बच्चे शामिल थे। इनमें से एक परिवार 2008 तथा दो परिवार वर्ष 2021 से भारत में रह रहे थे तथा मजदूरी करके अपने परिवार का पालन पोषण कर रहे थे। पकड़े गए बांग्लादेशी परिवारों में रसेल अली उम्र 26 वर्ष, सबाना उम्र 22 वर्ष, राहिल्ला उम्र 52 वर्ष, कुरआसिया उम्र 3 वर्ष, रेश्मा उम्र 13 वर्ष, रूकसाना उम्र 10 वर्ष, जुई उम्र 4 वर्ष, अब्दुल सलाम उम्र 50 वर्ष, रिम्मू उम्र 23 वर्ष, रमून अली उम्र 7 माह, सबिना उम्र 8 वर्ष व सादिया उम्र 3 वर्ष अवैध रूप से रहते हुए पाए गए। सभी बांग्लादेशी नागरिकों को आगामी कार्रवाई के लिए सदर थाना महेंद्रगढ़ लाया गया।

### पाक नागरिकों की वापसी जाने की समय सीमा समाप्त

योगेंद्र शर्मा ▶▶ चंडीगढ़

पाक नागरिकों को वापस भेजे जाने के केंद्रीय गृह मंत्रालय के फैसले के बाद से हरियाणा के पुलिस अफसर और खुफिया विभाग भी सक्रिय हो गया है। रविवार को समय सीमा समाप्त होने के साथ ही खुफिया विभाग हरियाणा की टीमें सक्रिय हो गई हैं। अब इसके बाद में कोई भी राज्य में पाया गया, तो कार्रवाई होगी। दर्जनभर वीजा धारकों को तुरंत ही देश छोड़ने के लिए कहा गया था। हालांकि मेडिकल वीजा पर आने वालों के लिए 29 तारीख तय की गई है, इसलिए उनके पास में वापसी करने का दो दिनों का वक्त बाकी बचा हुआ है। जानकारी अनुसार सरकार ने राज्य में रह रहे पाकिस्तानी नागरिकों को केंद्रीय गृह मंत्रालय की हिदायतों के अनुसार शाम को 6 बजे तक देश छोड़ने का अल्टीमेटम दिया था। जिसके बाद में पाक से आए परिवारों ने अटारी वाघा बार्डर का रुख कर लिया था। अब समय सीमा समाप्त होते ही राज्य सरकार ने खुफिया विभाग के अफसरों को इस पर नजर रखने व अब पाए जाने की स्थिति में कार्रवाई के लिए कहा है। कुल मिलाकर जिला पुलिस और खुफिया तंत्र की टीमें अब छापेमारी के लिए तैयार हैं, अधिकांश की नजरें भी एनसीआर के जिलों पर है क्योंकि वहीं दिल्ली के आसपास काफी संख्या में पाक नागरिक रह जाते हैं। फिलहाल एजेंसियां अलर्ट पर है।

#### 460 नामों की लिस्ट सरकार के पास

गृह विभाग और खुफिया तंत्र के पास में इस अभियान की जिम्मेदारी सौंपी है। खास बात यह है कि इन 460 लोगों में से अधिकांश दो से ढाई दशक से यहां हरियाणा में रह रहे हैं। अहम बात यह है कि इनमें अधिकांश हिंदू पाकिस्तानी नागरिक हैं। भारत की नागरिकता के लिए आवेदन किया और उनके आवेदन के बाद में इस पर कोई भी निर्णय नहीं हुआ है। इस तरह के लोगों के ठिकानों के बारे में पहले से ही गृह विभाग के पास में जानकारी है। 27 की शाम 6 बजे के बाद इन स्थानों पर पुलिस कार्रवाई कर सकती है। जिन नागरिकों के पास वैध वीजा नहीं है या जिनका वीजा रद्द हो चुका है, उन्हें सीधे दिल्ली के पाकिस्तानी शरणार्थी कैंप में भेजा जाएगा।

### हाईकोर्ट की सेवानिवृत्त मुख्य न्यायाधीश रितु बाहरी होंगी काउंसिल ऑफ लॉयर्स की पैट्रन-इन-चीफ



**चंडीगढ़।** काउंसिल ऑफ लॉयर्स के लिए रविवार का दिन गर्व और सम्मान से भरा रहा, जब उत्तराखंड हाई कोर्ट की सेवानिवृत्त मुख्य न्यायाधीश एवं पंजाब-हरियाणा हाई कोर्ट की पूर्व कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश जस्टिस रितु बाहरी को पैट्रन-इन-चीफ नियुक्त किया गया। काउंसिल ऑफ चेयरमैन जल्द ही पंजाब हरियाणा हाईकोर्ट में जस्टिस बाहरी के सम्मान में कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।काउंसिल ऑफ लॉयर्स के चेयरमैन एडवोकेट वासु रंजन शांडिल्य एवं अध्यक्ष ईशान भारद्वाज ने जस्टिस रितु बाहरी का हार्दिक आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम के दौरान, काउंसिल के सदस्यों ने वंचित वर्गों के लिए कानूनी सहायता पहलों को सशक्त बनाने पर विस्तार से चर्चा की। जस्टिस बाहरी के मार्गदर्शन और आशीर्वाद से संगठन ने न्याय और सेवा के अपने मिशन को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर एडवोकेट गौतम भारद्वाज, एडवोकेट अनिशा शर्मा, एडवोकेट लक्ष्य गोयल सहित अन्य मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप

### 30 किग्रा चूरापोस्त सहित व्यक्ति काबू

**कैथल।** कैथल के सीवन में पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 30 किलोग्राम चूरापोस्त बरामद किया है। आरोपी इसे मोटरसाइकिल पर लादकर चीका व आसपास के क्षेत्रों में तस्करी करने ले जा रहा था। जांच में पता चला कि बरामद नशीले पदार्थ की कीमत करीब डेढ़ लाख रुपये है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर सीवन थाने में मामला दर्ज कर लिया है।

### सस्ती गाड़ी दिलवाने के नाम पर 10 लाख ठगे

**फतेहाबाद।** सस्ती कीमत पर गाड़ी दिलवाने का झांसा देकर टोहाना के व्यापार से 10 लाख की ठगी होने का मामला सामने आया है। इस मामले में पुलिस ने पीड़ित युवक की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में न्यू गुप्ता कालोनी, टोहाना निवासी वरूण कुमार ने कहा है कि वह टोहाना में रेडीमेड कपड़ों का काम करता है। अप्रैल 2024 में टोहाना में उसकी मुलाकात सबीन पुत्र रसीद निवासी अजीजाबाद जिला पलवल के साथ हुई।

### फायरिंग के बाद मांगी एक करोड़ की रंगदारी

**फरीदाबाद।** बीती रात शहर के दो अलग-अलग इलाकों में बदमाशों ने घरों के बाहर फायरिंग कर दहशत फैला दी। एक मामले में परिवार से 1 करोड़ रुपए की रंगदारी मांगने के बाद गोली चलाई गई, जबकि दूसरे मामले में बिना किसी स्पष्ट कारण के घर पर आकर गाली-गलौज और हवाई फायरिंग की गई। पुलिस वारदातों को लेकर छानबीन कर रही है। न्यू जनता कॉलोनी निवासी पवन कुमार अरोड़ा ने बताया कि वह अपने परिवार के साथ 35 वर्षों से इस इलाके में रह रहे हैं। बीते दिन वह हरिद्वार गए हुए थे। रात लगभग 10 बजे फरीदाबाद लौटते समय उनके फोन पर एक अनजान व्हाट्सएप कॉल आया। कॉल विदेशी नंबर-44 से था। काल आने के बाद परिवार के लोग दहशत में हैं।

# यमुनानगर में बदमाशों व पुलिस के बीच मुठभेड़, दो की टांग पर लगी गोली

## तीसरा बदमाश भागने में कामयाब ▶▶ घायलों का अस्पताल में चल रहा इलाज

- आरोपियों ने लूट की पांच वारदातों का किया खुलासा
- मोबाइल की दुकान से 12 से 13 लाख रुपये के मोबाइल लूटे

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर**





यमुनानगर। यमुनानगर में हुई मुठभेड़ में घायल पड़ा बदमाश और जानकारी देते हुए डीएसपी आशीष चौधरी। फोटो : हरिभूमि

जिले के गांव महलावाली के नजदीक रिंग रोड हाईवे पर बीती रात जिला पुलिस की सीआईए टू पुलिस टीम और बदमाशों के बीच मुठभेड़ हो गई। पुलिस द्वारा की गई जवाबी फायरिंग में दो बदमाशों की टांगों पर गोली लगने से घायल हो गए जबकि तीसरा बदमाश अंधेरे का फायदा उठाकर मौके से भागने में कामयाब हो गया। दोनों घायल बदमाशों का इलाज अस्पताल में चल रहा है। पूछताछ के दौरान आरोपियों ने लूट की पांच वारदातों का खुलासा किया है। डीएसपी आशीष चौधरी ने बताया कि 24 अप्रैल को थाना साढौरा क्षेत्र में हुई लूट व शनिवार रात थाना शहर जगाधरी के क्षेत्र में एक मोबाइल की दुकान से मोबाइलों से भरा बैग छीन कर भागने की वारदात में शामिल बदमाशों की तलाश करते हुए पुलिस को सूचना मिली थी कि थाना सदर जगाधरी में गांव महलावाली के पास बन रहे हाइवे रिंग रोड पर तीन बदमाश हथियारों सहित घूम रहे हैं। इस सूचना पर एक टीम का गठन किया गया। टीम ने तुरंत कार्रवाई करते हुए मौके पर पहुंच कर वहां घूम रहे तीन बदमाशों को रुकने का इशारा किया तो उन्होंने पुलिस पार्टी पर फायर शुरू कर दिए। जवाबी फायरिंग में दो बदमाशों की टांग में गोली लगी है। बाद में आरोपी बदमाशों को मौके पर ही दबोच लिया गया। इसके साथ एक आरोपी मौका से अंधेरे का फायदा उठाकर भाग गया। जिसको तलाश जारी है। आरोपियों से दो अवैध हथियार बरामद किए गए। आरोपियों से मोबाइलों की दुकान से छीने गया मोबाइलों से भरा बैग भी बरामद किया गया। घायल आरोपियों को अस्पताल में दाखिल करवाया गया है।

### इन वारदातों को कबूला

डीएसपी ने बताया कि आरोपियों ने पूछताछ के दौरान 23 अप्रैल की रात को साढौरा में लूट की वारदात के अलावा शनिवार रात थाना शहर जगाधरी के क्षेत्र में एक मोबाइलों की दुकान से मोबाइलों से भरा बैग छीन लिया था। इन वारदातों में शामिल होना कबूला है। इसके अतिरिक्त दिनांक 22 फरवरी को थाना छप्पर क्षेत्र से एक दुकान से गन पॉइंट पर दुकान के गल्ले से नगदी लुट कर भाग गए थे। इसके साथ ही 18 फरवरी को थाना सदर जगाधरी के गांव महलावाली से गैस एजेंसी से गन पॉइंट पर पैसे लूटने तथा आरोपियों ने एक कार में सवार होकर थाना शहर जगाधरी से गन पॉइंट से सब्जी वाले से पैसे लूटने की वारदात को कबूल किया है।



जींद। मृतक के शव का पोस्टमार्टम करवा ले जाते हुए परिजन।

# अमावस्या पर पांडू पिंडारा तीर्थ में डूबने से किशोर की मौत

- परिवार का इकलौता चिराग दादी के साथ आया था पांडू पिंडारा

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद**

गांव पांडू पिंडारा तीर्थ में रविवार को डूबने से किशोर की मौत हो गई। मृतक अपने परिवार का इकलौता चिराग था और दादी के साथ अमावस्या पर स्नान करने आया था। सिविल लाइन थाना पुलिस ने मृतक किशोर के शव का पोस्टमार्टम करा परिजनों को सौंप दिया। गांव मिर्जापुरखेडी सोनीपत निवासी जितेंद्र (17) रविवार को अपनी दादी बीरमति के साथ अमावस्या पर पांडू पिंडारा तीर्थ पर पूजा अर्चना करने आया हुआ था। दोपहर को जितेंद्र रेलिंग के पार तीर्थ में उतर कर नहाने लगा। जबकि उसकी दादी सीढियों पर नहा रही थी। रेलिंग पार जाते ही जितेंद्र तीर्थ की गहराई में समा गया। उसी दौरान तीर्थ पर मौजूद अन्य श्रद्धालुओं की नजर डूब रहे जितेंद्र को बाहर निकाला। बेसुध जितेंद्र को नागरिक अस्पताल लाया गया। जहां पर चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना पाकर सिविल लाइन थाना पुलिस मौके पर पहुंच गई और हालातों का जायजा लिया। मृतक के पिता कृष्ण ने बताया कि जितेंद्र परिवार का इकलौता चिराग था। उसने दसवीं की परीक्षा दी हुई थी। पहले भी वह अपनी दादी के साथ तीर्थ पर आता जाता रहा है। बेटे की मौत ने पूरे परिवार को तोड़ कर रख दिया है। सिविल लाइन थाना प्रभारी विनोद कुमार ने बताया कि युवक रेलिंग पार नहाते समय डूब गया था। जिसे निकाल तुरंत लिया गया लेकिन वह बच नहीं सका।

# ब्लैकमेलिंग कर महिला से ऐंठे 5.5 लाख रुपये

- एडिटिंग के जरिए अश्लील वीडियो में महिला का चेहरा लगाकर ठगी का मामला

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़**

एडिटिंग के जरिये अश्लील वीडियो में महिला का चेहरा लगाकर ब्लैकमेलिंग करने और लाखों रुपये की ठगी करने का मामला सामने आया है। जान से मारने की धमकी भी दी गई। पीड़िता की शिकायत पर साइबर थाना पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। वारदात छारा गांव की एक महिला के साथ हुई है। पीड़िता का कहना है कि कुछ माह पहले उसके पास व्हाट्सएप पर अलग अलग नंबर से मैसेज आए। मैंने वे नंबर डिलीट कर दिए। फिर दूसरे नंबर से मैसेज आने शुरू हो गए। उस व्यक्ति ने मेरे स्टेट्स और डीपी पर लगे फोटो मेरे पास भेजे। मना करने के बाद भी वह नहीं माना। आरोपी ने खुद का नाम मनीष चौधरी बताया और कहा कि वह एक यूट्यूबर है। उसने अपने चैनल का लिंक मेरे पास शेयर किया। मैंने मना किया तो उसने मेरे पास न्यूड वीडियो भेजा। वीडियो देखकर वह दंग रह गई, क्योंकि वीडियो में उसका चेहरा लगा हुआ था। यह देखकर वह डर गई। उसने कहा कि यह वीडियो डिलीट कर दो लेकिन शातिर ने रुपयों की डिमांड की। पीड़िता ने कहा कि डर के चलते वह शातिर के चंगुल में फंस गई। महीनों तक वह उससे ब्लैकमेल कर रुपये मंगवाता रहा। एक बार तो उसने किसी शख्स को कैश लेने भी मेरे पास भेजा। मना करती तो जान से मारने की धमकी देता रहा। मुझ से करीब 5.5 लाख रुपये ऐंठ लिए। अब मुझ से डेढ़ लाख रुपये की और डिमांड कर रहा है। कहता है कि पैसे नहीं देगी तो वीडियो शेयर कर दूंगा।

### लेफ्टिनेंट विनय के परिवार को 50 लाख रुपये व एक सदस्य मिलेगी नौकरी

**नई दिल्ली(ब्यूरो)।** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में आतंकी हमले में मारे गए करनाल निवासी भारतीय नौसेना के लेफ्टिनेंट 26 वर्षीय विनय नरवाल के परिवार को 50 लाख रुपये तथा परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी देने की घोषणा की है। मुख्यमंत्री ने वादा किया है कि विनय नरवाल के माता-पिता परिवार के जिस सदस्य को चाहेंगे, उसे सरकार की नीति के अनुसार नौकरी दी जाएगी। गौरतलब है कि 22 अप्रैल को पहलगाम में निहत्थे पर्यटकों पर आतंकवादियों ने हमला कर दिया था, जिसमें विनय नरवाल की मौत हो गई थी। मुख्यमंत्री सैनी ने आतंकवादियों के इस कायरतापूर्ण कृत की सख्त शब्दों में निंदा की है।

# सेल्समैन ने लिव-इन पार्टनर की हत्या की

## नानी के पास जाकर युवक बोला, मैंने उसे मार डाला

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद**



मृतका सोनिया का फाइल फोटो।

आरोपी ने महिला का मर्डर करके शव को बेड में छिपा दिया

सारन थाना क्षेत्र स्थित जवाहर कॉलोनी में पिछले 10 साल से लिव इन में रहने वाली महिला का सेल्समैन ने मर्डर कर दिया। आरोपी ने महिला का मर्डर करके शव को बेड में छिपा दिया। पड़ोसियों को शव से बदबू न आए इसलिए वह पूरे घर में अगरबत्ती जलाता रहा। युवक ने अपने साथी को मारने के बाद खुद अपनी नानी को जाकर बताया कि उसने महिला का मर्डर दिया है। युवक की नानी ने सारन थाना पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने मकान का ताला तोड़कर बेड से शव को बरामद किया। आरोपी अभी पुलिस की गिरफ्त से बाहर है। जवाहर कॉलोनी में रहने वाली बुजुर्ग सुंदरी देवी ने पुलिस को बताया कि उनके पास उनका नाती जितेंद्र सोनिया नाम की महिला के साथ लिव इन में पिछले 10 साल से रहता था। इन 10 सालों में उनका जितेंद्र से किसी भी तरह का संपर्क नहीं हुआ। यहां तक की जितेंद्र के दो बच्चे है। वह अपने बच्चों से भी संपर्क नहीं रखता था। जितेंद्र की पत्नी पूनम का करीब 12 साल पहले बीमारी की वजह से देहांत हो गया था। उसके बाद से ही जितेंद्र ने अपने बच्चों को भी छोड़ दिया। आरोपी साइकिल पर कपड़े बेचने का काम करता था।


# BANASTHALI VIDYAPITH

(Notified as Deemed to be University Under Section 3 of the UGC Act)

University for women: University with a difference





**B**anasthali Vidyapith, the world's largest fully residential university for women is NAAC 'A++', the second highest ranked women's university in the world having more than 15000 students on its 850-acre campus situated amidst rural setting in Rajasthan, having a distinct educational ideology and offering a variety of programmes from nursery up to doctoral level across a wide spectrum of disciplines to prepare enlightened citizens with strong value-base.

## Programmes offered

**ENGINEERING & TECHNOLOGY**

**B.Tech.*** (Comp. Sc.& Engg./Comp. Sc.-Artificial Intelligence/Electronics & Comm./ Electronics & Instru./Electrical & Electronics/Mechatronics/ IT/Biotech./Chemical Engg./Electronics Engg.-VLSI Design and Technology)
**M.Tech. Integrated*** (Comp. Sc./Mechatronics)*
**M.Tech.** (Artificial Intelligence)
**M.Tech.** (Computer Science/IT)
**M.Tech.** (Robotics & Automation)
**M.Tech.** (VLSI Design)
**M.Tech.** (Remote Sensing)
**M.Tech.** (Biotechnology)
**M.Tech.** (Chemical Engineering)
**Three Year Diploma** (Electronics & Instru./ Electrical & Electronics/Mechatronics )*

**MATHEMATICAL & PHYSICAL SCIENCES**

**B.Sc./B.Sc. Hons./B.Sc. Hons. with Research$** (Phy./Chem./Maths/Comp.Sc./Elect./Stats)
**BCA/BCA Hons./BCA Hons. with Research$**
**B.Sc.** (Data Science)/**B.Sc.** (Data Science) Hons.
**M.Sc.** (Computer Science)
**M.Sc.** (Data Science) | **M.Sc.** (Electronics)
**M.Sc.** (Mathematics/Statistics/Operations Research)
**M.Sc.** (Physics)
**MCA/PGDCA**

**ARCHITECTURE & PLANNING**

**B.Arch.+**

**LAW**

**B.A./BBA/B.Com. LL.B.** (Integrated)
**LL.M.*** (Constitution Law/Criminal Laws & Forensics)

**LIFE SCIENCES**

**B.Sc./B.Sc. Hons./B.Sc. Hons. with Research$** (Chemistry, Zoology, Botany & Microbiology)
**B.Sc./B.Sc. Hons./B.Sc. Hons. with Research$** (Biotechnology)
**B.Pharm.***
**M.Pharm.** (Pharmaceutical Chemistry, Pharmaceutics, Pharmacology)
**M.Sc.** (Chemistry) | **M.Sc.** (Microbiology)
**M.Sc.** (Botany) | **M.Sc.** (Zoology)
**M.Sc.** (Biotechnology) | **M.Sc.** (Bioinformatics)
**M.Sc.** (Applied Microbiology & Biotechnology)

**EARTH SCIENCES**

**B.Sc./B.Sc. Hons./B.Sc. Hons. with Research$** (Geology/Geography)
**M.Sc.** (Geography) | **M.Sc.** (Geology)
**M.Sc.** (Environmental Science)

**MANAGEMENT STUDIES**

**B.Com./B.Com. Hons./B.Com. Hons. with Research$**
**BBA/BBA Hons./BBA Hons. with Research$**
**MBA (Integrated)** | **BSW** | **M.Com.**
**MBA*** (Business Analytics/Entrepreneurship/HR/ Finance/Marketing/Aviation/Public Policy/Banking and Finance Management)

**FINE ARTS**

**M.A.** Music (Vocal/Instru.), Dance (Kathak/Bharatnatyam), Dramatic Art (Theatre), Drawing and Painting

**AVIATION**

**B.Sc./B.Sc. Hons.** (Aviation Science)

**DESIGN**

**B.Des.** (Fashion & Lifestyle Design/Communication Design/Industrial Design)
**M.A.** (Textile Designing) | **M.Des.**

**JOURNALISM & MASS COMMUNICATION**

**B.A./B.A. Hons./B.A. Hons. with Research$** (Journalism and Mass Communication)
**M.A.** (Journalism and Mass Communication)

**HUMANITIES & SOCIAL SCIENCES**

**B.A./B.A. Hons./B.A. Hons. with Research$** (Hindi, Sanskrit, English, Sociology, History, Maths, Statistics, Applied Statistics, Political Sc., Public Adm., Economics, Management, Music, Dance, Drama & Theatre Art, French, Drawing & Painting, Home Science, Textile Designing, Computer Application, Geography, Psychology, German)
**M.A.** (Economics, History, Sociology, Political Sc., Psychology, Geography, Mathematics, Statistics, Operations Research, Hindi, English & Sanskrit)
**Master of Social Work**

**EDUCATION**

**B.A.B.Ed.*/B.Sc.B.Ed.*** (Secondary/Middle)#, **B.Ed., M.Ed.**

**HOME SCIENCE**

**B.Sc./B.Sc. Hons./B.Sc. Hons. with Research$** (Home Science)
**B.Sc./B.Sc. Hons./B.Sc. Hons. with Research$** (Home Science) Food Science & Nutrition
**M.Sc.** (Home Science) (Human Development/Food Science & Nutrition/Clothing & Textile)

**NURSING**

**B.Sc. Nursing***

*Admission to this course shall be based on all India merit-cum-aptitude test.
One year PG Programmes available for 4 years Hons./Hons. with Research Graduates.
**Foreign/NRI Admissions :** A limited number of seats are available for direct admission of Foreign/NRI students in select courses.
**Ph.D. :** Visit the University website for further details of Ph.D. in all Subjects mentioned above.

**$Lateral entry also available**
For queries related to lateral entry call: +91-8946925269

Toll Free 1800-270-5855

Admission 2025-26
Scan to explore for detailed information

+JEE-2 & NATA qualified
#Subject to approval
LAST DATE FOR APPLICATION
**30 April, 2025**

## SCHOOL EDUCATION DIVISION

New admissions shall be made only to classes VI*, IX* & XI Arts/Science(Maths/Bio)/Commerce.
For admission enquiry: +91-9116624101, +91-9352878388
Email: school_admissions@banasthali.in

### Enquiries can be made at

- **For general enquiry:** +91-9352879844, +91-9352879855, +91-9352879866
- **For UG/PG Admissions:**
+91-9116624102 (Engineering & Technology)
+91-9116624103 (Mathematical & Physical Sciences)
+91-9116624104 (Life Science, Aviation, Earth Sc.)
+91-9116624105 (Law & Management Studies)
+91-9352879847 (Humanities, Social Sc., Home Sc.)
+91-9352803156 (Design, Architecture, Fine Arts, Education & Nursing)

Email: ug_admissions@banasthali.in; pg_admissions@banasthali.in

### How to Apply

For each programme a separate application is required through either:
**Option 1 :** Online submission of application at the University's website: **http://www.banasthali.org** or
**Option 2 :** Send a DD for Pre-application fee of Rs. 1000/- in favour of **"Banasthali Vidyapith"** Payable at Banasthali/Jaipur to: **Secretary-Banasthali Vidyapith, P.O. Banasthali Vidyapith-304022 (Raj.)**

Scan to explore

### Scholarships

The Vidyapith provides financial support to the needy students in the form of merit-cum-need scholarships. It also encourages meritorious students by awarding them merit scholarships.

**BANASTHALI VIDYAPITH**
P.O. Banasthali Vidyapith (Raj.) 304022 • Phone : +91-1438228384, +91-1438228990
Mob.: +91-9352879844, +91-9352879855, +91-9352879866 • Email : admissions@banasthali.in
Visit us at http://www.banasthali.org
Connect with us on www.facebook.com/banasthali.org
Connect with us on www.instagram.com/banasthali_vidyapith_official

NAAC 'A++' 3.63
THE WORLD UNIVERSITY RANKINGS 2025
nirf All India Rank
QS UNIVERSITY RANKINGS ASIA

## खबर संक्षेप

### रिलायंस रिटेल के मुनाफे में 29 फीसदी की वृद्धि

**नई दिल्ली।** उद्योगपति मुकेश अंबानी की अगुवाई वाली रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड की खुदरा कारोबार इकाई रिलायंस रिटेल वेंचर लिमिटेड (आरआरवीएल) का शुद्ध लाभ पिछले वित्त वर्ष (2024-25) की जनवरी-मार्च तिमाही में 29.1 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 3,545 करोड़ रुपये रहा है।
इस दौरान कंपनी की सकल आमदनी 15.65 प्रतिशत बढ़कर 88,620 करोड़ रुपये रही।

### विलय के बाद जियोस्टार का राजस्व 10,006 करोड़ पहुंचा

**नई दिल्ली।** रिलायंस के मीडिया कारोबार और वैश्विक मीडिया दिग्गज वॉल्ट डिज्नी के भारतीय कारोबार के विलय के बाद बने संयुक्त उद्यम जियोस्टार ने 774 करोड़ रुपये की कर-पूर्व कमाई के साथ 10,006 करोड़ रुपये का राजस्व दर्ज किया। जियोहॉटस्टार ने पांच सप्ताह के भीतर भुगतान वाले 10 करोड़ उपयोगकर्ताओं का आंकड़ा पार कर लिया।
जियोहॉटस्टार को 14 फरवरी, 2025 को दो प्रमुख ओटीटी (ओवर द टॉप) मंचों- जियोसिनेमा और डिज्नी प्लस हॉटस्टार के विलय के बाद लाया गया था।

### एथर एनर्जी ने बड़े निवेशकों से जुटाए 1340 करोड़ रुपए

**नई दिल्ली।** एथर एनर्जी ने अपना आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) खुलने से पहले एंकर निवेशकों से 1,340 करोड़ रुपये जुटाए हैं। कंपनी 28 अप्रैल को अपना 2,981 करोड़ रुपये का आईपीओ लेकर आ रही है। इसका मूल्य दायरा 304-321 रुपये प्रति शेयर रखा गया है। एथर एनर्जी ने बड़े (एंकर) निवेशकों से 1,340 करोड़ रुपये जुटाए हैं। प्रमुख एंकर निवेशकों में कस्टडी बैंक ऑफ जापान, फ्रैंकलिन टेम्पलटन और अबू धाबी इन्वेस्टमेंट अथॉरिटी शामिल हैं। इस आईपीओ में 2,626 करोड़ रुपये के नए शेयर जारी किए जाएंगे। इसके अलावा प्रवर्तकों की तरफ से 1.1 करोड़ शेयरों की बिक्री पेशकश (ओएफएस) भी शामिल है।

**सूचना**

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

# महिंद्रा एंड महिंद्रा करेगी एसएमएल इसुजु का टेकओवर, 555 करोड़ होंगे निवेश

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

महिंद्रा एंड महिंद्रा ने एसएमएल इसुजु लिमिटेड में 58.96 प्रतिशत हिस्सेदारी खरीदने का ऐलान किया है। महिंद्रा एंड महिंद्रा 650 रुपए प्रति शेयर के हिसाब से 555 करोड़ रुपए खर्च करेगी। इसके अलावा महिंद्रा एंड महिंद्रा, सेबी के नियमों के अनुसार कंपनी के टेकओवर के लिए ओपन ऑफर भी लाएगी। इस डील की जानकारी महिंद्रा एंड महिंद्रा ने सभी के साथ साझा किया है। महिंद्रा एंड महिंद्रा इस डील के तहत एसएमएल के प्रमोटर सुमितो कॉरपोरेशन से 43.96 प्रतिशत हिस्सा खरीदेगी। वहीं, एसएमएल इसुजु लिमिटेड के पब्लिक शेयर होल्डर्स से कंपनी 15 प्रतिशत हिस्सा खरीदेगी।

■ कंपनी 650 रुपए प्रति शेयर के हिसाब से 555 करोड़ रुपए करेगी खर्च

महिंद्रा एंड महिंद्रा को इसके बाद 26 प्रतिशत हिस्सा खरीदना ही होगा। सेबी के नियमों के अनुसार महिंद्रा एंड महिंद्रा को अतिरिक्त 26 प्रतिशत हिस्सेदारी के लिए ओपन ऑफर लाना होगा।

## महिंद्रा ने 58.96 प्रतिशत हिस्सेदारी खरीदने का किया ऐलान

### महिंद्रा के शेयर एक साल में 36 फीसदी चढ़े

शुक्रवार को महिंद्रा एंड महिंद्रा लिमिटेड के शेयर बीएसई में 1.33 प्रतिशत की गिरावट के साथ 2862.20 रुपये के लेवल पर बंद हुआ था। कंपनी के शेयरों की कीमतों में एक साल के दौरान 36 प्रतिशत की तेजी आई है। अब सोमवार यानी कल कंपनी के शेयर फोकस में रहेंगे।




### दिग्गज कंपनी है एसएमएल इसुजु

एसएमएल इसुजु एक स्थापित और लोकप्रिय ब्रांड है। कंपनी की मौजूदगी देश भर में है। एसएमएल इसुजु आईएलसीवी सेगमेंट में एक लीडिंग कंपनी है। बस सेगमेंट में एसएमएल इसुजु की कुल हिस्सेदारी 16 प्रतिशत की है। वित्त वर्ष 2024 के दौरान कंपनी का ऑपरेटिंग रेवन्यू 2196 करोड़ रुपए रहा था। वहीं, इबिडाटा इस दौरान 179 करोड़ रुपए रहा था।

### महिंद्रा की पोजीशन होगी मजबूत

इस प्रस्तावित अधिग्रहण से महिंद्रा एंड महिंद्रा की 3.5 टन कॉमर्शियल सेगमेंट में स्थिति और मजबूत हो जाएगी। मौजूदा समय में महिंद्रा एंड महिंद्रा का इस सेगमेंट में 3 प्रतिशत हिस्सा है। वहीं, 3.5 टन एलसीवी सेगमेंट में महिंद्रा एंड महिंद्रा की हिस्सेदारी 52 प्रतिशत है। महिंद्रा एंड महिंद्रा का कहना है कि इस अधिग्रहण के बाद उनका मार्केट शेयर 6 प्रतिशत हो जाएगा।

## पिछले आठ वर्षों में 18 पीएसयू कंपनियां हुई सूचीबद्ध

# सीपीएसई के आईपीओ निवेशकों को आठ साल में बंपर रिटर्न मिला, मझगांव डॉक सबसे ऊपर

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

पिछले आठ वर्षों में सूचीबद्ध 18 सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनियों में 15 ने बंपर रिटर्न दिया है। इनमें मझगांव डॉक शिपबिल्डर्स सबसे ऊपर है, जिसने निवेशकों को 37 गुना तक अमीर बनाया।

विश्लेषण से पता चलता है कि बीमा कंपनियों को छोड़कर, मई 2017 से सूचीबद्ध सभी केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों (सीपीएसई) ने निवेशकों को सकारात्मक प्रतिफल दिया। इनमें विशेष रूप से पोत परिवहन और रेल क्षेत्रों की कंपनियां सबसे आगे रहीं।

### आईआरसीटीसी ने दिया 1000 प्रतिशत रिटर्न

मझगांव डॉक शिपबिल्डर्स, रेल विकास निगम लिमिटेड (आरवीएनएल), गार्डन रीच शिपबिल्डर्स एंड इंजीनियर्स लिमिटेड और भारतीय रेलवे खानपान और पर्यटन निगम (आईआरसीटीसी) ने आईपीओ निवेशकों को 1,000 प्रतिशत से अधिक का प्रतिफल दिया।




**सार्वजनिक क्षेत्र की 15 कंपनियों ने दिया बंफर रिर्टन**
**डॉक शिपबिल्डर्स ने निवेशकों को 37 गुना अमीर बनाया**
**लाभ देने में पोत और रेल विकास निगम सबसे आगे रहे**

### रेलवे का प्रदर्शन रहा बेहतर




क्षेत्रवार विश्लेषण से पता चलता है कि रेलवे और पोत परिवहन सीपीएसई ने अन्य क्षेत्रों के सीपीएसई से बेहतर प्रदर्शन किया है। मझगांव डॉक 2020 में 145 रुपये के निर्गम मूल्य पर शेयर बाजारों में सूचीबद्ध हुआ था। दिसंबर 2024 में शेयर विभाजन के बावजूद 22 अप्रैल, 2025 को यह 5,510.2 रुपये प्रति शेयर पर कारोबार कर रहा था।

### आईआरसीटीसी बढ़कर 3872 पहुंचा

रेलवे सीपीएसई में, आरवीएनएल ने 1,866 प्रतिशत का प्रतिफल दिया। कंपनी का शेयर 2019 में 19 रुपये के आईपीओ मूल्य से बढ़कर इस समय 373.6 रुपये पर पहुंच गया है। इसी तरह आईआरसीटीसी के शेयर 2019 में 320 रुपये से बढ़कर 3,872.75 रुपये प्रति शेयर पर पहुंच गए।


### एचएएल ने भी दिया अच्छा रिटर्न

रक्षा क्षेत्र के सीपीएसई - हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स (एचएएल) और भारत डायनेमिक्स (बीडीएल) ने आईपीओ निवेशकों को क्रमशः 605 प्रतिशत और 558 प्रतिशत का प्रतिफल दिया।




*इरेडा 458 प्रतिशत चढ़ा : भारतीय नवीकरणीय ऊर्जा विकास एजेंसी (इरेडा) के शेयर 2023 में 32 रुपये के निर्गम मूल्य पर सूचीबद्ध हुए और 458 प्रतिशत बढ़कर 178.6 रुपये प्रति शेयर पर पहुंच गए हैं। हालांकि, इस दौरान न्यू इंडिया एश्योरेंस, लाइफ इंश्योरेंस कॉरपोरेशन और जनरल इंश्योरेंस कॉरपोरेशन (जीआईसी) के शेयरों में गिरावट हुई।*

**कोचीन शिपयार्ड 2017 में हुआ सूचीबद्ध :**



गार्डन रीच शिपबिल्डर्स 2018 में 118 रुपये के निर्गम मूल्य पर शेयर बाजारों में सूचीबद्ध हुआ था। इस समय शेयर की कीमत 1,733.9 रुपये प्रति शेयर है। कोचीन शिपयार्ड 2017 में सूचीबद्ध हुआ था। इसका शेयर 432 रुपये के आईपीओ निर्गम मूल्य से बढ़कर 2,979.7 रुपये पर है। यह प्रतिफल शेयर विभाजन के बावजूद है।

# एआई का मतलब कौशल विकास, नौकरी खत्म होना नहीं: टीसीएस



■ कार्य की प्रकृति को नया आकार देगी

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

प्रमुख सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) कंपनी टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) की कृत्रिम मेधा (एआई) इकाई के वैश्विक प्रमुख अशोक कृष ने कहा कि एआई नई प्रौद्योगिकियों के सृजन को बढ़ावा देगी तथा कार्य की प्रकृति को नया आकार देगी।

कृष ने कहा कि एआई को कौशल परिवर्तन के उत्प्रेरक के रूप में देखा जाना चाहिए, न कि नौकरियों के लिए खतरे के नजरिए से। कृष ने बातचीत में बताया कि एआई केवल एक प्रौद्योगिकी बदलाव नहीं है, बल्कि एक सांस्कृतिक परिवर्तन है जिसके लिए ऐसे कार्यान्वयन के साथ-साथ लोगों के काम करने के तरीके को बदलने की आवश्यकता है। पिछले तीन दशकों में विघटनकारी प्रौद्योगिकियों - मेनफ्रेम से लेकर इंटरनेट, ई-कॉमर्स, डिजिटल और क्लाउड तक की बार-बार लहरें देखी गई हैं। प्रत्येक बदलाव ने भविष्य की संभावनाओं के बारे में आशंकाएं और कभी-कभी 'भयभीत करने वाली' भावनाएं पैदा की हैं। व्यापक रुझान को देखते हुए, उन्होंने कहा कि एआई सिर्फ़ अगला विकास है, जो अंततः अधिक प्रौद्योगिकी के निर्माण की ओर ले जाएगा, क्योंकि यह पूरी प्रक्रिया को सरल बनाता है। कृष ने कहा, "इसलिए मुझे लगता है कि इसे नौकरी घटने के नजरिए से देखना गलत है और यह कौशल विकास का एक अवसर है।"

### काम की प्रकृति भिन्न होगी

कृष ने कहा कि एआई मौजूदा तकनीक का विस्तार करेगा, लेकिन इसके जरिये किए जाने वाले काम की प्रकृति भिन्न होगी।

## सेना के आधुनिकीकरण के लिए दान से संबंधित भ्रामक संदेश प्रसारित

**नई दिल्ली (भाषा)।** रक्षा मंत्रालय ने रविवार को आगाह किया कि व्हाट्सऐप पर एक 'भ्रामक' संदेश प्रसारित किया जा रहा है, जिसमें दावा किया गया है कि सरकार ने भारतीय सेना के आधुनिकीकरण के लिए दान मांगने के उद्देश्य से एक बैंक खाता खोला है। एक बयान में मंत्रालय ने इस संदेश का खंडन किया और लोगों से "सतर्क रहने तथा ऐसे धोखाधड़ी वाले संदेशों का शिकार न होने" का आग्रह किया। बयान में कहा गया, "व्हाट्सऐप पर एक भ्रामक संदेश चल रहा है जिसमें भारतीय सेना के आधुनिकीकरण और युद्ध में घायल या शहीद हुए सैनिकों के लिए एक विशेष बैंक खाते में दान देने की बात कही गई है।" मंत्रालय ने बताया कि प्रसारित किए जा रहे संदेश में इस संबंध में गलत तरीके से "कैबिनेट निर्णय" का हवाला दिया गया है तथा अभिनेता अक्षय कुमार को इस प्रस्ताव का "मुख्य प्रस्तावक" बताया गया है। इसमें कहा गया है, "उक्त संदेश में खाते का विवरण गलत है, जिसके कारण ऑनलाइन दान अस्वीकार हो रहा है।

# व्यापार वार्ता में भारत प्रौद्योगिकी पहुंच पर अमेरिका से बराबरी की मांग कर सकता है

**नई दिल्ली,(भाषा)** भारत प्रस्तावित द्विपक्षीय व्यापार समझौते (बीटीए) के तहत अमेरिका से निर्यात नियंत्रणों में ढील देने तथा ऑस्ट्रेलिया, ब्रिटेन और जापान जैसे प्रमुख अमेरिकी सहयोगियों के समान महत्वपूर्ण प्रौद्योगिकियों तक पहुंच प्रदान करने के लिए कह सकता है। सूत्रों ने यह जानकारी दी। ऑस्ट्रेलिया, ब्रिटेन और जापान जैसे प्रमुख सहयोगियों को अमेरिका इस तरह की सुविधा देता है। भारत प्रस्तावित द्विपक्षीय व्यापार समझौते के तहत अपने लिए भी समान पहुंच की मांग कर सकता है। सूत्रों ने कहा कि भारत दूरसंचार उपकरण, जैव प्रौद्योगिकी, एआई (कृत्रिम बुद्धिमत्ता), दवा, क्वांटम कंप्यूटिंग और सेमीकंडक्टर जैसे क्षेत्रों के लिए ये ढील मांग सकता है। इसके अलावा अमेरिका से निर्यात नियंत्रणों को आसान बनाने के लिए भी कह जाएगा।नई दिल्ली अमेरिका के साथ प्रस्तावित समझौते में कपड़ा, रत्न और वाहन (विशेष रूप से इलेक्ट्रिक वाहन), वाइन, पेट्रोकेमिकल उत्पाद, डेयरी और सेब जैसे कृषि उत्पादों पर शुल्क रियायतें चाहता है।

## नेफेड की बिकवाली जारी रहने से सोयाबीन तिलहन में गिरावट

**नई दिल्ली।** सहकारी संस्था नेफेड द्वारा सोयाबीन की बिकवाली जारी रहने के बीच बीते सप्ताह देश के तेल-तिलहन बाजार में सोयाबीन तिलहन के दाम में गिरावट दर्ज हुई जबकि विदेशों में खाद्यतेलों के दाम मजबूत होने से बाकी सभी तेल-तिलहनों में सुधार देखने को मिला। मंडियों में आवक कम रहने और सुस्त कारोबारी गतिविधियों के बीच मूंगफली तेल-तिलहन के भाव अपरिवर्तित रहे। बाजार सूत्रों ने कहा कि सहकारी संस्था नेफेड की ओर से न्यूनतम समर्थन मूल्य से कमजोर हाजिर दाम पर सोयाबीन की बिकवाली जारी रहने के बीच सोयाबीन तिलहन के भाव गिरावट के साथ बंद हुए। बीते सप्ताह से पहले जिस सोयाबीन डीगम तेल का दाम 1,110-1,115 डॉलर प्रति टन था।

## राशिफल

**मेष** — धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जाने के योग बन रहे हैं। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भाइयों का साथ मिलेगा।

**वृष** — वाणी में मधुरता तो रहेगी, परन्तु मन परेशान रहेगा। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिल सकते हैं।

**मिथुन** — शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। कारोबार में परिश्रम अधिक रहेगा, परन्तु लाभ में कुछ कमी आ सकती है। क्रोध पर नियंत्रण रखें।

**कर्क** — आत्मविश्वास में कमी आएगी। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। कुटुम्ब के बुजुर्ग के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव रहेगा।

**सिंह** — सम्पत्ति में वृद्धि के योग बन रहे हैं। परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। मित्रों का सहयोग मिलेगा। किसी नए कारोबार की शुरुआत करेंगे।

**कन्या** — किसी पुराने मित्र से भेंट हो सकती है। सुस्वादु खानपान में रुचि बढ़ सकती है। कारोबार में परिश्रम अधिक रहेगा। संबंधों में निकटता आएगी।

**तुला** — मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। शैक्षिक एवं शोधादि कार्यों के लिए किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं।

**वृश्चिक** — शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। नौकरी में अफसरों का सहयोग तो मिलेगा, परन्तु कार्यक्षेत्र में वृद्धि हो सकती है।

**धनु** — आत्मविश्वास भी भरपूर रहेगा। घर-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्च बढ़ेंगे। वाणी पर नियंत्रण रखें।

**मकर** — व्यर्थ के क्रोध से बचें। लाभ में वृद्धि होगी। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है। सुखद समाचार मिलेगा।

**कुंभ** — मन अशान्त हो सकता है। संयत रहें। आलस्य भी बढ़ सकता है। सन्तान सुख में वृद्धि होगी। कारोबार में कुछ सुधार होगा।

**मीन** — परिवार की समस्या परेशान कर सकती है। आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति हो सकती है। नौकरी में कोई नई जिम्मेदारी मिल सकती है।

# भारत में मजबूत स्वास्थ्य प्रणाली कभी मत सोचिए कि यह कमजोर

**छत्रपति संभाजीनगर।** केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जे पी नड्डा ने रविवार को कहा कि भारत के पास एक मजबूत स्वास्थ्य प्रणाली है जो बड़ी आबादी की देखभाल करने में सक्षम है और देश अंतरराष्ट्रीय जरूरतों को भी पूरा कर रहा है। वह 'कौशल्यम' प्रयोगशाला का उद्घाटन करने के बाद बोल रहे थे, जो मध्य महाराष्ट्र के छत्रपति संभाजीनगर में हेडगेवार अस्पताल द्वारा शुरू किए गए मेडिकल कॉलेज का एक हिस्सा है। नड्डा ने कहा, ''हमारे पास एक मजबूत स्वास्थ्य प्रणाली है। हमें कभी नहीं सोचना चाहिए कि यह कमजोर है। लोग अक्सर विदेशों में विकास के बारे में बात करते हैं। मैं उनसे वहां की आबादी के बारे में पूछता हूं, जो सिर्फ एक दो करोड़ है। यहां एक जिले में इतने लोग हो सकते हैं। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि भारत विविधता में एकता के लिए जाना जाता है और इस तरह की तुलनाएं ज्यादा महत्व नहीं रखतीं। उन्होंने कहा, ''अगर तुलना की जाए तो यह बूस्टर समेत 220 करोड़ कोविड वैक्सीन खुराक देने पर आधारित होगी। अगर भारत 'कोल्ड चेन' आपूर्ति को बनाए रखते हुए इतने बड़े पैमाने पर टीकाकरण कर सकता है, तो यह बताता है कि हमारी स्वास्थ्य प्रणाली मजबूत है। नड्डा ने कहा कि भारत में हर साल बड़ी संख्या में बच्चे पैदा होते हैं और उन्हें विभिन्न टीके लगाए जाते हैं, जिनका रिकॉर्ड भी रखा जाता है। उन्होंने अधिक डॉक्टर तैयार करने के सरकार के प्रयासों पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने कहा, ''हम वो हैं जो दुनिया को डॉक्टर देते हैं। मेडिकल सीट (एमबीबीएस) की संख्या 50,000 से बढ़कर 1.18 लाख हो गई है, जबकि पीजी सीट 3,000 से बढ़कर 65,000 से अधिक हो गई हैं। उन्होंने इसकी अवधि नहीं बताई।

■ नड्डा बोले, भारत विविधता में एकता के लिए जाना जाता है

# इंटेल में होगी बड़ी छंटनी, हजारों कर्मियों से लिया जा सकता है इस्तीफा


एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

दुनिया की मशहूर चिप बनाने वाली कंपनी इंटेल एक बड़े बदलाव की तैयारी कर रही है। खबर है कि इस हफ्ते इंटेल अपने स्टाफ का 20 फीसदी से ज़्यादा हिस्सा घटाने का ऐलान कर सकती है। कंपनी के नए सीईओ लिप-बू तान, जो पिछले महीने ही पदभार संभाले हैं, मैनेजमेंट को स्लिम बनाने और इंजीनियरिंग पर फोकस बढ़ाने की दिशा में कदम उठा रहे हैं। एनडीटी प्रॉफिट की रिपोर्ट के मुताबिक, कंपनी का ये कदम ब्यूरोक्रेसी कम करने और इंटेल की मूल पहचान, यानी टेक्नोलॉजी और इनोवेशन को फिर से मजबूत करने की कोशिश का हिस्सा है। इससे पहले भी, पिछले साल अगस्त में, इंटेल ने करीब 15,000 कर्मचारियों की छंटनी की थी। 2024 के अंत तक कंपनी के कर्मचारियों की संख्या घटकर 1,08,900 रह गई थी जबकि 2023 में यह 1,24,800 थी।

### कंपनी के शेयरों में आई गिरावट

बावजूद इसके, बाजार ने इस खबर पर पॉजिटिव रिएक्शन दिया है। न्यूयॉर्क स्टॉक एक्सचेंज खुलने से पहले प्री-मार्केट ट्रेडिंग में इंटेल के शेयर 3.5 फीसदी तक उछल गए। हालांकि बीते 12 महीनों में कंपनी के शेयरों में लगभग 43 फीसदी की गिरावट आई है। इंटेल का ये बदलाव उस मुश्किल दौर से निकलने की कोशिश है, जब कंपनी ने अपने प्रतिद्वंद्वियों के मुकाबले बढ़त खो दी थी। खासकर एआई कंप्यूटिंग के मामले में एनवीडिया जैसी कंपनियों ने बाजी मार ली है। लगातार तीन साल से गिरती बिक्री और घाटे ने इंटेल को गहरी मुश्किल में डाल दिया है।

## शब्द पहेली - 5850




**बाएँ से दाए-**
2. पिता की बहन-2
5. कठोर-2
7. खून, रुधिर-2
8. मशरुम, फफूंद-3,2
9. इसे मकड़ी बुनती है-2
10. अपशिष्ट पदार्थ-2
11. धैर्य, संयम-2
13. स्फूर्ति, चंचलता-4
15. ओस, निशाजल-4
17. राशि निर्धारण-5
18. हलकापन-5
20. खालीपन, रिक्तता-4
23. स्नान करवाना-4
26. दंड-2
27. कार्य-2
28. कुर्बानी-2
29. कहानी का लेखक-5
30. प्रतिबिंब-2
31. गाना, नगमा-2
32. मां की मां-2

**ऊपर से नीचे**
1. बंदूक की गोली-4
3. व्याकुलता-4
4. दौरान, मध्य में-5
5. सत्ताधारी-4
6. नरम, अकठोर-4
10. शराब, सुरा-2
12. ईश्वर-2
14. गतिशीलता-5
16. नवीन, नया -2,3
19. उद्योगपति अनिल अंबानी की पत्नी का पूर्व नाम-5
20. प्रतिपूर्त व अनुपुर्त करना (अंग्रेजी-4)
21. मवाद-2
22. नाजुकता-4
23. मना करना-4
24. मैं का बहुवचन -2
25. नाकारा, बेकार-4

**शब्द पहेली -5849 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| का | म | या | ब | ■ | र | ■ | श | ब | न | म |
| ■ | म्मी | ■ | र | फू | च | क्क | र | ■ | र्म | ■ |
| आ | ■ | मा | स | ■ | ना | ■ | मा | ह | ■ | प्र |
| स | ह | ला | ना | ■ | का | ■ | ना | रा | य | ण |
| ■ | थ | ■ | ■ | ■ | र | ■ | ■ | ■ | ज्ञो | ■ |
| ह | क | ब | का | ना | ■ | अ | प | ना | प | न |
| ■ | र | ■ | ■ | ■ | ख | ■ | ■ | ■ | वी | ■ |
| मे | घा | ल | य | ■ | ल | ■ | क | म | त | र |
| घ | ■ | त | म | ■ | ना | ■ | ल | त | ■ | क्षा |
| ■ | यं | ■ | रा | सा | य | नि | क | ■ | कै | ■ |
| म | हा | रा | ज | ■ | क | ■ | ल | म्बो | द | र |





# कोपा डेल रे कप : बार्सिलोना 32वें बार बना चैंपियन, 43वें बार खेला फाइनल मुकाबला

एजेंसी ⏩ सेविले

जूल्स कौंडे के 116वें मिनट में अतिरिक्त समय में किए गए गोल की मदद से बार्सिलोना ने कोपा डेल रे फुटबॉल टूर्नामेंट के रोमांचक फाइनल में अपने चिर प्रतिद्वंद्वी रियल मैड्रिड को 3-2 से हराया। राइट बैक कौंडे ने लुका मोड्रिक के पास पर 116वें मिनट में यह गोल किया जिससे बार्सिलोना रिकॉर्ड 32वां कोपा डेल रे खिताब जीतने में सफल रहा। बार्सिलोना इसके अलावा चैंपियंस लीग और स्पेनिश फुटबॉल लीग ला लिगा का खिताब जीतने की दौड़ में भी बना हुआ है। बार्सिलोना चैंपियंस लीग के सेमीफाइनल के पहले चरण में बुधवार को इंटर मिलान का सामना करेगा। वह ला लिगा में भी रियल मैड्रिड से चार अंक आगे शीर्ष पर काबिज है।

3-2 से रियल मैड्रिड को हराया | 11 बार उपविजेता रही टीम | चैंपियंस लीग और ला लिगा खिताब से एक कदम दूर | 20 बार रियल मैड्रिड चैंपियन | 24 खिताब के साथ बिलबाओ दूसरे स्थान पर




### अतिरिक्त समय में मिली जीत

पेड्रि गोंजालेज ने ला कार्टुजा स्टेडियम में 28वें मिनट में बार्सिलोना को बढ़त दिलाई। रियल मैड्रिड ने दूसरे हाफ में दो गोल करके बढ़त हासिल की। किलियन एमबापे ने 70वें मिनट में फ्री किक पर गोल करके स्कोर बराबर कर दिया। इसके बाद खेल के 77वें मिनट में मिडफील्डर ऑरेलियन टचौमेनी के हेडर से गोल करके स्कोर 2-1 से रियल मैड्रिड के पक्ष में कर दिया। बार्सिलोना की तरफ से फेरान टोरेस ने 84वें मिनट में बराबरी का गोल करके मैच को अतिरिक्त समय तक खींच दिया।

### सत्र में तीसरी जीत

बार्सिलोना ने इस सत्र में रियल मैड्रिड के खिलाफ जो तीन मैच खेले हैं उन सभी में उसे जीत मिली। उसने पिछले साल अक्टूबर में ला लिगा के मैच में रियल मैड्रिड को 4-0 से हराया था। इसके बाद उसने जनवरी में स्पेनिश सुपर कप फाइनल में 5-2 से जीत हासिल की थी।

## एफए कप फाइनल में पहुंचा क्रिस्टल पैलेस

**लंदन।** क्रिस्टल पैलेस ने इस्माइला सा के दो गोल की मदद से शनिवार को वेम्बली स्टेडियम में एस्टन विला को 3-0 से हराकर तीसरी बार एफए कप फुटबॉल टूर्नामेंट के फाइनल में प्रवेश किया। क्रिस्टल पैलेस इससे पहले 1990 और 2016 में इस टूर्नामेंट के फाइनल में पहुंचा था लेकिन दोनों अवसरों पर उसे मैनचेस्टर युनाइटेड ने हरा दिया था। इस्माइला सा की मदद से खेल के 31वें मिनट में एबेरेची एजे ने गोल करके क्रिस्टल पैलेस से को शुरुआती बढ़त दिलाई। इसके बाद उन्होंने 58वें और फिर स्टॉपेज टाइम के चौथे मिनट में गोल करके अपनी टीम की बड़ी जीत सुनिश्चित की। क्रिस्टल पैलेस 17 मई को होने वाले फाइनल में मैनचेस्टर सिटी या नॉटिंघम फ़ॉरेस्ट से भिड़ेगा।

## रोनाल्डो ने दागा टूर्नामेंट का अपना 8वां गोल



**जेद्दा।** क्रिस्टियानो रोनाल्डो की अगुआई में सऊदी अरब की टीम अल-नसर ने एएफसी चैंपियंस लीग एलीट के क्वार्टर फाइनल में जापान के योकोहामा एफ मैरिनोस को 4-1 से शिकस्त दी। चालीस साल के रोनाल्डो ने मैच के 38वें मिनट में टूर्नामेंट का अपना आठवां गोल किया। मौजूदा सत्र में यह उनका 33वां गोल है। इससे पहले एस्टन विला से 100 मिलियन डॉलर से अधिक में इस साल जनवरी में अनुबंधित हुए जॉन डुरान ने 27वें मिनट में गोल कर अल-नसर का खाता खोला जबकि सादियो माने ने इसके चार मिनट के बाद टीम की बढ़त को दोगुना कर दिया। डूरान ने दूसरे हाफ (49वां मिनट) में अपना दूसरा गोल कर टीम को 4-0 की बढ़त दिला दी। एंडरसन लोपेस ने पांच बार की चैंपियन जापान की टीम के लिए सांत्वना गोल किया।

### आईपीएल पाइंट टेबल

| टीम | मैच | जीते | हारे | अंक |
|---|---|---|---|---|
| बेंगलुरु | 10 | 7 | 3 | 14 |
| गुजरात | 8 | 6 | 2 | 12 |
| मुंबई | 10 | 6 | 4 | 12 |
| दिल्ली | 9 | 6 | 3 | 12 |
| पंजाब | 9 | 5 | 3 | 11 |
| लखनऊ | 10 | 5 | 5 | 10 |
| कोलकाता | 9 | 3 | 5 | 7 |
| हैदराबाद | 9 | 3 | 6 | 6 |
| राजस्थान | 9 | 2 | 7 | 4 |
| चेन्नई | 9 | 2 | 7 | 4 |

ऑरेंज कैप



सूर्यकुमार
427 रन
मुंबई

पर्पल कैप



जोश हेजलवुड
17 विकेट
बेंगलुरु

## आईपीएल : 10 मैच में 12 अंक लेकर नंबर 2 बनी इंडियंस

# मुंबई की लगातार पांचवीं जीत, बुमराह का 'चौका', रिकलटन और सूर्या के अर्धशतक

एजेंसी ⏩ मुंबई

मुंबई इंडियंस रविवार को इंडियन प्रीमियर लीग मैच में लखनऊ सुपर जायंट्स को 54 रन से हराकर लगातार पांचवीं जीत से तालिका में दूसरे स्थान पर पहुंच गई। आईपीएल में हमेशा की तरह धीमी शुरुआत के बाद लय पकड़ने वाली मुंबई इंडियंस 10 मैच में 12 अंक लेकर गुजरात टाइटन्स (12 अंक) से नीचे बनी हुई है। एलएसजी 10 अंक से छठे स्थान पर है।

मुंबई ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 7 विकेट पर 215 रन बनाए। जवाब में लखनऊ की टीम 161 रन ही बना सकी। विकेटकीपर बल्लेबाज रेयान रिकलटन (58 रन) और सूर्यकुमार यादव (54 रन) के अर्धशतकों के बाद तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह (चार विकेट) की अगुआई में शानदार गेंदबाजी की।




### स्कोर बोर्ड

| मुंबई इंडियंस | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| रिकलटन का बदोनी बो राठी | 58 | 32 | 6 | 4 |
| रोहित का प्रिंस बो मयंक | 12 | 05 | 0 | 2 |
| विल जैक्स बो प्रिंस यादव | 29 | 21 | 3 | 1 |
| सूर्यकुमार का मार्श बो आवेश | 54 | 28 | 4 | 4 |
| तिलक का प्रिंस बो बिश्नोई | 06 | 05 | 1 | 0 |
| हार्दिक पंड्या बो मयंक | 05 | 07 | 0 | 0 |
| नमन धीर नाबाद | 25 | 11 | 2 | 2 |
| बॉश का पूरन बो आवेश | 20 | 10 | 2 | 1 |
| दीपक चाहर नाबाद | 01 | 01 | 0 | 0 |

अतिरिक्त : 05, कुल : 20 ओवर में 215/7
गेंदबाजी : मयंक 4-0-40-2, प्रिंस 4-0-44-1, राठी 4-0-48-1, बिश्नोई 4-0-41-1, आवेश 4-0-42-2

| लखनऊ सुपर जायंट्स | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| मार्श का तिलक बो बोल्ट | 34 | 24 | 3 | 2 |
| मारक्रम का नमन बो बुमराह | 09 | 11 | 2 | 0 |
| पूरन का सूर्यकुमार बो जैक्स | 27 | 15 | 1 | 3 |
| पंत का कर्ण बो जैक्स | 04 | 02 | 1 | 0 |
| बदोनी का जैक्स बो बोल्ट | 35 | 22 | 2 | 2 |
| मिलर का बॉश बो बुमराह | 24 | 16 | 3 | 0 |
| अब्दुल समद बो बुमराह | 02 | 04 | 0 | 0 |
| रवि बिश्नोई बो बॉश | 13 | 14 | 0 | 2 |
| आवेश खान बो बुमराह | 00 | 01 | 0 | 0 |
| प्रिंस यादव नाबाद | 04 | 09 | 0 | 0 |
| दिग्वेश राठी बो बोल्ट | 01 | 03 | 0 | 0 |

अतिरिक्त : 08, कुल : 20 ओवर में 161/10
गेंदबाजी : बोल्ट 4-0-20-3, चाहर 3-0-38-0, बुमराह 4-0-22-4, जैक्स 2-0-18-2, कर्ण शर्मा 2-0-25-0, पंड्या 1-0-10-0, बॉश 4-0-26-1

### सूर्या के 4 हजार रन पूरे

सूर्यकुमार यादव ने आईपीएल में सबसे तेज 4 हजार रन पूरे कर लिए हैं। एबी डिविलियर्स और क्रिस गेल के बाद सूर्या ने सबसे कम गेंदों में ऐसा कारनामा किया है। गेल ने 4 हजार रन पूरे करने के लिए 2653 गेंदों का सामना किया था, जबकि डिविलियर्स ने 2658 गेंदों का सामना किया था। वहीं, सूर्या ने इसे करने के लिए 2705 गेंदों का सामना किया है।

### ऑरेंज कप पर सूर्या का कब्जा

ऑरेंज कप यानी आईपीएल में सबसे ज्यादा रन बनाने के मामले में सूर्यकुमार यादव अब सबसे आगे निकल गए हैं। उन्होंने साई सुदर्शन को पीछे छोड़ दिया है। 10 मैच में सूर्या के बल्ले से अबतक 427 रन निकले हैं, जबकि 8 पारियों में साई ने 417 रन बनाए हैं। वहीं तीसरे नंबर पर विराट कोहली हैं जो 9 मैच में 392 रन बनाए हैं।




क्रुणाल और कोहली ने सेंचुरी पार्टनरशिप की

बेंगलुरु टॉप पर, भुवनेश्वर को 3 विकेट

# बेंगलुरु ने दिल्ली को छह विकेट से हराया

एजेंसी ⏩ नई दिल्ली

अपने मैदान पर खेल रहे विराट कोहली और क्रुणाल पंड्या के बीच चौथे विकेट के लिये 84 गेंद में 119 रन की साझेदारी के दम पर रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू आईपीएल के मैच में रविवार को दिल्ली कैपिटल्स को छह विकेट से हराकर अंकतालिका में शीर्ष स्थान पर पहुंच गया। जीत के लिये 163 रन के लक्ष्य के जवाब में आरसीबी ने एक समय 26 रन पर तीन विकेट गंवाने के बाद 18.3 ओवर में चार विकेट पर 165 रन बनाये। आरसीबी अपने मैदान से बाहर लगातार छह मैच जीतने वाली आईपीएल के इतिहास में पहली टीम बन गई। खचाखच भरे अरूण जेटली स्टेडियम पर 'कोहली कोहली' के शोर के बीच विराट ने पारी के सूत्रधार की भूमिका निभाते हुए 47 गेंद में चार चौकों की मदद से 51 रन बनाये जबकि क्रुणाल ने 47 गेंद में नाबाद 73 रन बनाये जिसमें पांच चौके और चार छक्के शामिल थे। दिल्ली के गेंदबाज कुछ खास नहीं कर सके और खराब फील्डिंग तथा कैच टपकाने का भी उसे खामियाजा भुगतना पड़ा। आरसीबी को आखिरी दो ओवर में 17 रन चाहिये थे और ऐसे में मिचेल स्टार्क की जगह मुकेश कुमार से 19वां ओवर कराना भी हैरानी भरा रहा। टिम डेविड ने तीन गेंदों पर ही खेल समाप्त कर दिया। इस जीत के बाद आरसीबी 10 मैचों में 14 अंक लेकर शीर्ष पर पहुंच गई है।

## खबर संक्षेप

### प्रभसिमरन इस सत्र में अधिक परिपक्व

**कोलकाता।** जाब किंग्स के स्पिन गेंदबाजी कोच सुनील जोशी का मानना है कि सलामी बल्लेबाज प्रभसिमरन सिंह इंडियन प्रीमियर लीग के मौजूदा सत्र ने अधिक



परिपक्वता दिखा रहे हैं तथा टीम प्रबंधन में उन पर जो भरोसा दिखाया है उस पर खरा उतर रहे हैं। पंजाब के अनुभवी बल्लेबाज प्रभसिमरन ने कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ शनिवार को यहां खेले गए मैच में शुरू में सतर्कता बरतने के बाद 49 गेंद पर 83 रन की आकर्षक पारी खेली जिससे पंजाब ने चार विकेट पर 201 रन का मजबूत स्कोर बनाया। बारिश के कारण हालांकि यह मैच धुल गया।

### आक्रामक गेंदबाजी से उनका भी दिन बन जाएगा

**नई दिल्ली।** मुंबई इंडियंस के स्टार तेज गेंदबाज ट्रेंट बोल्ट का मानना है कि इंडियन प्रीमियर लीग में बल्लेबाज पावर-हिटिंग को एक अलग स्तर पर ले जाते हैं, लेकिन



अगर गेंदबाज सटीकता से समझौता किए बिना आक्रामक बने रहने पर ध्यान केंद्रित करते हैं तो उनका भी दिन बन जाएगा। बोल्ट ने कहा कि टी20 क्रिकेट बल्लेबाजों द्वारा बड़े शॉट लगाने के तरीके खोजने के साथ विकसित हुआ है, लेकिन इससे गेंदबाजों को भी विकेट लेने का मौका मिलता है। न्यूजीलैंड के इस तेज गेंदबाज ने कहा कि डेथ ओवरों में गेंदबाजी करना एक बड़ी चुनौती बन गई है।

### टीसीएस वर्ल्ड 10के में शीर्ष पर रहे सारा और जोशुआ

**बेंगलुरु।** सारा चेलंगट और जोशुआ चेप्टेगी ने रविवार को यहां आयोजित टीसीएस वर्ल्ड 10के दौड़ में क्रमशः महिला और पुरुष वर्ग में शीर्ष स्थान हासिल किए। विश्व एथलेटिक्स के 'गोल्ड लेबल रोड रेस' के दोनों वर्गों में इस तरह युगांडा के धावकों का दबदबा रहा। सारा और चेप्टेगी अपने देश के पहले एथलीट हैं, जिन्होंने टीसीएस वर्ल्ड 10के खिताब के साथ-साथ 26,000 डॉलर का पुरस्कार भी जीते हैं।

सुदीरमन कप

# भारत पहले मुकाबले में डेनमार्क से 1-4 से हारा




एजेंसी ⏩ शियामेन

पीवी सिंधु और एचएस प्रणय जैसे अनुभवी खिलाड़ियों की हार के झटके से उबरने में नाकाम रही भारतीय टीम को बीडब्ल्यूएफ सुदीरमन कप फाइनल्स में ग्रुप डी के अपने पहले मैच में रविवार को यहां डेनमार्क के खिलाफ 1-4 से करारी शिकस्त का सामना करना पड़ा।

इंडोनेशिया और इंग्लैंड के साथ एक कठिन ग्रुप में रखे गए भारत को अपनी क्वालिफिकेशन उम्मीदों को जीवित रखने के लिए मजबूत शुरुआत की जरूरत थी लेकिन टीम ऐसा करने में विफल रही। डेनमार्क ने पांच मैचों के मुकाबले के पहले तीन मैच जीतकर 3-0 की अजेय बढ़त हासिल कर ली। तनिषा क्रास्टो और ध्रुव कपिला की मिश्रित युगल जोड़ी ने भारतीय अभियान की शुरुआत की, लेकिनजेस्पर टोफ्ट और अमाली मैगेलुंड की दुनिया की सातवें नंबर की जोड़ी से 13-21, 14-21 से हार गई। प्रणय इसके बाद दुनिया के तीसरे नंबर के खिलाड़ी एंडर्स एंटोनसेन को कड़ी टक्कर नहीं दे सके। उन्हें सीधे गेम में 15-21, 16-21 से हार का सामना करना पड़ा। मुकाबले में भारत को बनाये रखने की जिम्मेदारी अब हरिहरन अम्सकरुणन और रुबन कुमार रेथिनासाबापति की अनुभवहीन भारतीय पुरुष युगल जोड़ी पर थी लेकिन यह मुकाबला पूरी तरह एकतरफा साबित हुआ।

### सिंधू फार्म में नहीं, वापसी में फेल



चोट से वापसी के बाद खराब लय से गुजर रही विश्व रैंकिंग में 18वें स्थान पर काबिज सिंधू दोनों गेम में 20-16 और 19-12 की बड़ी बढ़त को भुनाने में नाकाम रही। इस साल पांच टूर्नामेंटों में सिर्फ तीन जीत दर्ज करने वाली सिंधू को लाइन होजमार्क केजेर्सफेल्ड ने 22-20, 23-21 से शिकस्त दी। तनीषा क्रास्टो और श्रुति मिश्रा ने महिला युगल में जीत हासिल करके भारत के लिए कुछ सम्मान बचाया। भारतीय जोड़ी ने निचली रैंकिंग वाली डेनमार्क की जोड़ी नतास्जा पी. एंथनीसन और एलेक्जेंड्रा बोजे को हराया। भारत का अगला मुकाबला 29 अप्रैल को इंडोनेशिया की मजबूत टीम से होगा।

### भारत के 14 मुक्केबाज एशियन चैंपियनशिप के फाइनल में पहुंचे

**अम्मान।** भारत के 14 मुक्केबाज यहां चल रही एशियाई अंडर-15 और अंडर-17 मुक्केबाजी चैंपियनशिप के फाइनल में पहुंच गए। अंडर-15 वर्ग के सेमीफाइनल में भाग ले रही भारत की 12 मुक्केबाजों में से 10 ने शनिवार को प्रतियोगिता के आठवें दिन अपने-अपने मुकाबले जीतकर फाइनल में प्रवेश किया। कोमल (30-33 किग्रा), नव्या (58 किग्रा) और सुनैना (61 किग्रा) ने आरएससी (रेफरी द्वारा मुकाबला रोकना) में जीत हासिल की, जबकि खुशी अहलावत (35 किग्रा), तमन्ना (37 किग्रा), प्रिंसी (52 किग्रा) और तृषाना मोहिते (67 किग्रा) ने भी दमदार जीत दर्ज की। मिल्की मीनम (43 किग्रा) को जीत के लिए थोड़ा संघर्ष करना पड़ा। उन्होंने अपनी प्रतिद्वंद्वी को 3-2 से हराया। स्वी (40 किग्रा) और वंशिका (70 किग्रा से अधिक) को सेमीफाइनल में बाई मिली थी। पुरुषों की अंडर-15 प्रतियोगिता में संस्कार विनोद (35 किग्रा) किर्गिस्तान के आर्सेन जोरोबेव पर आरएससी की जीत के साथ खिताबी मुकाबले में जगह पक्की करने वाले पहले खिलाड़ी बने। उनके अलावा रुद्राक्ष सिंह खैदेम (46 किग्रा), अभिजीत (61 किग्रा) और लक्ष्य फोगाट (64 किग्रा) ने भी फाइनल में जगह बनाई।

# भारतीय महिला टीम ने श्रीलंका को नौ विकेट से रौंदा, प्रतिका की फिफ्टी

एजेंसी ⏩ कोलंबो



सलामी बल्लेबाज प्रतिका रावल के शानदार नाबाद अर्धशतक से पहले स्पिनर श्री चरणी की बेहतरीन गेंदबाजी से भारत ने रविवार को यहां महिला त्रिकोणीय श्रृंखला के वर्षा बाधित पहले एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैच में श्रीलंका को नौ विकेट से हराया।

बारिश के कारण मैच शुरू होने में तीन का घंटे का विलंब हुआ और इसे 39 ओवर का कर दिया गया। भारत ने श्रीलंका की पारी को 38.1 ओवर में 147 रन पर समेट दिया। ऑफ स्पिनर राणा और बाएं हाथ के स्पिनर चरणी ने आठ-आठ ओवर के अपने कोटे को पूरा करते हुए क्रमशः 31 रन पर तीन और 26 रन पर दो विकेट चटकाए। अनुभवी ऑफ स्पिनर दीप्ति शर्मा ने भी 5.1 ओवर में 22 रन देकर दो विकेट चटकाए। भारत ने 29.4 ओवर में एक विकेट के नुकसान पर आसानी से इस लक्ष्य को हासिल कर लिया। अनुभवी स्मृति मंधाना (43) ने टीम को तेज शुरुआत दिलायी जिसके बाद प्रतिका (नाबाद 50) और हरलीन देओल (नाबाद 48) ने 95 रन की अटूट साझेदारी कर टीम को जीत दिला दी। भारत का अगला मुकाबला 29 अप्रैल को दक्षिण अफ्रीका से होगा।

### अभिनव निशानेबाजी में जीते तीन स्वर्ण पदक

**नई दिल्ली।** युवा अभिनव शॉ ने रविवार को कुमार सुरेंद्र सिंह मेमोरियल निशानेबाजी चैंपियनशिप में 10 मीटर एयर राइफल मिश्रित टीम स्पर्धा में सीनियर, जूनियर और युवा वर्ग में स्वर्ण पदक जीतकर शानदार प्रदर्शन किया। अभिनव ने सीनियर 10 मीटर एयर राइफल मिश्रित टीम फाइनल में मेहुली घोष के साथ मिलकर रेलवे की मेघना सज्जनार और शाहू तुषार माने की जोड़ी को 16-4 से हराया।जूनियर स्पर्धा के स्वर्ण पदक मैच में अभिनव ने स्वाति चौधरी के साथ मिलकर पश्चिम बंगाल को दिन का दूसरा स्वर्ण पदक दिलाया। उन्होंने महाराष्ट्र की शम्भवी क्षीरसागर और पार्थ राकेश माने को 16-12 से हराया। अभिनव ने युवा वर्ग में संद्रता रॉय के साथ स्वर्णिम हैट्रिक पूरी की। इस जोड़ी ने मध्य प्रदेश की निखिल पुंडीर और गौतमी भनोट की जोड़ी को 17-5 से हराया।

## टी-20 मैच में राजस्थान रॉयल्स से मुकाबला शाम 7.30 बजे

# आज जीत से प्लेऑफ के करीब पहुंचेगा गुजरात

एजेंसी ⏩ जयपुर

शानदार फॉर्म में चल रही गुजरात टाइटंस की टीम सोमवार को यहां इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) टी20 मैच में राजस्थान रॉयल्स से भिड़ेगी तो उसका लक्ष्य शीर्ष स्थान पर अपनी पकड़ मजबूत करने के साथ प्लेऑफ में जगह पक्की करने के करीब पहुंचना होगा।

शुभमन गिल की अगुवाई वाली टीम आठ मैचों में से छह जीत के साथ 10 टीमों की तालिका में शीर्ष पर काबिज है और उसे प्लेऑफ में पहुंचने के लिए दो और जीत की जरूरत है। टाइटंस ने मौजूदा सत्र में शानदार प्रदर्शन किया है और उसे सिर्फ दो बार हार का सामना करना पड़ा है। साई सुदर्शन और प्रसिद्ध कृष्णा क्रमशः ऑरेंज (सबसे ज्यादा रन) और पर्पल (सबसे ज्यादा विकेट) कैप की दौड़ में सबसे आगे चल रहे हैं। गुजरात की इस टीम के लिए गिल, सुदर्शन और जोस बटलर शानदार लय में है। इस तिकड़ी के तीनों बल्लेबाजों ने मौजूदा सत्र में 300 से अधिक रन बनाए हैं और इस दौरान उनका स्ट्राइक रेट भी 150 से अधिक रहा है। कई चोटों के बाद प्रतिस्पर्धी टी20 क्रिकेट में वापसी करने वाले प्रसिद्ध ने शानदार प्रदर्शन किया है। उन्होंने आठ मैचों में 14.12 की औसत से 16 विकेट लिए हैं। मोहम्मद सिराज ने गेंद से प्रभावी रहे हैं, उन्होंने अब तक 12 विकेट लिए हैं और सबसे ज्यादा विकेट लेने वालों की सूची में संयुक्त रूप से पांचवें स्थान पर हैं। आर साई किशोर भी इस सत्र में शीर्ष पांच विकेट लेने वालों में शामिल हैं। इस वामहस्त स्पिनर ने 8.22 की इकॉनमी से 12 विकेट लिए हैं।




### गेंदबाजी एक बड़ी निराशा

राजस्थान रॉयल्स इस सप्ताह की शुरुआत में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु से 11 रनों से हारने के बाद टूर्नामेंट से बाहर होने वाली पहली टीम बन गई। यह उनकी लगातार पांचवीं और नौ मैचों में सातवीं हार थी। वे अब अंक तालिका में नौवें स्थान पर हैं। लीग के शुरुआती सत्र के चैंपियन को इस पूरे सत्र में लय हासिल करने के लिए संघर्ष करना पड़ा। टीम अपने पिछले तीन मैचों में जीत के करीब पहुंची लेकिन करीबी मैचों को अपने पक्ष में मोड़ने में नाकाम रही। इसमें दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ सुपर ओवर में दिल तोड़ने वाली हार भी शामिल है। शीर्ष क्रम में यशस्वी जायसवाल, रियान पराग और नितीश राणा ने अच्छी बल्लेबाजी की है लेकिन उनकी गेंदबाजी एक बड़ी निराशा रही है।

## चिंतन

# अत्यधिक गरीबी में कमी सुखद, पर चुनौती बाकी

पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद का सामना कर रहे भारत के लिए पहलगाम आतंकी घटना की पीड़ा के बीच गरीबी के मोर्चे पर सकारात्मक खबर आई है। विश्व बैंक की ताजा रिपोर्ट के मुताबिक, वर्ष 2011-12 से वर्ष 2022-23 के बीच करीब दस वित्त वर्ष में भारत ने 17.1 करोड़ लोगों को अत्यधिक गरीबी से बाहर निकाला है। गरीबी के खिलाफ भारत की यह बड़ी जीत है। सतत विकास व जनकल्याण योजनाओं के लगातार कार्यान्वयन से सरकार को अत्यधिक श्रेणी की गरीबी को कम करने में मदद मिली है। रिपोर्ट के मुताबिक, ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में गरीबी में भारी कमी आई है, इससे पता लगता है कि देश में रोजगार से लेकर स्वरोजगार की स्थिति बेहतर हुई है और सरकार की गरीबी उन्मूलन योजनाओं का असर पड़ा है। विश्व बैक की इस रिपोर्ट के अनुसार अब भारत निम्न-मध्यम आय वर्ग के देशों में शुमार हो गया है। इससे भारत को विकसित राष्ट्र बनने में मदद मिलेगी। विश्व बैंक की हालिया 'पोवर्टी एंड इक्विटी ब्रीफ' रिपोर्ट के अनुसार, 2011-12 से 2022-23 तक के दशक में अत्यधिक गरीबी 16.2 प्रतिशत से घटकर 2.3 फीसदी हो गई। अत्यधिक गरीबी को प्रतिदिन 2.15 अमेरिकी डॉलर (लगभग 172 रुपये) से कम आय के रूप में परिभाषित किया गया है। विश्व बैंक की रिपोर्ट में कहा गया है, ग्रामीण क्षेत्रों में अत्यधिक गरीबी 18.4% से घटकर 2.8% हो गई और शहरी क्षेत्रों में 10.7% से 1.1% हो गई, जिससे ग्रामीण-शहरी अंतर 7.7 से 1.7 प्रतिशत अंक तक कम हो गया। ये 16 प्रतिशत की वार्षिक गिरावट है। गावों और शहरों दोनों में अत्यधिक गरीबी में कमी आना दर्शाता है कि देश प्रगति पथ पर है। हालांकि अधिकांश राज्यों में गरीबी अभी भी बड़ी समस्या है, बेरोजगारी चिंता का विषय है, स्वरोजगार की स्थिति कमजोर है, कई राज्यों की वित्तीय स्थिति भी अच्छी नहीं है। लेकिन कुछेक राज्यों ने बेहतर प्रदर्शन किया है। भारत के पांच सबसे अधिक आबादी वाले राज्य उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, बिहार, पश्चिम बंगाल, और मध्य प्रदेश, 2011-12 में देश के 65% अत्यधिक गरीबों के लिए जिम्मेदार थे। इन राज्यों ने 2022-23 तक अत्यधिक गरीबी में दो-तिहाई कमी में योगदान दिया। हालांकि, ये राज्य अभी भी 54% अत्यधिक गरीब और 51% बहुआयामी गरीब आबादी का हिस्सा हैं। अत्यधिक गरीबी कम होने में महिलाओं को मिले रोजगार की अहम भूमिका है। गरीबी में सुधार का आंकलन बेहतर शिक्षा, स्वास्थ्य और जीवनशैली जैसे मानदंडों के आधार पर किया गया है। गरीबी पर नीति आयोग 2024 रिपोर्ट के मुताबिक, भारत में पिछले 9 सालों में 24.8 करोड़ लोग गरीबी से बाहर निकले हैं। इसमें सबसे ज्यादा 5.94 करोड़ उत्तर प्रदेश के हैं। बिहार में 3.77 करोड़, मध्य प्रदेश में 2.30 करोड़ और राजस्थान में 1.87 करोड़ लोगों की गरीबी के स्तर में सुधार हुआ। भारत में गरीबी दर 2013-14 में 29.17% से घटकर 2022-23 में 11.28% रह गई है। पिछले 9 सालों में 17.89% की कमी आई। यह आंकड़ा बेशक राहत देने वाला है, लेकिन अत्यधिक गरीबी और बहुआयामी गरीबी उन्मूलन की दिशा में अभी बहुत कुछ किए जाने की जरूरत है। इसमें मनरेगा, मुद्रा योजना, विश्वकर्मा योजना जैसे रोजगारपरक कार्यक्रम को बढ़ावा दिए जाने की जरूरत है। भारत के लिए लो मिडिल इनकम ग्रुप में से मध्यम मिडिल इनकम ग्रुप व हाई मिडिल इनकम ग्रुप के देशों में शामिल होने की चुनौती है। चूंकि वर्ष 2047 तक विकसित भारत का लक्ष्य है, इसलिए गरीबी उन्मूलन की दिशा में तेजी से कार्य करने की आवश्यकता है।



पहलगाम

प्रो. कन्हैया त्रिपाठी

# आतंक का करारा जवाब देना जरूरी

> भारत जैसे सहिष्णु देश में पहलगाम की इस घटना ने पूरे भारतीय मानस को अपनी सहिष्णु-स्वभाव पर प्रश्न करने के लिए बाध्य किया है। क्या उसे सहते रहना चाहिए? पूरा देश भारतीय सहिष्णु-स्वभाव को लेकर अब यह सवाल कर रहा है कि हमारे यहां जो हम सर्वे भवन्तु सुखिनः की कामना करते नहीं थकते, क्या उससे शांति व अमन की गुंजाइश समाप्त सी हो चली है? देश यह सोचने को बाध्य हुआ है कि क्या इस अच्छी कामना को कुछ समय के लिए अपने अंतस से निकाल देना चाहिए? हथियारबन्द चरमपंथियों ने पहलगाम में पर्यटकों पर जो हमला किया, यह भारत जैसे तेजी से दुनिया की प्रतिस्पर्धाओं में उभरते हुए देश के लिए कोई सामान्य बात नहीं है।

आतंकवाद से भारत की आत्मा को कुचलने की पहलगाम में क्रूर कोशिश की गयी। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद् में इन आतंकवादी घटनाओं के बाद जो औपचारिकताएं की जाती रही हैं, उसको दुहराया गया है। सुरक्षा परिषद में सम्मिलित 15 देश विश्व को सन्देश देकर कि आतंकवाद अपने सभी रूपों व अभिव्यक्तियों में, अन्तरराष्ट्रीय शान्ति व सुरक्षा के लिए सबसे गम्भीर ख़तरों में से एक है, ऐसा कह दिया है। सुरक्षा परिषद ने इस 'निंदनीय आतंकी कृत्य' के दोषियों, इसे अंजाम देने वालों, उनकी वित्तीय मदद करने वालों और प्रायोजकों की जवाबदेही तय करने और उन्हें न्याय के कटघरे में लाने की आवश्यकता को रेखांकित भी किया। लेकिन सवाल यह है कि अब तक के आतंकवादी इतिहास के बाद ऐसे वक्तव्य कितने कारगर साबित हुए और क्या यहीं तक अब जिम्मेदारियां निभाने की रस्म काफी हैं?

भारत जैसे सहिष्णु देश में पहलगाम की इस घटना ने पूरे भारतीय मानस को अपनी सहिष्णु-स्वभाव पर प्रश्न करने के लिए बाध्य किया है। क्या उसे सहते रहना चाहिए? पूरा देश भारतीय सहिष्णु-स्वभाव को लेकर अब यह सवाल कर रहा है कि हमारे यहां जो हम सर्वे भवन्तु सुखिनः की कामना करते नहीं थकते, क्या उससे शांति व अमन की गुंजाइश समाप्त सी हो चली है? निःसंदेह देश यह सोचने को बाध्य हुआ है कि क्या इस अच्छी कामना को कुछ समय के लिए अपने अंतस से निकाल देना चाहिए? हथियारबन्द चरमपंथियों ने जम्मू-कश्मीर में लोकप्रिय पर्यटन स्थल पहलगाम स्थित बैसरन घाटी में पर्यटकों पर जो हमला किया और उसमें 26 लोगों को मार दिया गया, यह भारत जैसे मजबूत व तेजी से दुनिया की प्रतिस्पर्धाओं में उभरते हुए देश के लिए कोई सामान्य बात नहीं है। यह जन हानि नहीं है, बल्कि यह भारत को चुनौती दी गयी है। हथियारबंद चरमपंथी कोई एक दिन की फसल नहीं हैं। ये वे नासूर हैं जो अपने हथियारों के साथ क्रूर खेल खेल गए। यह लोग नशे में चूर ऐसी कौम से आते हैं जो इंसानियत में न विश्वास करते हैं और न ही शांति, अमन-ओ-चैन में, इससे यह पता चला है। इन्हें जहां से भी खाद-पानी मिला है, वे पूरी सभ्यता के दुश्मन हैं, यह बात तो सिद्ध हो गयी है। पहलगाम में क्रूरता की सारी हदें पार करके धर्म, संस्कृति व अस्मिता को चोट पहुंचाकर इन लोगों ने भारत को भयभीत करने की मंशा से इस घटना को अंजाम दिया है लेकिन एक बात यह भी सही है, जो उन्हें समझना चाहिए कि आतंकवाद का सहारा लेने वाले सबसे बड़े कायर व भयभीत लोग हैं। सच यह है कि इन्हें न ही संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के सन्देश से कोई असर पड़ने वाला है, न ही संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंतोनियो गुटेरेस के सन्देश से लेना-देना है। यह लोग सुधरने वाले भी नहीं हैं। भारत को ऐसे में क्या करना चाहिए, आज यह जटिल सवाल है। भारत ने ऐसे विपरीत समय में संयम से फिर भी काम लिया है। वह अगर एकतरफ़ा कार्रवाई पर विचार करे तो यह उसका अब नैतिक कर्त्तव्य के रूप में ही लिया जाना चाहिए। भोले-भाले लोगों को जो पर्यटन के लिए, अपना जीवन जीने के लिए जम्मू पहलगाम आए, उनका आना उनके जीवन का अंतिम अध्याय बन गया। ऐसे में सरकार यदि कोई कारगर कदम उठाए तो यह कार्रवाई निश्चय ही सभी देशों की ओर से समर्थन पाने



का अधिकारी है। सवाल यह भी है कि आखिर भारत के बहुसंख्यक क्यों सहें? वे इतना विवश ही क्यों होकर जियें वो भी अपने ही देश में? वैसे देखा जाए तो चरमपंथी भले ही अपने मन को तसल्ली दे रहे हों, लेकिन कश्मीर का कितना आर्थिक नुकसान इन लोगों ने किया है, उसका अंदाज़ा भी नहीं है उन्हें। करोड़ों लोगों के आगमन का रास्ता उन्होंने रोक दिया। उभरती हुई कश्मीर की पर्यटन अर्थव्यवस्था की भी उन्होंने इस नरसंहार के साथ हत्या कर दी। भारतीय भोली चेतना के ऊपर इसका गहरा असर हुआ है। यह वर्षों तक मानस पर बने रहने वाला है। असुरक्षा के भाव को निकालना किसी भी देश के लिए बहुत आसान नहीं है। निःसंदेह भारत की नरेंद्र मोदी सरकार ने धारा 370 में बदलाव के साथ जिस कश्मीर में बदलाव की उम्मीद की व तत्परता से इस क्षेत्र को नया परिवेश देने की कोशिश की उस पर इस घटना ने ग्रहण लगा दिया। यद्यपि यह तय है कि भारत सरकार अपनी प्रतिबद्धता से भारतीय मानस में पुनः विश्वास तो हासिल कर लेगी, लेकिन इसमें वक्त लगेगा। चरमपंथी व उनको सहयोग करने वाले लोगों को ज़रूर इस बात पर विचार करना चाहिए कि उन्होंने अपने ही लोगों के बढ़ते व्यापार, आमदनी व उनकी खुशहाली के साथ क्या किया? उन्होंने कश्मीर के साथ क्या किया? उन्होंने अपने भारतीय भाइयों के साथ क्या किया जो आज़ादी के इतने वर्षों बाद पुनः उनके साथ मिलजुलकर आगे बढ़ने का मन बना चुके थे? यह ठीक नहीं किया। आतंकवाद किसी भी समस्या का समाधान तो बिलकुल नहीं है। हिंसा सभी आने वाले अवसरों पर दुधारी तलवार की तरह होती है और आतंकवाद का तो सहारा लेने वाले आत्महंता होते हैं। इनके जैसा कोई कायर होता ही नहीं है। उन्होंने किसी मनुष्य को नहीं मारा है बल्कि खुद को मारा है लेकिन वे समझें तो समझें कैसे? भारत में सहिष्णुता को चोट पहुंचाने वाले, देश को तोड़ने वाले, देश में अस्थिरता पैदा करने वाले लोग सैकड़ों वर्षों से ऐसे क्रूर षड्यंत्र करते रहे हैं लेकिन वे सफल नहीं हुए हैं। उन्हें आगे भी सफलता नहीं मिलने वाली है। यदि कुछ बड़ा कदम भारत ने उठा लिया तो निश्चय ही वे लोग इसमें पिस जाएंगे जिनका आतंकवाद से कोई लेना-देना नहीं है। जो अपना जीवन शांति से जीना चाहते हैं, उनका अहित ज़रूर होगा। आखिर कोई भी देश कब तक ऐसी पिशाच शक्तियों के घृणित कार्य के सामने चुप बैठेगा? उसे कोई न कोई निर्णायक पहल करनी ही पड़ेगी। यह किसी सुरक्षा परिषद की निंदा से तो बात बनने वाली नहीं ही है। हालांकि भारत ने बहुत आत्मनियंत्रित होकर वैश्विक शांति का पक्षधर होने की मिसाल प्रकट की है। यदि देश के वे लोग और पड़ोसी देशों के वे लोग जो इस आंच में किसी अहितकारी बुरे वक्त की आहट को समझ पा रहे हैं तो उन्हें इस पर ज़रूर विचार करना चाहिए कि ऐसी घटनाओं को यहीं विराम मिले। यदि वे इसमें घी डालकर आग को और अधिक हवा देना चाहेंगे तो निश्चय ही इसमें धन, जन सबकी हानि होगी। ऐसे में आज जो परिस्थितियां हैं, वह बहुत ही विचित्र, वीभत्स और मनुष्यता के विपरीत हैं। इसे रोकना मानवाधिकारों व मनुष्यता में विश्वास करने वालों का दायित्व है। यद्यपि यह घटना अक्षम्य है लेकिन इसके एवज में यदि हिंसा का सहारा लेकर कार्रवाई हुईं तो उसमें केवल हानि ही हाथ लगेगी। जिनके परिवार के लोगों ने अपना जीवन गंवा दिया और जिन परिवारों ने अपने सामने सबकुछ लुटते हुए देखा है, वह अकल्पनीय और अविस्मरणीय है। जिस दिन इसे महसूस करके इस पर भी हमारा मन, मानस यह बात बिठा सका कि ऐसी पुनरावृति न हो, वह भी मनुष्यता की बड़ी जीत होगी। सहिष्णु भारत को आतंक की चोट करने वाले इससे निश्चय ही मात खायेंगे।

(लेखक महामहिम राष्ट्रपति के विशेष कार्य अधिकारी रह चुके हैं व केंद्रीय विश्वविद्यालय पंजाब में चेयर प्रोफेसर हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

## विश्व बैंक की रिपोर्ट

सुनील कुमार महला




# अत्यधिक गरीबी उन्मूलन की दिशा में महती प्रगति

पहलगाम आतंकी हमले की बहुत ही दुखद खबर के बाद हाल ही में विश्व बैंक से एक अच्छी खबर आई है। यह खबर ग़रीबी उन्मूलन पर है। गरीबी वास्तव में एक बहुत बड़ी व ज्वलंत समस्या है। यदि हम यहां गरीबी की साधारण परिभाषा की बात करें तो बुनियादी आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए पर्याप्त धन या संसाधनों की कमी होना, जैसे भोजन, कपड़े, और आवास ग़रीबी के अंतर्गत माना जाता है। ऐसी स्थितियों में एक आम आदमी को बुनियादी जरूरतों को पूरा करने के लिए भी बहुत संघर्ष करना पड़ता है। अमूमन गरीबी को तीन प्रकारों में विभाजित किया जा सकता है, जिनमें क्रमशः निरपेक्ष, सापेक्ष और बहु-आयामी गरीबी को मान सकते हैं। यदि निरपेक्ष गरीबी की बात करें तो एक निश्चित आय स्तर से नीचे होना इसमें आता है। वहीं सापेक्ष गरीबी समाज में अन्य लोगों की तुलना में गरीब होने को शामिल करती है तथा बहुआयामी गरीबी आर्थिक, सामाजिक और पर्यावरणीय पहलुओं के अभाव को शामिल करती है। बहरहाल, अच्छी खबर यह है कि 10 साल में भारत के 17 करोड़ लोग अत्यंत गरीबी से बाहर निकले हैं। वर्ल्ड बैंक के मुताबिक, भारत ने वर्ष 2011-12 से वर्ष 2022-23 के बीच 17 करोड़ से ज्यादा लोगों को अत्यधिक गरीबी से बाहर निकाला है और इस दौरान यह दर 16.2 प्रतिशत से घटकर मात्र 2.3 प्रतिशत ही रह गई है। तात्पर्य यह है कि भारत में 171 मिलियन लोग गरीबी रेखा से ऊपर हैं। रिपोर्ट बताती है कि ग्रामीण क्षेत्रों में अत्यधिक गरीबी दर 18.4 प्रतिशत से घटकर जहां 2.8 प्रतिशत रह गई है, वहीं शहरी क्षेत्रों में यह 10.7 प्रतिशत से घटकर 1.1 प्रतिशत रह गई है। इससे ग्रामीण और शहरी इलाकों के बीच का अंतर 7.7 प्रतिशत से घटाकर 1.7 प्रतिशत रह गया है, जो सालाना 16 प्रतिशत की गिरावट है। दरअसल, 37.8 करोड़ लोग गरीबी से बाहर आए हैं, जो कि जनसंख्या का एक बड़ा हिस्सा है और यह काबिले-तारीफ है कि भारत ग़रीबी उन्मूलन की दिशा में लगातार आगे बढ़ रहा है। दरअसल,वर्ल्ड बैंक की हालिया 'पॉवर्टी एंड इक्विटी ब्रीफ' रिपोर्ट में इस बात का खुलासा हुआ है। भारत के पांच सबसे अधिक जनसंख्या वाले राज्य उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, बिहार, पश्चिम बंगाल, और मध्य प्रदेश ने 2022-23 तक अत्यधिक गरीबी में दो-तिहाई की गिरावट में योगदान दिया है। हालांकि, अब भी इन राज्यों में भारत की 54 प्रतिशत अत्यधिक गरीब आबादी है और 51% बहुआयामी गरीब आबादी का हिस्सा हैं। रिपोर्ट में यह बात सामने आई है कि वर्ष 2019-21 तक नॉन मोनेटरी गरीबी दर 53.8 प्रतिशत से घटकर 16.4 प्रतिशत रह गई है। इतना ही नहीं, रोजगार वृद्धि ने भी कामकाजी उम्र की जनसंख्या को पार कर लिया है तथा शहरों में बेरोजगारी 6.6 प्रतिशत पर पहुंच गई है, जो वर्ष 2017-18 के बाद से सबसे कम है। युवा बेरोजगारी दर 13.3 प्रतिशत है। कृषि सेक्टर में रोजगार अब भी अधिकांश रूप से असंगठित है। हालांकि, स्वरोजगार और महिलाओं की रोजगार दर में वृद्धि हो रही है। बहरहाल, यहां यह कहना ग़लत नहीं होगा कि आज भारत लगातार हर क्षेत्र में प्रगति कर रहा है। भारत की वैश्वीकरण नीतियों से देश विश्व व्यापार में शामिल हुआ है और विदेशी निवेश को आकर्षित किया है, जिससे रोजगार सृजन हुआ है और ग़रीबी कम हुई है। सच तो यह है कि ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में गरीबी में भारी कमी, रोजगार के नए अवसरों का सृजन, और भारत का निम्न-मध्यम आय वर्ग में कदम रखना, यह सब हमारे देश की प्रगति, इसके उन्नयन को ही दर्शाता है। सच तो यह है कि भारतीय अर्थव्यवस्था में तेजी से विकास हुआ, फायदों की वृद्धि हुई, विदेशी निवेश बढ़ा, और भारतीय अर्थव्यवस्था वैश्विक अर्थव्यवस्था में एकीकृत हुई है। पिछले कुछ सालों से रोज़गार सृजन कार्यक्रम, आय समर्थन कार्यक्रम, रोज़गार गारंटी तथा आवास योजना, प्रधानमंत्री जन धन योजना जैसे कार्यक्रमों से भारत विकास के सोपानों को लगातार छू रहा है। भारत में लगातार शिक्षा, स्वास्थ्य की उपलब्धता हर गांव-ढाणी में सुनिश्चित हुई है। महिलाओं के सशक्तीकरण से आर्थिक असमानता दूर हुई है तथा पोषण और स्वच्छता कार्यक्रमों से हम प्रगति के पथ पर अग्रसर हैं। संसाधनों और सेवाओं तक समान पहुंच सुनिश्चित होने से विकास को पंख लगे हैं। वास्तव में उच्चतम और निम्न-मध्यम आय वाली गरीबी में तेज गिरावट, साथ ही ग्रामीण-शहरी गरीबी के अंतर में कमी, भारत सरकार के प्रभावी प्रयासों को दर्शाती है। इसके अतिरिक्त, रोजगार में वृद्धि, विशेष रूप से महिलाओं के बीच और बहुआयामी गरीबी में कमी जीवन स्तर में व्यापक सुधार की ओर इशारा करती है।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार और साहित्यकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## कर्मों से उपार्जित सुख



संकलित

दर्शन

संसार के सारे क्रियाकलाप, मानव-समाज में हो रही गति, यह सब केवल मन का ही खेल है। मनुष्य की इच्छा शक्ति का प्रकाश मात्र है। अनेक प्रकार के यंत्र, युद्धपोत आदि सभी मनुष्य की इच्छा शक्ति के विकास मात्र हैं। मनुष्य की यह इच्छाशक्ति चरित्र से उत्पन्न होती है और वह चरित्र कर्मों से गठित होता है। अतएव कर्म जैसा होगा, इच्छाशक्ति का विकास भी वैसा ही होगा। संसार में प्रबल इच्छा शक्ति संपन्न जितने महापुरुष हुए हैं, वे सभी उत्कृष्ट कर्मी थे। उनकी इच्छाशक्ति ऐसी थी कि वे संसार को भी उलट-पुलट कर सकते थे। यह शक्ति उन्हें युग-युगांतर तक निरंतर कर्म करते रहने से प्राप्त हुई थी। बुद्ध एवं ईसा मसीह में जैसी प्रबल इच्छाशक्ति थी, वह एक जन्म में प्राप्त नहीं की जा सकती और उसे हम आनुवंशिक शक्तिसंचार भी नहीं कह सकते, क्योंकि हमें ज्ञात है कि उनके पिता कौन थे। हम नहीं कह सकते कि उनके पिता के मुंह से मनुष्य जाति की भलाई के लिए शायद कभी एक शब्द भी निकला हो। जोसेफ (ईसा मसीह के पिता) के समान तो असंख्य बढ़ई आज भी हैं, बुद्ध के पिता के सदृश लाखों छोटे-छोटे राजा हो चुके हैं। अतः यदि वह बात केवल आनुवंशिक शक्तिसंचार के कारण हुई हो, तो इसका स्पष्टीकरण कैसे कर सकते हैं कि इस छोटे से राजा को, जिसकी आज्ञा का पालन शायद उसके स्वयं के नौकर भी नहीं करते थे। ऐसा एक सुंदर पुत्र-रत्न लाभ हुआ, जिसकी उपासना लगभग आधा संसार करता है?

## प्रत्येक वस्तु पर हमारा ही अधिकार हो



संकलित

प्रेरणा

एक राजा ने यह घोषणा करवा दिया कि कल सुबह जब मेरे महल का मुख्य दरवाज़ा खोला जायेगा तब जिस व्यक्ति ने भी महल में जिस वस्तु या जीव को हाथ लगा दिया वह वस्तु या जीव उसकी हो जाएगी। कुछ लोग कहने लगे मैं तो सोने को हाथ लगाऊंगा, कुछ लोग चांदी को तो कुछ लोग कीमती जेवरात को, कुछ लोग घोड़ों को तो कुछ लोग हाथी को, कुछ लोग दुधारू गाय को हाथ लगाने की बात कर रहे थे। जब सुबह महल का मुख्य दरवाजा खुला और सब लोग अपनी अपनी मनपसंद वस्तु या जीवों के लिये दौड़ने लगे। सबको इस बात की जल्दी थी कि पहले मैं अपनी मनपसंद वस्तु या जीव को हाथ लगा दूँ ताकि वह वस्तु या जीव हमेशा के लिए मेरी हो जाऐ। राजा अपनी जगह पर बैठा सबको देख रहा था और अपने आस-पास हो रही भाग दौड़ को देखकर मुस्कुरा रहा था। उसी समय उस भीड़ में से एक व्यक्ति राजा की तरफ बढ़ने लगा और धीरे-धीरे चलता हुआ राजा के पास पहुँच कर उसने राजा को छू लिया। राजा को हाथ लगाते ही राजा उसका हो गया और राजा की हर वस्तु भी उसकी हो गयी। जिस तरह राजा ने उन लोगों को मौका दिया और उन लोगों ने गलतियां की। ठीक इसी प्रकार सारी दुनियाँ के कर्ता प्रभु भी हम सबको प्रत्येक दिन अवसर देते हैं, लेकिन हम लोग भी प्रत्येक दिन वही गलतियाँ करते रहिते हैं। हम प्रभु को पाने की बजाए उस परमपिता की बनाई हुई दुनियाँ की चीजों की कामना करते हैं। लेकिन कभी भी हम लोग इस बात पर गौर नहीं करते कि क्यों न दुनियां के बनाने वाले प्रभु को पा लिया जाए।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### नशा बनाता है हैवान

नशा किस तरह किसी व्यक्ति को हैवान बना देता है, इसके बारे में हम खबरों के जरिए भी जानते हैं। इन खबरों में इनसानियत को शर्मसार करने की हरकतों या अपराध का जिक्र होता है। कभी नशे की खातिर कोई अपनी मां की, कोई बाप की, कोई भाई की तो कभी किसी और की हत्या कर देता है। नशा बल-बुद्धि, शरीर और परिवार के लिए घातक होता है। नशा इनसान को हैवान भी बना देता है, हैवानियत के कारण नशेड़ी इनसान अपने घर-परिवार के सदस्यों के साथ, यहां तक कि अपने बच्चों के साथ भी क्रूरता भरा व्यवहार करने से गुरेज नहीं करता है। मां-बाप अपने बच्चों को लाड़ प्यार से पाल कर उनके भविष्य के लिए सुनहरे सपने संजोते हैं, लेकिन जब कोई बच्चा बचपन या जवानी की दहलीज पर पांव रखते ही नशे के दलदल में धंसना शुरू होता है, तो उन्हें बड़ी परेशानी होती है। *- मुकेश यादव, बिलासपुर*

## ट्रेंड

### पीड़ितों को न्याय मिलेगा



पहलगाम में आतंकी हमले के पीड़ित परिवारों के प्रति हर भारतीय के मन में गहरी संवेदना है। मैं पीड़ित परिवारों को फिर भरोसा देता हूं कि उन्हें न्याय मिलेगा, न्याय मिलकर रहेगा। इस हमले के दोषियों और साजिश रचने वालों को कठोरतम् जवाब दिया जाएगा।

**- नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री**

### गंगा एक्सप्रेस-वे



इंफ्रास्ट्रक्चर किसी भी देश के विकसित होने की आधारभूत शर्त होती है। आज जनपद हरदोई, शाहजहांपुर एवं हापुड़ में गंगा एक्सप्रेस-वे के निर्माण कार्यों का निरीक्षण कर संबंधित अधिकारियों को समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से कार्य को पूर्ण करने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

**-योगी आदित्यनाथ, सीएम, उप्र**

### दोषियों पर कार्रवाई करें



यूपी में दलितों पर हमले तथा उनके मसीहा डा. भीमराव अम्बेडकर व गौतम बुद्ध की प्रतिमा के अनादर की घटनाएं अति-चिन्तनीय हैं। सरकार दोषियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई व प्रभावी कदम भी उठाए।

**-मायावती, पूर्व सीएम, उप्र**

### एआई का महत्व



हमारे न्यूज़फीड से लेकर बोर्डरूम तक, एआई हमारे जीने और काम करने के तरीके को आकार दे रहा है। 2025 तक बाज़ार 250 बिलियन डॉलर को पार कर चुका है, यह तो बस शुरुआत है।

**-अनिल अग्रवाल, उद्यमी**

## करंट अफेयर

# सिंगापुर के लिटिल इंडिया को समेटा एक किताब में



सिंगापुर के 'लिटिल इंडिया' के इतिहास को एक किताब में समेटा गया है। इस जगह का इतिहास 1822 से शुरू होता है, जब यहां बसने वाले प्रारंभिक भारतीय समुदाय के सदस्यों ने सांस्कृतिक और वाणिज्यिक गतिविधियों की शुरुआत की थी। लेखिका सौंदरा नायकी वैरावन ने रविवार को कहा, 'यह किताब 1822 में लिटिल इंडिया परिसर के मुख्य मार्ग सेरांगून रोड की स्थापना से लेकर आज तक का विवरण प्रस्तुत करती है कि किस प्रकार यह भारतीय मूल के लोगों के लिए वाणिज्यिक और सांस्कृतिक केंद्र के रूप में कार्य करता है।' भारत के उच्चायुक्त शिल्पक अम्बुले और सिंगापुर के पूर्व विदेश मंत्री जॉर्ज यो ने 187 पन्नों की कॉफी टेबल पुस्तक 'लिटिल इंडिया एंड द सिंगापुर इंडियन कम्युनिटी : थ्रू द एजेस' का शुक्रवार को संयुक्त रूप से विमोचन किया। सौंदरा ने बताया कि इसमें सेरांगून रोड के सामाजिक परिवर्तन, दुकानें, प्रारंभिक सामाजिक जीवन, परिसर में आयोजित होने वाले त्योहार, पर्यटकों के आकर्षण का केंद्र, महत्वपूर्ण जगहें और व्यापार करने में आने वाली चुनौतियों का विवरण दिया गया है। उन्होंने पर्यटकों और यहां आने वाले नियमित आगंतुकों के बारे में कहा, लिटिल इंडिया सिंगापुर में रहने वाली सभी मूल के लोगों के लिए खास स्थान है।

## ऑफ बीट

# अकेलापन समझने के तरीके को बदल देता है



अगर कोई एक चीज़ है जो इंसानों के रूप में हम सब में एक जैसी है, तो वह यह है कि हममें से अधिकांश ने कभी न कभी अकेलापन महसूस किया है। लेकिन क्या सामाजिक रूप से अलग-थलग महसूस करने से होने वाला दर्द इंसान होने का एक हिस्सा है? जब हम अकेलापन महसूस करते हैं तो दुनिया इतनी अलग क्यों लगती है? हाल के शोध ने कुछ उत्तर देना शुरू कर दिया है। और यह पता चला है कि अकेलापन आपकी धारणा और संज्ञान को प्रभावित कर सकता है। अध्ययनों ने अकेलेपन से जुड़े मस्तिष्क क्षेत्रों में अंतर की पहचान की है। अकेले युवा वयस्कों में, सामाजिक अनुभूति और सहानुभूति से संबंधित मस्तिष्क के क्षेत्रों में कम घना सफेद पदार्थ (तंत्रिका तंतुओं का एक बड़ा नेटवर्क जो आपके मस्तिष्क के विभिन्न क्षेत्रों के बीच सूचना और संचार के आदान-प्रदान का काम करता है) होता है। लेकिन अकेले वृद्ध वयस्कों में, संज्ञानात्मक प्रसंस्करण और भावनात्मक विनियमन के लिए महत्वपूर्ण मस्तिष्क क्षेत्र वास्तव में मात्रा में छोटे होते हैं। एक हालिया अध्ययन में पाया गया कि अकेले लोगों का दिमाग दुनिया को अजीब तरीके से संसाधित करता है।

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 फोनः 9253681019-20
ई-मेल : **haribhoomi@gmail.com**
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

सिद्धारमैया ने पुराने बयान पर अब लिया यू-टर्न

# पाकिस्तान को ऐसा सबक सिखाएं, दोबारा सोच भी न सके

## यह बोला था- एक देश के पास युद्ध अंतिम विकल्प

एजेंसी ▶▶ बेंगलुरु

दक्षिण पहलगाम में पर्यटकों पर हमले के बाद भारत और पाकिस्तान संबंध एक बार फिर पटरी से उतर गए हैं। इस बीच, पाकिस्तान पर हमले को लेकर कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया के बयान पर चर्चा गरम है। सिद्धारमैया ने अपने बयान को लेकर कहा कि एक देश के पास युद्ध को अंतिम विकल्प होना चाहिए।

अब सिद्धारमैया ने कहा कि मैंने युद्ध के बारे में जो बयान दिया, उस पर हो रही बहसों और चर्चाओं को मैंने देखा है, चाहे वह पक्ष में हो या विपक्ष में। युद्ध हमेशा एक राष्ट्र का अंतिम विकल्प होना चाहिए। कभी भी पहला और एकमात्र विकल्प नहीं होना चाहिए। जब दुश्मन को हराने के लिए हर अन्य तरीका विफल हो चुका हो, तब एक देश को युद्ध में जाने के लिए मजबूर होना चाहिए। पाक के समर्थन से आतंकवादियों ने पहलगाम में खौफनाक हमला कर स्पष्ट कर दिया है कि हमारी खुफिया और सुरक्षा प्रणाली में गंभीर चूक हुई। अब सरकार की यह जिम्मेदारी है कि पहले इन कमियों को सही किया जाए और यह सुनिश्चित किया जाए कि भविष्य में ऐसी त्रासदियां फिर से न हों।

हमें युद्ध की जरूरत नहीं

सरकार पहले अपनी कमियों को दूर करे कि ऐसी त्रासदी न हो



### पीएम लोगों को गुमराह कर रहे

शनिवार को पत्रकारों से बातचीत में सिद्धारमैया ने कहा था कि हमले के बाद हुई सर्वदलीय बैठक के दौरान पीएम नरेंद्र मोदी को वहां होना चाहिए था। वे बिहार में चुनाव प्रचार करने गए थे। ऐसे में सवाल है कि उनके लिए क्या महत्वपूर्ण है? वे लोगों को टोपी पहना रहे हैं (मतलब लोगों को गुमराह बना रहे हैं)। सिद्धारमैया ने कहा था कि युद्ध की कोई जरूरत नहीं है। हम इसके पक्ष में नहीं हैं। हमें कड़े कदम उठाने चाहिए। सुरक्षा बढ़ाई जानी चाहिए।

### हमें वैश्विक समर्थन का लाभ उठाना चाहिए

दुनियाभर के देशों ने पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद की कड़ी निंदा की है और भारत के साथ मजबूती से खड़े हैं। हमें इस अभूतपूर्व वैश्विक समर्थन का लाभ उठाना चाहिए और पाकिस्तान को ऐसा कड़ा सबक सिखाना चाहिए कि वे कभी भी ऐसे कृत्य दोबारा न करें।

भाजपा का सिद्धारमैया पर तंज

## 'पाकिस्तान रत्न', आप भी खुली जीप में घूमेंगे...

कर्नाटक भाजपा प्रमुख बीवाई विजयेंद्र ने एक्स पर लिखा, सीमा पार से वजार-ए-आला सिद्धारमैया के लिए बधाई! देश के पहले प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू का



जिक्र करते हुए विजयेंद्र ने कहा कि नेहरू को रावलपिंडी की सड़कों पर खुली जीप में घुमाया गया था, क्योंकि पाकिस्तान सिंधु जल संधि पर हस्ताक्षर करने के लिए नेहरू से बहुत खुश था। क्या सिद्धारमैया भारत के अगले राजनेता होंगे जिन्हें पाकिस्तान में खुली जीप में घुमाया जाएगा? विपक्ष के नेता आर अशोक ने सिद्धारमैया को 'पाकिस्तान रत्न' बताया। आप अपने बचकाने और बेतुके बयानों के कारण रातों-रात पाक में विश्व प्रसिद्ध हो गए हैं।

कर्नाटक के मंत्री का बेहूदा बयान

## आतंकवादियों ने धर्म नहीं पूछा होगा



सिद्धारमैया द्वारा पाकिस्तान के साथ युद्ध के पक्ष में नहीं का बयान देने के एक दिन बाद ही उनकी सरकार के एक मंत्री ने अपने बयान की वजह से एक और विवाद खड़ा कर दिया है। उनके आबकारी मंत्री आरबी तिम्मापुर ने कहा कि आतंकवादी अपने लक्ष्य की हत्या करने से पहले उसका धर्म नहीं पूछते। तिम्मापुर नेकहा कि उन्हें नहीं लगता कि हत्यारों ने गोली मारने से पहले किसी का भी धर्म पूछा होगा? उन्होंने कहा, जो व्यक्ति गोली चला रहा है, क्या वह जाति या धर्म पूछेगा? वह बस गोली चलाकर चला जाएगा।

## खबर संक्षेप

### सुमन के काफिले पर करणी सेना का हमला

**अलीगढ़।** यहां से निकल रहे सपा के राज्यसभा सांसद रामजीलाल सुमन के काफिले को विरोध का



सामना करना पड़ा। काफिले को करणी सेना व क्षत्रिय समाज ने काले झंडे दिखाए और टायर भी फेंके। पुलिस-प्रशासन ने काफिले को रोका और सुमन को वापस किया। बुलंदशहर में 21 अप्रैल को थार से दलित समाज के 4 लोगों को कुचल दिया था।

### दिल्ली में कई झुग्गियों में आग, 2 की मौत

**नई दिल्ली।** रोहिणी सेक्टर 17 स्थित एक झुग्गी में रविवार सुबह अचानक आग लग गई। आग आस



पास मौजूद करीब एक दर्जन से अधिक झुग्गियों को अपने चपेट में ले लिया। सूचना मिलते ही दमकल की 20 गाड़ियों ने आग पर काबू पा लिया है। 2 शव बरामद हुए हैं। अभी तलाशी अभियान जारी है। लोग दमकल को देरी से पहुंचने का आरोप लगाया है।

### 3200 करोड़ के घोटाले में फंसे वाईएस के नेता

**अमरावती।** 3200 करोड़ के कथित शराब घोटाले को लेकर आंध्र प्रदेश की राजनीति गरमा गई



है। एसआईटी के रिमांड नोट में बताया गया है कि इसमें वाईएसआरसीपी के कई बड़े नाम शामिल हैं, जिन्होंने घोटाले से हर महीने 50-60 करोड़ की रिश्वत ली और इस पैसे को पार्टी फंड में भी जमा किया गया। राजशेखर रेड्डी को प्रमुख बताया गया है।

### नीतीश के गांव से अभियान शुरू करेंगे प्रशांत किशोर

**पटना (भाषा)।** जनसुराज पार्टी के संस्थापक प्रशांत किशोर ने रविवार को घोषणा की कि बिहार में नीतीश कुमार सरकार के खिलाफ हस्ताक्षर अभियान अगले महीने मुख्यमंत्री के पैतृक गांव से शुरू किया जाएगा। प्रशांत किशोर ने यह घोषणा नालंदा जिले के हरनौत विधानसभा क्षेत्र में प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान की। इस विधानसभा क्षेत्र से जनता दल (यूनाइटेड) अध्यक्ष नीतीश कुमार ने 1980 के दशक में अपना राजनीतिक करियर शुरू किया था।किशोर ने कहा, ''हम अक्सर सुनते हैं कि भले ही नीतीश कुमार ने राज्य के लिए बहुत कुछ नहीं किया हो, लेकिन उन्होंने अपने गृह जिले में विकास किया है।

### डायरेक्टर खालिद के पास 'गांजा', अरेस्ट

**चेन्नई।** मलयालम फिल्म जगत से चौंकाने वाली घटना है। शनिवार देर रात ड्रग से संबंधित अपराधों के लिए जाने-माने व्यक्तियों को हिरासत में लिया गया। इसमें निर्देशक खालिद रहमान और शालेफ मोहम्मद के साथ अशरफ हमजा को हाईब्रिड गांजा रखने के आरोप में पकड़ा। कोच्चि के गोसरी ब्रिज के पास एक रिहायशी इलाके में कार्रवाई हुई।

'मन की बात' कार्यक्रम में इसरो के पूर्व प्रमुख के. कस्तूरीरंगन को दी श्रद्धांजलि

# विश्व में सबसे किफायती, सफल अंतरिक्ष कार्यक्रम का नेतृत्व कर रहा भारत : पीएम

## दोषियों को कड़ी सजा देने की बात फिर दोहराई

भाषा ▶▶ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को कहा कि पूरी दुनिया में सबसे अधिक किफायती एवं सफल अंतरिक्ष कार्यक्रम का नेतृत्व कर रहा भारत एक वैश्विक अंतरिक्ष शक्ति बन गया है और वह भविष्य में नयी ऊंचाइयों को छुएगा। मोदी ने कहा कि कई युवा अंतरिक्ष स्टार्टअप के क्षेत्र में नयी उपलब्धियां हासिल कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि 10 साल पहले केवल एक कंपनी थी लेकिन आज देश में 325 से अधिक अंतरिक्ष स्टार्टअप काम कर रहे हैं।

प्रधानमंत्री ने अपने मासिक रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' में भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के पूर्व प्रमुख के. कस्तूरीरंगन को भी श्रद्धांजलि दी। इसरो की करीब एक दशक तक बागडोर संभालने वाले के. कस्तूरीरंगन का शुक्रवार को बेंगलुरु में निधन हो गया। वह 84 वर्ष के थे। मोदी ने कहा, ''हमने दो दिन पहले देश के महान वैज्ञानिक डॉ. के. कस्तूरीरंगन को खो दिया। मेरी कस्तूरीरंगन जी से जब भी मुलाकात होती थी, हम भारत के युवाओं की प्रतिभा, आधुनिक शिक्षा, अंतरिक्ष विज्ञान जैसे विषयों पर काफी चर्चा करते थे। विज्ञान, शिक्षा और भारत के अंतरिक्ष कार्यक्रम को नयी ऊंचाई देने में उनके योगदान को हमेशा याद किया जाएगा। उनके नेतृत्व में इसरो को एक नयी पहचान मिली।'' प्रधानमंत्री ने कहा कि कस्तूरीरंगन के मार्गदर्शन में जो अंतरिक्ष कार्यक्रम आगे बढ़े, उनसे भारत के प्रयासों को वैश्विक मान्यता मिली। उन्होंने कहा कि आज भारत जिन उपग्रहों का उपयोग करता है, उनमें से कई डॉ. कस्तूरीरंगन की देखरेख में ही प्रक्षेपित किए गए थे। उन्होंने कहा, ''उनके व्यक्तित्व की एक और बात बहुत खास थी, जिससे युवा-पीढ़ी उनसे सीख सकती है। उन्होंने नवोन्मेष को हमेशा महत्व दिया। कुछ नया सीखने, जानने और नया करने का दृष्टिकोण बहुत प्रेरित करने वाला है।''



'मन की बात' का 121वां एपिसोड

### सत्याग्रह में बड़ा योगदान बिहार के एक और सपूत का

प्रधानमंत्री ने 1917 के चंपारण सत्याग्रह को याद करते हुए कहा कि यह भारत में महात्मा गांधी का पहला बड़ा प्रयोग था। मोदी ने कहा, ''बापू के सत्याग्रह से पूरी अंग्रेज हुकूमत हिल गई। अंग्रेजों को नील की खेती के लिए किसानों को मजबूर करने वाले कानून को स्थगित करना पड़ा। ये एक ऐसी जीत थी जिसने आजादी की लड़ाई में नया विश्वास फूंका। आप सब जानते होंगे कि इस सत्याग्रह में बड़ा योगदान बिहार के एक और सपूत का भी था जो आजादी के बाद देश के पहले राष्ट्रपति बने। वह महान विभूति थे -डॉ. राजेन्द्र प्रसाद। उन्होंने 'चंपारण सत्याग्रह' पर एक किताब भी लिखी।''

### पीएम एक मई को मुंबई में पहले वेव्स शिखर सम्मेलन का करेंगे उद्घाटन

**नई दिल्ली (भाषा)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी बृहस्पतिवार एक मई को मुंबई में पहले 'विश्व दृश्य-श्रव्य और मनोरंजन शिखर सम्मेलन' (वेव्स) का उद्घाटन करेंगे। यह चार दिवसीय कार्यक्रम है, जिसमें मीडिया और मनोरंजन जगत के दिग्गज शामिल होंगे। शिखर सम्मेलन के दौरान प्रधानमंत्री मीडिया और मनोरंजन जगत की शीर्ष हस्तियों के साथ बातचीत कर सकते हैं। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव भी शिखर सम्मेलन के उद्घाटन सत्र को संबोधित करेंगे। इसमें अमिताभ बच्चन, रजनीकांत, मोहनलाल, हेमा मालिनी और चिरंजीवी जैसे शीर्ष अभिनेताओं के भाग लेने की उम्मीद है। शिखर सम्मेलन में विषय-आधारित पूर्ण सत्र और चर्चाएं होंगी, जिनका उद्देश्य भारत और अन्य स्थानों पर दृश्य-श्रव्य जगत के भविष्य को आकार देना है।विदेश मंत्री एस जयशंकर 'वैश्विक मीडिया वार्ता' की अध्यक्षता कर सकते हैं, जिसमें कई देशों के मंत्री, मीडिया जगत के दिग्गज और नीति निर्माता भाग लेंगे।

### नई शिक्षा नीति तैयार करने में निभाई भूमिका

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि कस्तूरीरंगन ने देश की नयी राष्ट्रीय शिक्षा नीति तैयार करने में भी बहुत बड़ी भूमिका निभाई थी।उन्होंने कहा कि कस्तूरीरंगन ने 21वीं सदी की आधुनिक जरूरतों के मुताबिक ''भविष्योन्मुखी शिक्षा'' का विचार पेश किया था। मोदी ने कहा, ''देश की निःस्वार्थ सेवा और राष्ट्र निर्माण में उनके योगदान को हमेशा याद किया जाएगा। मैं डॉ. के. कस्तूरीरंगन को विनम्र भाव से श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं।'' मोदी ने कहा कि अप्रैल में आर्यभट्ट उपग्रह के प्रक्षेपण के 50 वर्ष पूरे हुए हैं। उन्होंने कहा, ''आज जब हम पीछे मुड़कर देखते हैं, 50 वर्ष की इस यात्रा को याद करते हैं तो लगता है कि हमने कितनी लंबी दूरी तय की है। अंतरिक्ष में भारत के सपनों की ये उड़ान एक समय केवल हौसलों से शुरू हुई थी। राष्ट्र के लिए कुछ कर गुजरने का जज्बा पाले कुछ युवा वैज्ञानिकों के पास न तो आज जैसे आधुनिक संसाधन थे, न ही दुनिया की प्रौद्योगिकी तक वैसी पहुंच थी, अगर कुछ था तो वह था- प्रतिभा, लगन, मेहनत और देश के लिए कुछ करने का जज्बा।'' मोदी ने कहा, ''अहम उपकरणों को बैलगाड़ियों और साइकिल पर रखकर खुद लेकर जाते हमारे वैज्ञानिकों की तस्वीरों को आपने भी देखा होगा। उसी लगन और राष्ट्र सेवा की भावना का नतीजा है कि आज इतना कुछ बदल गया है।'' उन्होंने कहा कि आज अंतरिक्ष क्षेत्र में भारत एक वैश्विक शक्ति बन चुका है। प्रधानमंत्री ने कहा, ''हमने एक साथ 104 उपग्रहों का प्रक्षेपण करके रिकॉर्ड बनाया है। हम चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर पहुंचने वाला पहला देश बने हैं। भारत ने 'मार्स ऑर्बिटर मिशन' (मंगलयान) का प्रक्षेपण किया और हम आदित्य – एल1 मिशन के जरिए सूरज के काफी करीब तक पहुंचे हैं।'' मोदी ने कहा कि आज भारत पूरी दुनिया में सर्वाधिक किफायती तथा सफल अंतरिक्ष कार्यक्रम का नेतृत्व कर रहा है।

मानसून सत्र में पेश होगा बीमा विधेयक

# बीमा में 100% एफडीआई 2047 तक सभी को बीमा



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सरकार बीमा संशोधन विधेयक को संसद के आगामी मानसून सत्र में पेश कर सकती है। इसमें इंश्योरेंस सेक्टर में 100 फीसदी एफडीआई का प्रस्ताव है। बताया जा रहा कि विधेयक का मसौदा तैयार है और इसे जल्द ही मंजूरी के लिए मंत्रिमंडल के सामने रखा जाएगा। उन्होंने कहा कि मंत्रिमंडल की मंजूरी के बाद वित्त मंत्रालय के तहत वित्तीय सेवा विभाग विधेयक को संसद में पेश करने की प्रक्रिया शुरू करेगा। मानसून सत्र आमतौर पर जुलाई में शुरू होता है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने इस साल के बजट भाषण में यह प्रस्ताव रखा था। उन्होंने कहा कि यह बढ़ी हुई सीमा उन कंपनियों के लिए होगी, जो भारत में पूरा प्रीमियम निवेश करती हैं। वित्त मंत्रालय ने बीमा अधिनियम, 1938 के विभिन्न प्रावधानों में संशोधन करने का प्रस्ताव दिया है, जिसमें बीमा क्षेत्र में एफडीआई को बढ़ाकर 100 प्रतिशत करना, चुकता पूंजी में कमी और समग्र लाइसेंस का प्रावधान शामिल है।

### समग्र लाइसेंस का भी प्रावधान होगा

सरकार 2047 तक 'सभी के लिए बीमा' के लक्ष्य पाना चाहती है। इस विधेयक में समग्र लाइसेंस का भी प्रावधान आ सकता है। इससे कंपनियों को भी फायदा होगा। अभी बीमा अधिनियम, 1938 के प्रावधानों के अनुसार, जीवन बीमा कंपनियां केवल जीवन बीमा कवर ही दे सकती हैं। साधारण बीमा कंपनियां स्वास्थ्य, मोटर, आग लगने जैसे गैर-बीमा उत्पाद दे सकती हैं। इरडा बीमा कंपनियों के लिए समग्र लाइसेंसिंग की अनुमति नहीं देता है। ऐसे में एक बीमा कंपनी एक इकाई के रूप में जीवन और गैर-जीवन, दोनों उत्पाद नहीं दे सकती है।

### कांग्रेस ने की विशेष सत्र की मांग!

पहलगाम में हुए आतंकी हमले को लेकर कांग्रेस संसद का एक विशेष सत्र बुलाने की मांग कर रही है। इसके लिए कांग्रेस ने अन्य विपक्षी दलों से भी संपर्क किया है। कांग्रेस द्वारा पत्र का मसौदा तैयार किया जा रहा है और पार्टी नेतृत्व इस मामले पर अन्य विपक्षी नेताओं से विचार-विमर्श कर रहा है। बताया जा रहा है कि यह पत्र जल्द ही भेजे जाने की संभावना है।

## पटना समेत बिहार के 6 जिलों में रेड अलर्ट



### वज्रपात, ओलावृष्टि की चेतावनी
### बारिश शुरू

पटना। राजधानी पटना समेत बिहार के 6 जिलों में अगले कुछ घंटों में वज्रपात, ओलावृष्टि और बारिश के साथ तेज हवा चलने की प्रबल संभावना जताई गई है। मौसम विभाग ने सारण,वैशाली, पटना, भोजपुर, अरवल और जहानाबाद में रेड अलर्ट जारी किया है। जहानाबाद और अरवल जिले में तो आंधी और बारिश शुरू भी हो गई है।

## सिब्बल ने की तारीफ- सीजेआई को कहीं हारने की आदत नहीं

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत के मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना और सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष कपिल सिब्बल ने दिल्ली के मॉडर्न स्कूल क्रिकेट ग्राउंड में सीजेआई-11 और एससीबीए-11 के बीच क्रिकेट मैच में हिस्सा लिया। इस दौरान सिब्बल ने सीजेआई संजीव खन्ना की तारीफ की। उन्होंने कहा किसीजेआई को हारने की आदत नहीं है। सिब्बल ने कहा कि चीफ जस्टिस जब आए तो टॉस हुआ तो उन्होंने जीता। वे बेंच पर भी बैठकर जीतते हैं। यहां भी क्रिकेट में भी जीतते हैं। हमारी कोशिश है कि यहां पर तो उनको हराया जाए, लेकिन मुझे बहुत ही मुश्किल लगता है। उनकी टीम बड़ी मजबूत है। सीजेआई ने बड़े-बड़े प्लेयर उधार भी लिए हुए हैं, जो सुप्रीम कोर्ट के जज नहीं हैं।

# किसान सिर्फ उत्पादक होने के ऊपर उठें और अब समृद्धि की ओर आगे बढ़ें

**चेन्नई (एजेंसी)।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ इस समय 2 दिनी तमिलनाडु के दौरे पर हैं। यहां रविवार को वे तमिलनाडु कृषि विश्वविद्यालय (टीएनएयू) में एक व्याख्यान समारोह में शामिल हुए। इस दौरान धनखड़ ने कहा कि अब किसानों को सिर्फ उत्पादक होने से ऊपर उठना होगा। उन्होंने यह भी कहा कि राष्ट्रीय कृषि एजेंडे के लिए खाद्य सुरक्षा से किसान समृद्धि की ओर बढ़ने का समय आ गया है। इस कार्यक्रम में राज्यपाल आरएन रवि और टीएनएयू के अधिकारी मौजूद थे।

### भारत में 46 प्रतिशत आबादी कृषि से जुड़ी

टीएनएयू में 'विकसित भारत के लिए कृषि-शिक्षा, नवाचार और उद्यमिता को बढ़ावा देना' विषय पर छात्रों और अन्य लोगों को संबोधित करते हुए धनखड़ ने कहा कि भारत में 46 प्रतिशत आबादी कृषि से जुड़ी हुई है।

गोयल ने म्यूचुअल फंड मैनेजरों व वित्तीय सलाहकारों को किया संबोधित

# मुद्रा भंडार, तेज विकास दर से भारत में निवेश बढ़ रहा

## वाणिज्य और उद्योग मंत्री बोले-देश वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाओं में एकीकृत हो गया

### विदेशी मुद्रा भंडार बढ़कर 6 माह में उच्चतम स्तर पर पहुंचा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने रविवार को कहा कि भारत का मजबूत विदेशी भंडार और दुनिया में सबसे तेजी से बढ़ती हुई जीडीपी घरेलू और अंतरराष्ट्रीय दोनों प्रकार के निवेश को आकर्षित कर रही है। दिल्ली में म्यूचुअल फंड मैनेजरों और वित्तीय सलाहकारों के कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री ने कह कि भारत की ग्रोथ स्टोरी सुरक्षित, संरक्षित और स्थिर है। उन्होंने कहा कि मेक इन इंडिया जैसे इनिशिएटिव्स के माध्यम से हमारा देश अपनी प्रतिस्पर्धी शक्तियों और बढ़ती मैन्युफैक्चरिंग क्षमताओं के दम पर वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाओं में एकीकृत हो गया है।



गोयल का बयान ऐसे समय पर आया है, जब देश का विदेशी मुद्रा भंडार बढ़कर छह महीने के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया है। भारतीय रिजर्व बैंक के डेटा के अनुसार 18 अप्रैल को समाप्त हुए हफ्ते में देश का विदेशी मुद्रा भंडार 8.3 अरब डॉलर बढ़कर 6 महीने के उच्चतम स्तर 686.15 अरब डॉलर पर पहुंच गया है। बीते 6 हफ्तों में देश के विदेशी मुद्रा भंडार में 39.2 अरब डॉलर का इजाफा हुआ है।

### विदेशी मुद्रा भंडार में वृद्धि से रुपया मजबूत

देश के विदेशी मुद्रा भंडार में मजबूती से अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपए को मजबूती मिलती है, जो अर्थव्यवस्था के लिए अच्छा है। विदेशी मुद्रा भंडार में हाल ही में हुई वृद्धि से रुपया भी मजबूत हुआ है। पिछले सप्ताह जारी आईएमएफ की रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था बना है।


## डिमांड नोटिस

प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमों, 2002 (उक्त नियमों) के नियम 3 (1) के साथ पठित प्रतिभूति हित अधिनियम, 2002 (उक्त एक्ट) के प्रवर्तन और वित्तीय परिसम्पत्तियों के प्रत्याभूतिकरण और पुनर्निर्माण की धारा 13 (2) के तहत। उक्त नियमों के नियम 3 के साथ पठित उक्त अधिनियम की धारा 13 (12) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुये, आईआईएफएल होम फाइनेंस लि. (आईआईएफएल एचएफएल) (पूर्व में इंडिया इंफोलाइन हाउसिंग फाइनेंस लि. के रूप में जानी जाती) के प्राधिकृत अधिकारी ने उक्त अधिनियम की धारा 13 (2) के तहत डिमांड नोटिस जारी किये, जिनमें उनको जारी किये गये सम्बन्धित डिमांड नोटिस(ों) में वर्णित राशि का पुनर्भुगतान करने के लिये कर्जदार(ों) का आह्वान किया गया। उपरोक्त के सम्बन्ध में, डिमांड नोटिस की तिथि(यों) से भुगतान की तिथि तक आगे के ब्याज सहित यहां नीचे इंगित राशियों का भुगतान इस सूचना के प्रकाशन से 60 दिन के अंदर करने के लिये कर्जदार(ों) को एक बार फिर एतद द्वारा सूचना दी जाती है। कर्जदार(ों) का विवरण, **डिमांड नोटिस की तिथि** के अनुसार देय राशि और ऋण राशि के पुनर्भुगतान के तहत प्रस्तावित प्रतिभूति निम्नानुसार हैं :-

| कर्जदार(ों)/ गारंटर(ों) के नाम | डिमांड नोटिस तिथि और राशि | प्रत्याभूत परिसम्पत्ति (अचल सम्पत्ति) का वर्णन |
|---|---|---|
| श्रीमती सुदेश, श्री बंती, सुदेश डेयरी (प्रोस्पेक्ट नं. IL10427522) | 22/04/202, रु. 661769/- (रुपये छह लाख इकसठ हजार सात सौ उनहत्तर केवल) | गांव पेगां, तहसील अलेवा जिला जीन्द, हरियाणा 126102 में स्थित खेवट नं. 522, खाता नं. 660 से 662 में से सम्पत्ति वाली सम्पत्ति के सभी भाग व हिस्से। क्षेत्रफल माप (वर्गफुट में) : सम्पत्ति टाइप : Land_Area, Built_Up_Area, Carpet_Area सम्पत्ति क्षेत्रफल : 648.00, 1296.00, 1037.00. |
| श्री सुरेश कुमार, मै. सुरेश आटा चक्की, श्रीमती सत्या देवी, (प्रोस्पेक्ट नं. 985170) | 22/04/2025, रु. 823880/- (रुपये आठ लाख तेईस हजार आठ सौ अस्सी केवल) | आबादी मौली, तहसील बरवाला व जिला पंचकूला में स्थित सम्पत्ति आईडी नं. 57156W00M1000RR597A वाली सम्पत्ति के सभी भाग व हिस्से। क्षेत्रफल माप (वर्गफुट में) : सम्पत्ति टाइप : Land_Area, Built_Up_Area, Carpet_Area सम्पत्ति क्षेत्रफल : 981.00, 984.00, 837.10. |
| श्री मनीष कुमार, श्री मिहान सिंह, श्रीमती महेन्द्रो मियासिंह, मनीष कुमार दरिया फार्म (प्रोस्पेक्ट नं. IL10422158) | 23/04/2025 रु. 2166045/- (रुपये इक्कीस लाख छियासठ हजार पैंतालीस केवल) | खेवट नं. 544, खाता नं. 615, किल्ला नं. 305 (3-0), कित्ते-1, गांव फ्रैन कलां, तहसील नरवाना, जिला जीन्द 126102 में निहित सम्पत्ति वाली सम्पत्ति के सभी भाग व हिस्से। क्षेत्रफल माप (वर्गफुट में) : सम्पत्ति टाइप : Land_Area, Built_Up_Area, Carpet_Area सम्पत्ति क्षेत्रफल : 2286.00, 3380.40, 2873.3. |
| श्री राजेश कुमार, श्रीमती जीतो, जीतो जनरल स्टोर, राजेश डेयरी (प्रोस्पेक्ट नं. IL10429223) | 22/04/2025, रु. 776576/- (रुपये सात लाख छिहत्तर हजार पांच सौ छिहत्तर केवल) | गांव कुराड़, तहसील कलायत, जिला कैथल, हरियाणा 136117, भारत में स्थित खसरा नं. 316/3 (0-3) में निहित खेवट / खाता नं. 820/917 में से सम्पत्ति वाली सम्पत्ति के सभी भाग व हिस्से। क्षेत्रफल माप (वर्गफुट में) : सम्पत्ति टाइप : Land_Area, Built_Up_Area, Carpet_Area सम्पत्ति क्षेत्रफल : 544.00, 924.00, 338.00. |
| आर. बलिन्दर श्रीमती सुनीता, बलिन्दर बैग शॉप (प्रोस्पेक्ट नं. IL10478510) | 22/04/2025, रु. 856638/- (रुपये आठ लाख छप्पन हजार छह सौ अड़तीस केवल) | गांव मुंड, तहसील असंध, जिला करनाल, हरियाणा 132039 में स्थित सम्पत्ति यू.आई.डी. नं. 593520370 वाली सम्पत्ति के सभी भाग व हिस्से। क्षेत्रफल माप (वर्गफुट में) : सम्पत्ति टाइप : Land_Area, Built_Up_Area, Carpet_Area सम्पत्ति क्षेत्रफल : 749.00, 734.00, 587.00. |
| श्री अनिल शर्मा, अनिल शर्मा मिल्क डेयरी, श्रीमती ममतेश (प्रोस्पेक्ट नं. IL10587605) | 22/04/2025, रु. 689106/- (रुपये छह लाख नवासी हजार एक सौ छह केवल) | गांव अमिन, तहसील थानेसर, जिला कुरुक्षेत्र, हरियाणा-136038 के लाल डोरा में स्थित यू.आई.डी. नं. 584840S00MOS10RL1319A सहित प्लॉट/मकान वाली सम्पत्ति के सभी भाग व हिस्से। क्षेत्रफल माप (वर्गफुट में) : सम्पत्ति टाइप : Land_Area, Built_Up_Area, Carpet_Area सम्पत्ति क्षेत्रफल : 1036.00, 975.00, 780.00. |
| श्री रविन्दर कुमार, श्री मियां राम, श्रीमती करेसनी, मिया मिल्क डेयरी, रविन्दर ट्रैक्टर सर्विसेज (प्रोस्पेक्ट नं. IL10626644) | 22/04/2025 रु. 694948/- (रुपये छह लाख चौरानवे हजार नौ सौ अड़तालीस केवल) | गांव बट्टा, तहसील कलायत, जिला कैथल, हरियाणा 136027 में स्थित खेवट नं. 1345, खतौनी नं. 1566, किल्ते नं. 11 हदबस्त नं. 1 में से सम्पत्ति वाली सम्पत्ति के सभी भाग व हिस्से। क्षेत्रफल माप (वर्गफुट में) : सम्पत्ति टाइप : Land_Area, Built_Up_Area, Carpet_Area सम्पत्ति क्षेत्रफल : 5445.00, 1497.00, 1197.00 |
| श्री राकेश, श्रीमती शालू, राकेश टाइल्स मिस्त्री (प्रोस्पेक्ट नं. IL10667927) | 16/04/2025 रु. 1599680/- (रुपये पन्द्रह लाख निन्यानवे हजार छह सौ अस्सी केवल) | देशराज कॉलोनी, पानीपत, हरियाणा 132103, भारत में स्थित खेवट नं. 950-951, खतौनी नंबर 1319/1320, खसरा नंबर 5313(25), 5314(2-17), 55315(1-4), 5316(2-8), 5317(0-6), 5352/1(3-12), 5353(8-8), 5355/2(4-9) वाली संपत्ति के सभी भाग व हिस्से। क्षेत्रफल माप (वर्गफुट में) : सम्पत्ति टाइप : Land_Area, Built_Up_Area, Carpet_Area सम्पत्ति क्षेत्रफल : 675.00, 607.00, 486.00. |
| श्रीमती मुकेश, श्री नितिश कुमार, मुकेश मिल्क डेयरी (प्रोस्पेक्ट नं. IL10678613) | 16/04/2025, रु. 811760/- (रुपये आठ लाख ग्यारह हजार सात सौ साठ केवल) | गांव रिंधवाल, तहसील नरवाना, जिला जीन्द, हरियाणा 126116 में स्थित खेवट नं. 252, खतौनी नं. 277, में निहित सम्पत्ति वाली सम्पत्ति के सभी भाग व हिस्से। क्षेत्रफल माप (वर्गफुट में) : सम्पत्ति टाइप : Land_Area, Built_Up_Area, Carpet_Area सम्पत्ति क्षेत्रफल : 3212.00, 1518.00, 1214.00. |

यदि उक्त कर्जदार उपरोक्त अनुसार आईआईएफएल एचएफएल को भुगतान करने में विफल रहते हैं, आईआईएफएल एचएफएल उक्त अधिनियम की धारा 13 (4) और लागू योग्य नियमों के तहत पूर्णतवा कर्जदारों के जोखिम, लागत और परिणामों पर उपरोक्त प्रत्याभूत परिसम्पत्तियों के विरुद्ध कार्यवाही कर सकता है। अधिक विवरण हेतु कृपया प्राधिकृत अधिकारी से **शाखा कार्यालय : करनाल एससीओ-408, जीएफ, मुगल कैनाल, करनाल, हरियाणा** 132001 / 1176/3, **प्रथम तल, नवल सिनेमा के सामने, जी.टी. रोड, पानीपत**-132103 अथवा **कॉर्पोरेट कार्यालय** : आईआईएफएल टावर, प्लॉट नं. 98, उद्योग विहार, फेज-IV, गुड़गांव, हरियाणा में सम्पर्क करें।

स्थान : हरियाणा दिनांक : 28.04.2025 — हस्ता/- प्राधिकृत अधिकारी, कृते आईआईएफएल होम फाइनेंस लि.


हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक देवेन्द्र सिंह द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड़, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 से प्रकाशित। संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। RNI No. 63924/1996, फोन : 9253681019-20, फैक्स : 274202, e-mail : rohtak@haribhoomi.com, rohtakharibhoomi@gmail.com
Postal Regd. No. P/RTK/389/2023-25

भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़े तनाव पर रख रहे नजर

# पहलगाम हमले के बाद लिया बड़ा फैसला: ब्रिक्स की अहम बैठक में शामिल नहीं होंगे विदेश मंत्री और एनएसए डोभाल

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

पहलगाम आतंकवादी हमलों के बाद पाकिस्तान के साथ तनाव बढ़ने के कारण विदेश मंत्री एस जयशंकर एवं एनएसए अजीत डोभाल अगले हफ्ते होने वाली ब्रिक्स एनएसए और विदेश मंत्रियों की बैठक में शामिल नहीं होंगे। इस बैठक 30 अप्रैल को ब्राजील में होगी। रिपोर्ट के अनुसार, इस बैठक में अजीत डोभाल की जगह डिप्टी एनएसए पवन कपूर भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे। ब्रिक्स एनएसए बैठक में सीमा पार आतंकवाद के साथ-साथ दूसरे अंतरराष्ट्रीय सुरक्षा मुद्दों पर भी चर्चा होगी। सूत्रों ने बताया कि सीमा पार आतंकवाद, आतंकियों को मिलने वाली फंडिंग और उनके नेटवर्क को खत्म करना इस बैठक के सबसे अहम मुद्दों में शामिल रहेगा।

पहलगाम के बैसरन घाटी में 22 अप्रैल को हुए इस आतंकी हमले में ज्यादातर पर्यटकों सहित 26 लोगों की मौत हो गई थी। इस हमले के बाद से सुरक्षाबलों ने आतंकियों और उनके ठिकानों के खिलाफ सख्त अभियान शुरू कर दिया है। भारत सरकार ने स्पष्ट किया है कि सुरक्षा के नजरिए से ये फैसले लिए गए हैं।ब्राजील में होने वाली ब्रिक्स बैठक में 11 सदस्य देशों के विदेश मंत्री और राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार शामिल होंगे। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य जुलाई में होने वाले ब्रिक्स सम्मलेन के लिए एजेंडा तैयार करना और उसे अंतिम रूप देना है। बैठकों में एआई, क्लाइमेट फाइनेंस, क्रॉस बॉर्डर पेमेंट्स इनीशियेटिव और मल्टीलेटरल संस्थानों में सुधार जैसे मामलों पर चर्चा की जाएगी।

**ब्रिक्स की बैठक 30 अप्रैल को ब्राजील में होगी**





### ब्रिटिश विदेश मंत्री लैमी ने जयशंकर व पाक के उप प्रधानमंत्री डार से की बात

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने अपने ब्रिटिश समकक्ष डेविड लैमी के साथ हमले के तार 'सीमा पार' से जुड़े होने को लेकर चर्चा की। भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव के बीच जयशंकर और लैमी ने फोन पर बातचीत की। लैमी ने पाकिस्तान के उप प्रधानमंत्री इशाक डार से भी बात की और तनाव कम करने पर बल दिया।

### देश को मौत के मुंह में धकेला: मुनीर और भुट्टो ने अपने परिवार को विदेश भगाया





पाकिस्तान के सेना प्रमुख असीम मुनीर और पीपीपी के अध्यक्ष बिलावल भुट्टों को मौत का डर सता रहा है। इन नेताओं ने पाकिस्तान की जनता को मौत के मुंह में धकेलकर खुद के परिवारों को विदेश में शिफ्ट कर दिया है। खबर है कि मुनीर ने अपने परिवार को ब्रिटेन और न्यूजर्सी भेज दिया है। जबकि पीपीपी के अध्यक्ष बिलावल भुट्टो का परिवार पाकिस्तान छोड़ कनाडा भाग गया है।

### पाक सेना में लगी इस्तीफे की झड़ी, दो दिनों में 5 हजार जवानों ने नौकरी छोड़ी

एलओसी पर भारत व पाक सेना के बीच बढ़ते तनाव से पाक सेना के जवान व अधिकारी अपनी जान बचाने के लिए इस्तीफे पर इस्तीफा दे रहे है। अधिकतर जवान व अधिकारी परिवार वालों के दबाव में आकर नौकरी छोड़ रहे है और कुछ मौत के डर से। पिछले दो दिनों में पाक सेना के पांच हजार के करीब जवान व अधिकारी अपने अपने पदों से इस्तीफा देकर अपने घरों को लौट चुके है और कई जवान व अधिकारी इस्तीफा देने की पूरी तैयारी कर चुके है। जिसके बाद से पाक सेना में हड़कंप सा मच चुका है। पाक सेना के उच्च अधिकारी लगातार पाक सेना प्रमुख को पत्र लिख रहे है और कहा रहे है कि इस्तीफे के सिलसिले को बंद करवाए अगर ऐसा नहीं हुआ तो हमारे जवानों का मनोबल पूरी तरह से गिर जाएगा जिसके बाद हम कुछ भी नहीं कर पाएंगे।

### बिलावल की निकली हेकड़ी, बोले- बातचीत से समाधान होगा

पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी के नेता बिलावल भुट्टो जरदारी के बयान के बाद भारत में एक बड़ा उबाल आ गया है। भुट्टो के बयान पर भारत ने कड़ा ऐतराज जताया है और इसकी कड़ी निंदा की है। अब भुट्टो अपने बयान को लेकर बैकफुट पर आ गए हैं। उन्होंने दोनों देशों से विवादों के समाधान के लिए बातचीत का सहारा लेने का आग्रह किया है। एक निजी चैनल को दिए गए साक्षात्कार में पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी के नेता बिलावल भुट्टो जरदारी ने कहा कि पाकिस्तान और भारत को आपस में बातचीत कर के समाधान निकालना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि पाकिस्तान ने भारत के साथ बातचीत करने की पेशकश की थी, लेकिन भारत ने इसको अस्वीकार कर दिया। गौरतलब है कि पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद पीपीपी नेता ने सिंध प्रांत में एक रैली के दौरान कहा था कि सिंधु हमारा है और हमेशा हमारा रहेगा या तो हमारा पानी इसमें बहेगा या उनका (भारतीयों का) खून बहेगा।

दहशत

परमाणु हमले की दी धमकी


### हमले के डर से पाकिस्तानी रेल मंत्री ने दी गीदड़भभकी



पाकिस्तान के रेल मंत्री मोहम्मद हनीफ अब्बासी ने खुलेआम भारत को परमाणु हमले की धमकी देकर तनाव बढ़ा दिया है। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद उन्होंने चेतावनी दी है कि घोरी, शाहीन और गजनवी मिसाइलों के साथ-साथ 130 परमाणु हथियार को केवल भारत के लिए रखा गया है। उन्होंने कहा कि हमारी मिसाइलें हमारे 130 परमाणु हथियार चौकों में सजाने के लिए नहीं है। वो भारत के लिए रखे गए हैं। अब्बासी की खुलेआम भारत पर परमाणु हमले की धमकी देने वाला वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है।

## दिल्ली में 5000 पाकिस्तानी नागरिकों की हुई पहचान, मिली लिस्ट, अब छोड़ना होगा भारत

आईबी ने राष्ट्रीय राजधानी में रह रहे करीब 5000 पाकिस्तानी नागरिकों की सूची दिल्ली पुलिस को सौंपी है, ताकि इन लोगों की घर वापसी सुनिश्चित की जा सके। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम जिले में पर्यटकों पर हुए हालिया आतंकवादी हमले के बाद केंद्र के हालिया निर्देश के मद्देनजर पाकिस्तानी नागरिकों के वीजा रद्द कर दिए गए हैं। विदेशी क्षेत्रीय पंजीकरण कार्यालय (एफआरआरओ) ने सूची को दिल्ली पुलिस की एक विशेष शाखा के साथ साझा किया है और इसे आगे के सत्यापन और पहचान के लिए संबंधित जिले के साथ भी साझा किया गया है। सूची में हिंदू पाकिस्तानी नागरिकों के नाम शामिल हैं।



### अभिनेता अतुल कुलकर्णी पहलगाम पहुंचे

पहलगाम की बैसरन घाटी में हुए आतंकवादी हमले के कारण पर्यटन के बुरी तरह से प्रभावित होने के बीच अभिनेता अतुल कुलकर्णी जम्मू-कश्मीर पहुंचे हैं और उन्होंने नागरिकों से बड़ी संख्या में केंद्र शासित प्रदेश की यात्रा करने की अपील की है। कुलकर्णी रविवार की सुबह श्रीनगर पहुंचे और सीधे पहलगाम पहुंचे।

### लोग धैर्य रखें, सरकार कर रही कार्रवाई : वीके सिंह

उज्जैन। मिजोरम के राज्यपाल जनरल वी के सिंह ने पहलगाम आतंकी हमले को लेकर रविवार को जनता से धैर्य रखने की अपील की और कहा कि सरकार कार्रवाई कर रही है। पूर्व केंद्रीय मंत्री और पूर्व सेना प्रमुख सिंह विक्रम विश्वविद्यालय में एक समारोह को संबोधित करने के लिए उज्जैन में थे।

### पाकिस्तान में सुरक्षा बलों ने टीटीपी के 54 आतंकियों को किया ढेर

*पेशावर।प्रतिबंधित संगठन तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) के 54 आतंकवादियों को अफगानिस्तान से पश्चिमोत्तर पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में घुसने की कोशिश के दौरान मार गिराया गया। पाक सेना की मीडिया इकाई ने यह जानकारी दी। 'इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस' (आईएसपीआर) के एक बयान के अनुसार, 25 और 26 अप्रैल तथा 26 और 27 अप्रैल की दरमियानी रात सुरक्षा बलों को उत्तरी वजीरिस्तान जिले के हसन खेल में आतंकवादियों के एक बड़े समूह की गतिविधियों का पता चला। बयान के अनुसार, सैनिकों ने 54 आतंकवादियों को मार गिराया।*

### कश्मीर: बडगाम में पीएसए के तहत आतंकी के दो सहयोगी हिरासत में

*श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर के बडगाम में आतंकवादियों के दो कट्टर सहयोगियों को कड़े जन सुरक्षा अधिनियम (पीएसए) के तहत हिरासत में लिया गया है। पुलिस ने बताया कि ये गिरफ्तारियां निरंतर प्रयासों और खुफिया जानकारी के आधार पर की गईं, जिसमें क्षेत्र में सक्रिय आतंकवादी संगठनों को सक्रिय समर्थन प्रदान करने में दोनों की संलिप्तता का संकेत मिला था। प्रवक्ता ने कहा, आतंकवाद के खिलाफ निर्णायक कदम उठाते हुए यह कार्रवाई की गई है।*

पहलगाम आतंकी हमले के बाद...

## केंद्र सरकार का एक और सख्त फैसला पाक हिंदुओं की चारधाम यात्रा पर रोक लगाई

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

पहलगाम में हुए हालिया आतंकी हमले के बाद केंद्र सरकार ने सुरक्षा कारणों का हवाला देते हुए पाकिस्तानी नागरिकों की चारधाम यात्रा पर रोक लगा दी है। सरकार के इस फैसले के बाद चारधाम यात्रा के लिए पंजीकरण करा चुके 77 पाकिस्तानी हिंदू श्रद्धालु अब यात्रा नहीं कर पाएंगे। गौर हो कि चारधाम यात्रा को लेकर श्रद्धालुओं में उत्साह देखने को मिल रहा है। अब तक कुल 21 लाख से अधिक लोगों ने पंजीकरण कराया है। विदेशों से भी 24,729 श्रद्धालुओं ने पंजीकरण कराया है। खास बात यह है कि इस यात्रा में शामिल होने के लिए पाकिस्तान से भी 77 श्रद्धालुओं ने अपना नाम दर्ज कराया था।

**पंजीकरण करा चुके 77 पाकिस्तानी हिंदू श्रद्धालु अब यात्रा नहीं कर पाएंगे**

**यात्रा में भाग लेने के लिए विदेशों से भी 24,729 श्रद्धालुओं ने पंजीकरण कराया**



### चारधाम यात्रा 30 अप्रैल से शुरू होगी

30 अप्रैल से उत्तराखंड में चारधाम यात्रा की शुरुआत होने जा रही है। यात्रा को लेकर प्रशासन की तैयारियां अंतिम चरण में हैं। हर साल की तरह इस बार भी बाबा केदारनाथ, बद्रीनाथ, गंगोत्री और यमुनोत्री धाम के दर्शन के लिए लाखों श्रद्धालुओं के पहुंचने का अनुमान है। यात्रा के दौरान केदारनाथ धाम के लिए हेली सेवाएं 2 मई से शुरू होंगी, जब धाम के कपाट खुलेंगे। उत्तराखंड सरकार ने इस बार कई नियम बनाए हैं।




Terms and Conditions apply. **Approval of the loan is at the sole discretion of the financiers, and additional documentation may be required. **The interest rates, down payment, and tenure options are based on the financier's assessment of the applicant's credit profile. **The offers/features may be modified or withdrawn at any time without prior intimation. #Cashback Offer available on selected models for EMI transactions made using IDFC FIRST Bank credit cards through Pine Labs machines only. #Customers can avail 5% Instant cashback, up to a maximum of ₹ 5000. #Valid on one transaction per card/order during the offer period. #The scheme is available in selected outlets only. *3 Years Free Service Maintenance Package is available only on Deluxe variant of Activa 110 and Activa 125. *For detailed Terms and Conditions of the 3-Year Free Service Maintenance Package worth ₹ 5500, kindly contact authorised main dealers and associate dealers. *Above scheme can be withdrawn at any time without prior intimation. All offers are valid until 30th April 2025. ^Limited period special price is for Activa 110cc Std OBD2B variant in Haryana State, for details on limited period special price kindly contact authorized main dealer and associate dealers. The features shown in the creative may not be available in all variants. Product shown in the picture may vary from actual product available in the market. Accessories shown in the picture are not part of standard equipment.

**Honda Motorcycle & Scooter India Pvt. Ltd., Registered Office:** Plot No. 1 , Sector - 03, IMT Manesar, Distt. Gurugram, (Haryana) - 122050, India; **Website:** www.honda2wheelersindia.com; **Customer Care:** customercare@honda.hmsi.in

**Honda Exclusive Authorized Dealerships: HARYANA: AMBALA CANTT:** Auto World Honda - 0171-2641189, 9996311223; **AMBALA CITY:** S.D. Honda - 9992244787, 9992827777; Samrithi Honda - 9053005600, 9053005610; **MAHESH NAGAR:** Auto World Honda - 9416680450, 7374002045; **NARAINGARH:** SD Honda - 8708886452; **BARARA:** Harmilap Honda - 8295422108, 9416195131; **SAHA:** Milan Honda - 08222000203, **JAGADHARI:** Shiv Shankar Honda - 9355320200, 9355320111; **BILASPUR:** Bakshi Honda - 9934390054; **BALLABGARH:** Kabir Honda - 9312655454; **GAUNCHI:** Kabir Honda - 5599396896; **BHIWANI:** MRM Honda - 9992888908, 9992888910; **CHARKHI DADRI:** MRM Honda - 9992888914, 9992888908; **BAWANI KHERA:** ASR Honda - 7056710107; **BADHRA:** SS Honda - 9991940444; **TOHANA:** Bharat Honda - 9728435800; **FARIDABAD:** Pick Up Honda - 9873875500; Regent Honda - 0129-4006142, 9899913146; Faridabad Honda - 9953547023, 8130515558; **GREATER FARIDABAD:** Pick up Honda - 9873820000; **FATEHABAD:** Manjhu Honda - 9992221831, 9992221836, 9992221837; **RATIA:** Avni Honda - 9466410724, 8168871488; **GURUGRAM:** Big Swing Honda - 9212168811, 9355990083, 9773548811; Ganpati Honda - 0124-4630500, 9910894235; Yume Honda - 0124-4577444, 9818250011, 9560380444; Malwa Gurugram Honda - 8595521151, 9311980996; **BADSHAHPUR GURUGRAM:** 9773548811; **KHANDSA ROAD GURUGRAM:** Malwa Gurugram Honda - 9289223507, 9289223502; **PALAM VIHAR GURUGRAM:** Ganpati Honda - 9910894234; **GURUGRAM RAILWAY ROAD:** Ganpati Honda - 0124-4423500, 9910894233; Yume Honda - 0124-4566999, 9650186777; **SEC- 52 GURUGRAM:** Yume Honda - 8130364222, 9266668820; **MANESAR:** Ganpati Honda - 9910894239; **SEC - 82 GURUGRAM:** Ganpati Honda - 9220309621, 9220309622; **PATAUDI:** Yume Honda - 8222840011; **HAYATPUR:** JSS Honda - 9992539657; **SOHNA:** Sohna Honda - 9812872333, 9813156539; **HISSAR:** Ashwani Honda - 9992220141, 9992220142; Malik Autos Honda - 9896648808, 8572888882; **HANSI:** Malik Autos Honda - 8572888818; **BARWALA:** Malik Autos Honda - 8572888814; **ADAMPUR:** Malik Autos Honda - 8572888822, 8572888813; **JHAJJAR:** Shree Shyam Honda - 9466511837, 8607200651; **BAHADURGARH:** Shri Balaji Honda - 9896297567, 7404533495; **JIND:** S.J Jind Honda - 9350984119, 9878318885; **NARWANA:** Shivam Honda - 9728090375, 9812318005; **KAITHAL:** Kaithal Honda - 9991825394, 9996025394; **CHEEKA:** Kaithal Honda - 9541021041; **PUNDRI:** Lakhan Pal Honda - 9416847289; **KARNAL:** Ess Kay Honda - 9053554321, 9992822555; Rahul Karnal Honda - 9813100005; **ASSANDH:** Raman Honda (Assandh) - 9896678058; **GHARAUNDHA:** Esskay Honda - 9812136979; **NISSING:** Royal Honda - 8930929000; **INDRI:** Kalra Honda - 9996909466; **KURUKSHETRA:** Arsh Honda - 8053444441, 7027044402; Singla Honda - 8930900011, 9467766711; **LADWA:** Deepak Honda - 9812077382; **PEHOWA:** Chirag Honda - 9812666668; **MAHENDERGARH:** White Feather Honda - 01285-220100, 9416574455; **NARNAUL:** BRS Honda - 8607862777,9050109779; **ATELI:** Shiva Honda - 8053782800; **KANINA:** Suraj Honda - 9466082883; **PALWAL:** Parashar Honda - 7056573100, 7056574100; **HODAL:** Mukund Honda - 8814003484, 8053339555; **PANIPAT:** L.K. Honda - 7876767800; Malik Honda - 9382938293; **MADLOUDA:** Puneet Honda - 8813050100; **MODEL TOWN (Panipat):** L.K. Honda - 8059900603; **SAMALKHA:** L.K. Honda - 8059900602; **PANCHKULA:** Joshi Honda - 0172-5057300, 9915495288, 8288007858; **BARWALA PANCHKULA:** Aviate Honda - 8199994719; **PINJORE:** Sukhija Honda - 8950222250; **REWARI:** Shree Honda - 9215059220; **REWARI BYEPASS:** Shree Honda - 9416662018; **BAWAL:** Avtar Honda - 9729130036; **NUH:** Sri Madhav Honda - 9050276139; **DHARUHERA:** Shree Honda - 8689065800; **KOSLI:** Dev Honda - 9996772999; **PALHAWAS:** Krishna Honda - 9992186137; **ROHTAK:** Lohchab Honda - 8684888803, 8684888804; Shri Krishna Honda - 8930303243, 9896655630; **SAMPLA:** Rama Honda - 8684840808, 8684840505; **MAHAM:** RS Honda - 9218092190; **SIRSA:** Decent Honda - 9996020993, 9896488013, 9996120990; **ELLENABAD:** R S Honda - 9053442078, 9729542078; **DABWALI:** Decent Honda - 9996688044, 9215720991; **SONEPAT:** Triumph Honda - 0130-2237002, 9254015907; **CHOTU RAM CHOWK(SONEPAT):** Triumph Honda - 9254015901; **GANNAUR:** Triumph Honda - 9254015908; **GOHANA:** Shirin Honda - 8222999406, 8222999408; **KHARKHODA:** Ashirwad Honda - 9017190979; **KUNDLI:** Triumph Honda - 9254015904; **BAHALGARH:** Triumph Honda - 9034015921; **YAMUNANAGAR:** Sai Honda - 01732-261420, 9215593704, 9034051285; **ITI CHOWK:** Sai Honda - 8950374020, 9065555525; **RADAUR:** Ganpati Honda - 9896665666, 9034290452; **SADHOURA:** Shree Ganpati Honda - 8901286307. **CHANDIGARH:** Krishna Honda - 0172-5000000, 0172-5041052, 9855146632, 9888601876; Platinum Honda - 9855155999, 9216757444, 9216792163; **PANCHKULA:** Joshi Honda - 0172-5057300, 9915495288, 8288007858; **BARWALA:** Aviate Honda - 8199994719; **DERABASSI:** Satkar Honda - 8566024511, 8566024513; **MANIMAZRA:** Krishna Honda - 0172-5005758, 8427190632, 9646744346; **PINJORE:** Sukhija Honda - 8950222250; **ZIRAKPUR:** Platinum Honda - 8725050051, 8725050052, 8725050060; **MOHALI:** Batra Honda - 7087215231, 7087215237; Platinum Honda - 7374071740, 7719619990; **MULLANPUR:** Platinum Honda - 8725085001; **KHARAR:** Batra Honda - 9056709831; **KURALI:** Batra Honda - 9056709833; **BULLOWAL:** Bedi Honda - 8283000673.

**For Bulk/Institutional enquiries, please write us at: institutionalsales@honda.hmsi.in**